सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 20 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 313, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 513 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 .45 अंक की बढ़त के साथ 85,186 .47 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत बन रहा जैविक खेती का वैश्विक केंद्र : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है। } 16

# 11 दिन की हिरासत में अनमोल बिश्नोई

## 2022 से अमेरिका में था आरोपी, बाबा सिददीकी हत्याकांड में हुई कार्रवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एवं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को बुधवार को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के उपरांत गिरफ्तार किये गये अनमोल को शाम करीब पांच बजे पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। संघीय एजेंसी ने अनमोल को विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के समक्ष पेश कर उसे 15 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया, जिस पर अदालत ने अनमोल को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। अदालत के



बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) राहुल त्यागी ने कहा कि आरोपी को एनआईए हिरासत पूरी होने के बाद फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। लोक अभियोजक ने कहा, वह (अनमोल) आतंकवादी-गैंगस्टर सिंडिकेट का एक बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य है। उसके पास कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी है।

उन्होंने कहा कि एनआईए ने इस सिंडिकेट के काम करने के तौर-तरीके, धन के स्रोत, अन्य लोगों की संलिप्तता और सिंडिकेट की गतिविधियों का पता लगाने के आधार पर अनमोल को एजेंसी की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया था। लोक अभियोजक ने कहा हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह भारत से कैसे भागा। अदालत परिसर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मीडियाकर्मियों को अदालती कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति नहीं थी। राकांपा के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी गायक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी ने की मेरठ, कानपुर व मथुरा विकास कार्ययोजना की समीक्षा

## परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी बनायी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शहरों का स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाइपास को लखनऊग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तीनों मंडलों के



मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। बयान के मुताबिक, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## किसानों के सम्मान के लिए कार्य कर रही सरकार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का उपहार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयम्बटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। इससे उत्तर प्रदेश के भी 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसानों के सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्यरत है। आज इसी श्रृंखला ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## भारतीय सेना को मिलेगी नयी तरह की वर्दी

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने तीन परत वाली नयी तरह की वर्दी के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार हासिल कर लिया है। यह सैनिकों के शरीर को विभिन्न जलवायु परिस्थितयों में सुरक्षित रखने के साथ-साथ उनकी सैन्य गतिविधियों के भी अनुकूल है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि न्यू कोट कॉम्बैट को आर्मी डिजाइन ब्यूरो के तत्वावधान में एक परामर्श परियोजना के रूप में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), दिल्ली द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। एक बयान के अनुसार, नयी तरह की वर्दी (डिजिटल प्रिंट) सेना के आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और सैनिकों को आरामदेह वर्दी प्रदान करने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने बताया कि तीन-परत वाली इस वर्दी में उन्नत तकनीकी वस्त्रों का उपयोग किया गया है तथा इसमें एर्गोनोमिक डिजाइन है, जिसे विभिन्न जलवायु और सामरिक स्थितियों में सहजता, गतिशीलता और संचालन दक्षता में सुधार के लिए तैयार किया गया है।

## लखनऊ का गैंगस्टर सोहराब कोलकाता से गिरफ्तार

लखनऊ। तिहाड़ जेल में बंद रहे लखनऊ के गैंगस्टर सोहराब को दिल्ली पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। बीते जून महीने में सोहराब पत्नी की बीमारी के लिए मिली पैरोल तोड़कर फरार हो गया था, तभी से दिल्ली पुलिस की टीम सोहराब की तलाश में थी. सोहराब कोलकाता में टैक्सी ड्राइवर बनकर रह रहा था। आपको बता दें कि 20 साल पहले साल 2005 में ईद के दिन अपने दुश्मनों को मारने से पहले लखनऊ के तत्कालीन एसएसपी को चैलेंज कर ट्रिपल मर्डर करने वाले किलर ब्रदर्स- सलीम रुस्तम और सोहराब कुख्यात हैं। सलीम रुस्तम पहले से तिहाड़ जेल में बंद है लेकिन सोहराब बीती 26 जून को पत्नी की बीमारी का हवाला देकर पैरोल पर रिहा किया गया था।

# नीतीश आज 10वीं बार लेंगे सीएम पद की शपथ

## ❍ गांधी मैदान में होगा शपथ-ग्रहण समारोह ❍ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह होंगे शामिल

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायकों का समर्थन पत्र देकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार करते हुए नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की और उनसे कार्यकारी मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया। नीतीश भाजपा नेता सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के साथ राज्यपाल से मिलने पहुंचे। गठबंधन नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि राजग के पास बहुमत का समर्थन है, इसलिए उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया जाए। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई शीर्ष नेता बृहस्पतिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होने वाले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को दसवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे, और इसके लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



सूत्रों के अनुसार, कई केंद्रीय मंत्री और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर गांधी मैदान और उसके आसपास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। आम जनता का प्रवेश 20 नवंबर तक पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर गांधी मैदान के आसपास के कई सड़कों पर यातायात के लिए मार्ग परिवर्तित भी किया गया है। राज्य कार्यवाहक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान उनके साथ कई निवर्तमान मंत्री और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत भी मौजूद थे। इससे पहले राजग विधायक दल की बैठक में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। विधानमंडल के सेंट्रल हाल में आयोजित बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने किया। इसके साथ ही नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता औपचारिक रूप से साफ हो गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 75 वर्षीय नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले राजग के प्रमुख घटक दलों ने बुधवार को अपने-अपने विधायक दल के नेताओं को चुना। जदयू के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना। जदयू की बैठक पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर के संवाद में आयोजित की गई, जिसमें सभी नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी से विधान परिषद के 22 सदस्य मौजूद थे। जदयू नेता एवं राज्य के निवर्तमान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा नवनिर्वाचित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संभल में हरिहर सेना की प्रस्तावित पदयात्रा स्थगित

संभल (उप्र)। संभल जिले में कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरि ने बुधवार को होने वाली हरिहर सेना की प्रस्तावित पदयात्रा को स्थगित कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि अब यह यात्रा अगले साल 19 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

हरिहर सेना के संरक्षक गिरि ने कैला देवी धाम में श्रद्धालुओं व संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारियों के आश्वासन और मामले से संबंधित अदालती कार्यवाही को देखते हुए उन्होंने यात्रा स्थगित करके उसे अगले साल 19 नवंबर को करने का निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन और पुलिस ने पदयात्रा को नहीं रोका बल्कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में इस यात्रा के लिये उचित समय निर्धारित किया जाएगा। गिरि ने मंदिर परिसर में एक सभा के दौरान माइक पर कथित रूप से संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया के फोन कॉल की रिकॉर्डिंग भी सुनायी जिसमें उन्होंने श्रद्धालुओं से पुलिस का सहयोग करने और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुठभेड़ के दौरान सात माओवादी ढेर

## कई जिलों में कार्रवाई कर 50 माओवादियों को किया गिरफ्तार




एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मारेडुमिल्ली में छह माओवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद बुधवार को आसपास के क्षेत्र में हुई एक अन्य मुठभेड़ में सात और माओवादी मारे गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर आंध्र प्रदेश पुलिस और खुफिया विभाग ने खुफिया-आधारित एक समन्वित अभियान के तहत पांच जिलों से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी, खुफिया) महेश चंद्र लड्ढा ने विजयवाड़ा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा हिडमा के मारे जाने के बाद, हमने पांच जिलों में खुफिया जानकारी पर आधारित एक समन्वित अभियान चलाया और भाकपा (माओवादी) के 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। खुफिया एडीजी महेश चंद्र लड्ढा ने संवाददाता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रूस में दो नये भारतीय दूतावासों का उद्घाटन

मॉस्को। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को रूस में दो नए भारतीय वाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया और कहा कि इनकी स्थापना से दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।

रूस में अपनी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार करते हुए, भारत ने येकातेरिनबर्ग और कजान शहरों में नए महावाणिज्य दूतावास खोले हैं। उद्घाटन समारोह में रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको और रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार भी उपस्थित थे। जयशंकर ने कहा रूसी संघ में भारत के राजनयिक इतिहास में यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। जयशंकर ने उन दिनों का भी जिक्र किया जब उन्होंने मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में राजनयिक पदों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखण्ड को निखारने में मदद करें युवा

## डिजिटल दुनिया सूचना प्रसारण की सबसे तेज व प्रभावी शक्ति : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। दुनिया में सबसे तेज रफ्तार वाला सोशल मीडिया के डिजिटल क्रिएटर्स जिम्मेदारी के साथ काम करते हैं, तो एक पोस्ट भी उत्तराखंड की पहचान बदल सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया मंथन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नई ताकत बताते हुए कहा कि जिम्मेदार कंटेंट क्रिएटर उत्तराखंड की छवि निखारने, फेक नैरेटिव रोकने और सकारात्मक संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपनी रचनात्मकता और सकारात्मक कंटेंट के जरिये ब्रांड उत्तराखंड को देश-दुनिया को निखारने




में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल दुनिया आज सूचना प्रसारण की सबसे तेज, प्रभावी और व्यापक शक्ति बन चुकी है। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से राज्य के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक परंपराओं और जनकल्याणकारी उपलब्धियों को अधिकाधिक साझा करने की अपील की। सीएम ने कहा कि सोशल मीडिया वह मंच है ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ 478 विकास परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार (पृष्ठ-02)
❍ उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद के लिए मांगा आवेदन (पृष्ठ-02)
❍ सोना 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये (पृष्ठ-14)
❍ पीएसएस और एमआईएस प्रस्तावों को मंजूरी (पृष्ठ-14)
❍ रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 88.58 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** सरकार की नीतियों से यूपी में तेजी से बढ़ रहे उद्योग, लाखों युवाओं को मिला रोजगार

# वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियां, पारदर्शी प्रोत्साहन व्यवस्था, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल ने घरेलू व वैश्विक निवेशकों के बीच विश्वास को और मजबूत किया है।

पिछले आठ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक सशक्त औद्योगिक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है, जिसने ईज आफ डूइंग बिजनेस के मानकों को उल्लेखनीय रूप से बेहतर किया है। निवेश मित्र पोर्टल जैसे ऑनलाइन सिंगल विंडो सिस्टम ने निवेश अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाया है। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए



33 से अधिक क्षेत्र विशिष्ट नीतियां लागू की गई हैं। फ्लैगशिप औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, एफडीआई/एफसीआई नीति 2023 के साथ ही सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों की नीतियों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों के लिए विश्वसनीय और संभावनाओं से भरपूर गंतव्य बना दिया है। निवेश उपरांत प्रोत्साहनों को सरल और तेज बनाने के लिए प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है। वही एक उच्च-स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की ओर से हर महीने औसतन 10 लेटर ऑफ कम्फर्ट भी जारी किये जा रहे हैं। वर्ष 2025 में ही औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत 6.77 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 70 से अधिक स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही एफडीआई/एफसीआई नीति 2023 के अंतर्गत 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू जारी किए जा चुके हैं, जो वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की बढ़ती प्रतिष्ठा को प्रदर्शित करता है। इन नीतिगत सुधारों और पारदर्शी प्रक्रियाओं का परिणाम है कि प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ उन्हें जमीन पर उतारने में भी उल्लेखनीय सफलता ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अल-फलाह ग्रुप में 415 करोड़ के गोलमाल का हुआ खुलासा

एजेंसी

नई दिल्ली। लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए आतंकवादी हमले के बाद से जांच के घेरे में आई फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विश्वविद्यालय की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने 415.10 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता पकड़ी है।

❍ **देश छोड़ने की फिराक में था मैनेजिंग ट्रस्टी जवाद अहमद सिद्दीकी**

एक दिन पहले ट्रस्टियों और प्रमोटरों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में एक साथ छापेमारी की गई थी। एक ही पैन नंबर पर इंजीनियरिंग कॉलेज, यूनिवर्सिटी, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग और अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के अकाउंट पाए गए हैं। मंगलवार देर रात गिरफ्तारी के बाद ईडी ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की धारा 19 के यूनिवर्सिटी के चांसलर व मैनेजिंग ट्रस्टी जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर साकेत कोर्ट में पेश कर कई गंभीर आरोप लगाए। 14 दिन के रिमांड की मांग करते हुए जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि आईटीआर (इनकम टैक्स रिटर्न) ट्रस्ट के नाम पर ही भरे जा रहे थे और हॉस्टल और मेस फीस को शेल कंपनियों तक पहुंचाया जा रहा था। जांच एजेंसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# तीनों शहरों में 478 विकास परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार

## मुख्यमंत्री ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की ,परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए रेवेन्यू शेयरिंग और पीपीपी मॉडल अपनाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र

- **सरकार पर निर्भरता कम करें, परियोजना निर्धारित करते समय आय सृजन की संभावनाओं का भी रखें ध्यान: मुख्यमंत्री**
- **मेरठ में बिजली बम्बा बाईपास को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश**
- **यातायात सुधार, मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट रोड और शहरी सुंदरीकरण को प्राथमिकता**



नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है। इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है।

बैठक में बताया गया कि पहले चरण की कार्ययोजना के रूप में वर्ष 2025-26 में मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 प्राथमिक परियोजनाओं पर कार्य किया जाए। इन परियोजनाओं में यातायात सुधार, चौराहों का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, सड़क और पेवमेंट सुधार, बिजली लाइनों का भूमिगतकरण, जल प्रबंधन, पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन और शहरी सौंदर्यीकरण जैसी जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है।

बैठक में बताया गया कि मेरठ में यातायात सुगमता के लिए बिजली बम्बा बाईपास, लिंक रोड, हापुड़ अड्डा से गांधी आश्रम तक चौड़ीकरण, ईस्टर्न कचहरी रोड, सूरजकुंड चौराहा, कय्यम नगर पार्क, 19 प्रमुख चौराहों पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट, संजय वन, शताब्दी नगर एसटीपी से मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र तक जल पुनर्चक्रण व्यवस्था, स्मार्ट रोड और यूनिवर्सिटी रोड क्षेत्रीय पुनर्विकास जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। कानपुर के संबंध में बताया गया कि विकास का आधार रूटेड इन लेगेसी, राइजिंग टू टुमॉरो की अवधारणा होगी। मैनावती मार्ग चौड़ीकरण, मल्टीलेवल पार्किंग, मास्टर प्लान सड़कों का निर्माण, ग्रीन पार्क के आसपास शहरी डिजाइन सुधार, मकसूदाबाद सिटी फॉरेस्ट, बोटैनिकल गार्डन, वीआईपी रोड, रिवरफ्रंट लिंक, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार और ग्रेटर कानपुर के रूप में नए विस्तार क्षेत्र की दृष्टि इस योजना में शामिल है। मथुरा-वृंदावन के लिए प्रस्तुत मास्टर प्लान के तहत शहर को 'विजन-2030' के रूप में विकसित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए स्ट्रीट फसाड डेवलपमेंट, मल्टीलेवल पार्किंग, बस पार्किंग, प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, नए मार्गों का निर्माण, बरसाना-गोवर्धन-राधाकुंड कॉरिडोर सुधार, परिक्रमा मार्ग पर सुविधाएं और नगर प्रवेश से धार्मिक स्थलों तक संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था की योजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का

- **कानपुर और मथुरा वृंदावन में विरासत, संस्कृति और पर्यटन आधारित विकास मॉडल लागू होगा**
- **जनहित से जुड़े कार्यों के लिए धनराशि की कमी नहीं होगी, जरूरत पड़ेगी तो अतिरिक्त बजट भी मिलेगा: मुख्यमंत्री**

उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के लिए यदि अतिरिक बजट की आवश्यकता होगी तो उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

# 2003 की मतदाता सूची सही ढंग से अपलोड करें : सपा

**लखनऊ।** सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि मुजफ्फरनगर में 11-बुढ़ाना, 12-चरथावल, 13-पुरकाजी, 14-मुजफ्फरनगर, 15-खतौली, 16-मीरापुर विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र दो प्रतियों में दिया जाये तथा निर्वाचन आयोग के नियम के अनुसार बगैर दस्तावेज गणना प्रपत्र प्राप्त किया जाय और झांसी में 222-बबीना विधानसभा व 225-गरौठा विधानसभा में 2003 की मतदाता सूची सही ढंग से अपलोड की जाय, जिससे पारदर्शी ढ़ग से एसआईआर प्रक्रिया सम्पन्न हो सके।

- **सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग**

सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने इस सम्बंध में दिए गए अपने ज्ञापन में कहा है कि मुजफ्फरनगर में 11-बुढ़ाना, 12-चरथावल, 13-पुरकाजी, 14-मुजफ्फरनगर, 15-खतौली, 16-मीरापुर विधान सभाओं में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित नहीं किया जा रहा है। बीएलओ ग्राम प्रधान, कोटेदार या सत्ता पक्ष के नेता के यहां बैठकर मतदाताओं को बुला-बुलाकर सिर्फ एक-एक गणना प्रपत्र दे रहे है। बीएलओ गणना प्रपत्र के साथ दस्तावेज लगाने के लिए मतदाताओं पर दबाव बना रहे है, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का खुला उल्लंघन हो रहा है तथा मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि झांसी में 222-बबीना विधान सभा व 225-गरौठा विधान सभा में भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइड पर 2003 की मतदाता सूची गलत ढंग से अपलोड हो गई है। दोनो विधान सभाओं में 2003 की मतदाता सूची के लिए जिस मतदान केन्द्र की सूची खोली जाती है, उस पर कोई दूसरे मतदान केन्द्र की मतदाता सूची दिखाई देती है।

# 70 हजार किसानों से खरीद 4.12 लाख मीट्रिक टन धान

## धान खरीद सत्र के लिए 4.40 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** योगी सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसान

- **योगी सरकार के प्रयास से साल दर साल समृद्ध हो रहे यूपी के अन्नदाता किसान**
- **विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक धान किसानों को किया गया 852.24 करोड़ का भुगतान**
- **19 नवंबर तक बाजरा किसानों को भी किया गया 168.39 करोड़ का भुगतान, प्रदेश के 33 जनपदों में ही हो रही बाजरा खरीद**
- **वर्तमान अवधि (19 नवंबर) के आंकड़ों के मुताबिक किसानों को पिछले वर्ष से अधिक का किया जा चुका भुगतान**

साल दर साल समृद्ध हो रहे हैं। आंकड़े बता रहे कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश के किसानों की समृद्धि में सहायक बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक तरफ जहां क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों से तेजी से धान खरीद हो रही है, वहीं योगी सरकार की नियमित मॉनीटरिंग से किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है।



विपणन सत्र 2025-26 के तहत बुधवार तक 70 हजार से अधिक किसानों से 4.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद की गई। इस एवज में धान किसानों को अब तक 852.24 करोड़ रुपये भुगतान भी कर दिया गया। यही नहीं, बाजरा के किसानों को भी बुधवार तक 168.39 करोड़ का भुगतान उनके खाते में किया गया। किसानों के हित में योगी सरकार साल दर साल अपने प्रयासों में वृद्धि कर रही है।

योगी सरकार के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे में भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। धान किसानों को किए गए भुगतान का आंकड़ा देखें, तो सत्र 2024-25 (19 नवंबर) तक 848.19 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। वहीं 19 नवंबर 2025-26 में यह आंकड़ा 852.24 करोड़ रुपये पहुंच गया।

खाद्य व रसद विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष अब तक 70 हजार से अधिक किसानों से 4.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खीद की जा चुकी है। इस वर्ष सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बिक्री के लिए अब तक 4,40,318 किसानों ने पंजीकरण भी करा लिया है। धान खरीद के लिए 4171 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। श्रीअन्न को बढ़ावा देने वाली डबल इंजन सरकार की नीतियां किसानों के लिए कारगर बन रही हैं।

उत्तर प्रदेश के आंकड़े इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। बाजरा किसानों को भी भुगतान समय पर किया जा रहा है। पिछले वर्ष (2024-25) में 19 नवंबर तक बाजरा किसानों को 56.28 करोड़ रुपये का ही भुगतान किया गया था, जो इस वर्ष कई गुना बढ़ गया है। 2025-26 में 19 नवंबर तक बाजरा किसानों को 168.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये तय किया गया है और बाजरा की खरीद प्रदेश के सिर्फ 33 जनपदों में ही हो रही है।

# उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद के लिए मांगे गये आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की जल्द ही नियुक्ति होगी। इस प्रक्रिया के तहत बायोडाटा समेत आवेदन पत्र मांगे गए हैं। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर शाम छह बजे तक होगी।

यह जानकारी उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी ने दी। अध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण करेगा। इच्छुक आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में बायोडाटा समेत प्रार्थना पत्र विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-5, नवीन भवन, कक्ष संख्या-40, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के नाम से पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करना होगा। आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक व अन्य अभिलेख की स्वप्रमाणित प्रति भी संलग्न रहेगी।

- **10 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन**
- **उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www. uphed. gov. in पर उपलब्ध है आवेदन पत्र**

अध्यक्ष पद की कार्यावधि, आयु, अहर्ता, आवेदन पत्र के प्रारूप आदि जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www. uphed. gov. in पर प्राप्त की जा सकती है। इसमें पद के लिए न्यूनतम अहर्ता की भी जानकारी दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के पद या उनके समकक्ष पद पर रहे, विश्वविद्यालय के कुलपति हों या रहे हों तथा किसी विश्वविद्यालय के न्यूनतम 10 वर्ष तक आचार्य हों या रहे हों और उनके पास कम से कम तीन वर्ष का प्रशासनिक अनुभव हो, ऐसे लोग आवेदन कर सकते हैं।

# विधायिका के प्रति सकारात्मक धारणा विकसित करनी चाहिए : महाना

## विधानसभा अध्यक्ष से मिला सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से बुधवार को सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, कानपुर के अध्यक्ष एसपी सिंह, महासचिव अवनीश मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन की प्रक्रियाओं को नजदीक से समझना था।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विधायी व्यवस्था की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, विधायक हमेशा जनता के सबसे निकट होते हैं। इसी कारण उनकी जवाबदेही भी अधिक होती है और वे अक्सर आलोचना के केंद्र में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्य संस्थाओं का जनता से प्रत्यक्ष संपर्क कम होता है, जबकि विधायिका सीधे जनता के बीच कार्य करती है। ऐसे में विधायिका के प्रति नकारात्मक सोच लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब नागरिक इस भव्य और ऐतिहासिक विधानसभा भवन का भ्रमण करते हैं। इसके स्वरूप, इतिहास एवं गरिमा को समझते हैं, तब सदन की वास्तविक महत्ता का अनुभव होता है। महाना ने कहा कि हम सभी को मिलकर विधायिका के प्रति सकारात्मक धारणा विकसित करनी चाहिए यद्यपि सभी चुनौतियों का तुरंत समाधान संभव नहीं है लेकिन भविष्य में सुधारों की दिशा में निरंतर प्रयास आवश्यक होंगे। मुझे विश्वास है कि 18वीं विधानसभा अपने कार्य, अनुशासन और योगदान के लिए आने वाले समय में विशेष रूप से उल्लेखित की जाएगी।

मुलाकात के बाद प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा स्टाफ ने उन्हें मुख्य सभा कक्ष, समिति कक्ष, सेंट्रल हॉल, प्रेस गैलरी एवं अभिलेखागार की संरचना और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रश्नकाल, विधेयक निर्माण, समितियों की भूमिका तथा विधान सभा की दैनिक कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी निकट से समझा। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरक और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति समझ को और गहरा करने वाला रहा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूनिटी मार्च पदयात्रा में पूरे देश में प्रथम रही यूपी भाजपा : सतीश उपाध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल 150वीं जयन्ती समारोह अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक व उत्तर प्रदेश के प्रभारी सतीश उपाध्याय तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को अभियान की प्रगति, प्रभाव तथा आगामी

- **समारोह अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ने प्रदेश की पदयात्राओं की संख्या, उनकी पहुंच और जनता की भागीदारी देखने के बाद की घोषणा**

कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश टोली के साथ बैठक में चर्चा की। प्रदेश के राज्यमुख्यालय पर आयोजित बैठक का संचालन अभियान के प्रदेश संयोजक तथा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।




अभियान के राष्ट्रीय सह सयोंजक सतीश उपाध्याय ने कहा कि पूरे देश में यूनिटी मार्च पदयात्राएं लोकसभा स्तर पर निकली, वहीं उत्तर प्रदेश संगठन नेतृत्व ने एक कदम आगे बढ़कर विधानसभा स्तर पर यूनिटी मार्च पदयात्राएं निकालने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा स्तर पर आयोजित पदयात्राएं सरदार पटेल के विचारों से जन-जन को जोड़ने में सफल हो रही है। सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी यूनिटी मार्च पदयात्राओं ने अधिकतम क्षेत्रों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों तक राष्ट्र प्रथम का संदेश पहुंचाया है। पदयात्राओं की संख्या, उनकी पहुंच तथा जनता की भागीदारी में उत्तर प्रदेश पूरे देश प्रथम स्थान पर है। शेष विधानसभाओं में भी पदयात्राएं पूरे उत्साह के साथ सरदार पटेल के विचारों और राष्ट्र प्रथम के भाव को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। प्रभावी पदयात्राओं के लिए अभियान के प्रदेश टीम को बधाई। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में युनिटी मार्च पदयात्राएं केवल कदमों का चलना नहीं, बल्कि जन-जन से संपर्क व संवाद का सतत माध्यम बन रही है। सरदार पटेल के विचार सभी नागरिकों तक पहुंचे और राष्ट्र की एकता के लिए समग्र प्रयास में सभी जुटे इस भाव के साथ पदयात्राएं जनमानस के मर्म को स्पर्श कर रही हैं। पदयात्राएं सभी बूथों तक पहुंचने का प्रयास के साथ सबको जोड़ने का माध्यम भी बन रही हैं।

पदयात्राओं के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और सभाएं बड़ी संख्या में लोगों के बीच सरदार पटेल के व्यक्तित्व के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध के भाव को लेकर भी पहुंचने का माध्यम बन रहे है। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च पदयात्राओं से पूर्व कॉलेज कैम्पस, स्कूल, सामाजिक, व्यापारी, मजदूर, किसान, शिक्षक, महिला, युवा, अधिवक्ता संगठन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समितियों के बीच सरदार पटेल के जीवन तथा उनके जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों पर संवाद ने वातावरण बनाने का काम किया। जिससे लोग उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा लेकर मां भारती का जयघोष करते हुए पदयात्राओं में सम्मिलित हो रहे हैं। पदयात्राओं में प्रदेश सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी तथा आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ ही सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हो रहे हैं।

# केंद्र सरकार की गरिमा गृह और स्माइल योजना से यूपी में ट्रांसजेंडर सशक्तीकरण को मिली नयी राह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और कल्याण की दिशा में लगातार अहम सुधार किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश, जो जनसंख्या के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य है, अब सामाजिक समावेशन और समान अवसर के लिए नीति-निमार्ताओं, एनजीओ और नागरिक समाज संगठनों की सक्रिय भागीदारी के साथ बदलाव की राह पर अग्रसर है।

देश के 15 राज्यों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से फिलहाल 18 गरिमा गृह संचालित हैं और हर राज्य में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षित आश्रय, भोजन, चिकित्सा, योग, मनोरंजन तथा जीवन कौशल प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्माइल योजना के तहत इन गरिमा गृहों के लिए 8.25 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और इनका उपयोग ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सम्मानजनक आजीविका व मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। ट्रांसजेंडर्स के लिए उत्तर प्रदेश में एक गरिमा गृह भी संचालित होता है, जहां ट्रांसजेंडर्स को निःशुल्क आश्रय के साथ भोजन, शिक्षा, मनो-परामर्श, योग और हुनर सुधार की सुविधा दी जाती है। गरिमा गृह में संपूर्ण सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य के लिए 24*7 टेली-मानस हेल्पलाइन (14416) तथा जीवन कौशल प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, ताकि निवासियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिले और वे योग्यता के आधार पर सम्मानजनक जिंदगी बिता सकें। मानसिक स्वास्थ्य सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समाज में जागरूकता बढ़ाने जैसे प्रयास भी किए जा रहे हैं।

ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए स्माइल योजना के तहत केंद्र सरकार ने समावेशिता, कल्याण एवं अधिकारों की रक्षा के लिए कई अहम पहल की हैं। इनमें गरिमा गृह के अलावा राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, पेंशन, आवास और कौशल प्रशिक्षण जैसे लाभ शामिल हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश स्तर पर जागरूकता अभियान, रोजगार सहायता तथा ट्रांसजेंडर समुदाय के सामाजिक न्याय को लेकर योजनाएं चल रही हैं। वर्ष 2011 की जनगणना में ट्रांसजेंडर/अन्य के तहत देश में 4,87,803 व्यक्ति दर्ज किए गए थे, जिनमें से बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश में है। हाल ही में प्रदेश में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक वृद्धाश्रम और आत्मनिर्भरता का मौका देने के लिए योजनाएं आगे बढ़ाई जा रही हैं।

# सभी दल मतदाता सूची की शुद्धता बनाने में करें सहयोग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में चल रहे विशेष

- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**




प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया की प्रगति, दिशा-निर्देशों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी दलों से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसआईआर के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने दी जाएगी, इसके सख्त निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में कुल 15,44,30,092 मतदाता हैं, अभी तक 15,36,29,570 यानी 99.48 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण का कार्य किया जा चुका है। बीएलओ द्वारा 04 नवम्बर से गणना प्रपत्र के वितरण का कार्य शुरू किया गया था। 04 दिसंबर तक मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर जमा किया जाना है। 09 दिसंबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। फिर 09 दिसम्बर से 08 जनवरी तक प्राप्त दावे एंव आपत्तियों पर सुनवाई के बाद 07 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों को गणना प्रपत्र भरने की सुविधा दी गई है। अभी तक लगभग 90 हजार से अधिक मतदाताओं ने ऑनलाइन माध्यम से अपना गणना प्रपत्र भरा है।

उन्होंने कहा कि अभी तक मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों द्वारा 3,85,799 बीएलए नियुक्त किए गए हैं, जिसमें सपा ने 1,12,309, बीजेपी ने 1,56,015, बीएसपी ने 1,00,169, कांग्रेस ने 16,538, अपना दल (एस) ने 713, सीपीआई (एम) ने 55 बीएलए नियुक्त किए है। आम आदमी पार्टी और एनपीपी ने अभी एक भी बीएलए नहीं नियुक्त किया है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के बीएलए भी गणना प्रपत्र भरवाने में मतदाताओं का सहयोग करें, जिससे एसआईआर की प्रक्रिया को और आसान व पारदर्शी बनाया जा सके। बीएलए अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रतिदिन भरवाकर बीएलओ को दे सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित और संग्रहित कर रहे। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र को शुद्ध भरवाने में एनसीसी, एनएसएस, स्वंय सेवी संस्थाओं के स्वंयसेवकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। वर्ष 2003 की मतदाता सूची voters.eci.gov.in AüSX ceouttarpradesh.nic.in पर उपलब्ध है, यहां से भी डाउनलोड की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सहायता के लिए जिले एंव विधानसभा स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए गए है, जहां से मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिला संपर्क केंद्रों (डीसीसी) के फोन नंबर 1950 व बुक अ कॉल विद बीएलओ पर भी बीएलओं से संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक लहूलुहान

प्रतापगढ़ । अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक लहूलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। लीलापुर थाना क्षेत्र के कीर्तपुर गांव निवासी विवेक माली 22 वर्ष पुत्र सज्जन लाल माली बुधवार को सुबह रोजी रोजगार के सिलसिले में घर से गुजरात जाने के लिए ई रिक्शा से परिवार के साथ प्रतापगढ़ शहर जा रहा था। रानीगंज अजगरा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, बलबा समेत गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमें में कोर्ट के वांछित को धर दबोचा। लालगंज के दरोगा अशोक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली के विश्राम का पुरवा जेवई निवासी वांछित नन्हकू पुत्र विश्राम को मुकदमें में पुलिस को तलाश थी। पुलिस ने घर के समीप से उसे धर दबोचा। पुलिस ने वांछित आरोपी को दोपहरबाद जेल भेज दिया।

## प्राथमिक विद्यालय से एमडीएम का खाद्यान्न व अभिलेख चोरी

प्रतापगढ़। प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एमडीएम का खाद्यान्न व सरकारी अभिलेख चुरा ले गए। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर पूरे मितन गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के मुख्य कक्ष का तोड़ डाला। कक्ष के अंदर रखे एमडीएम में उपयोग होने वाले खाद्यान्न के साथ ही महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख उठा ले गए। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला व दरवाजा टूटा देखा तो प्रधान शांति देवी को सूचना दी। प्रधान ने घटना की जानकारी 112 डायल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच के बाद लौट गई। प्रधानाध्यापक रमेश वर्मा ने चोरी की तहरीर दी गई है ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है, लेकिन चोरों का सुराग अब तक नहीं मिल सका है। विद्यालय में बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध तमंचे के साथ युवकों की फोटो वायरल

प्रतापगढ़। इंटरनेट मीडिया पर बुधवार को अवैध तमंचे के साथ दो युवकों की फोटो वायरल होने से खलबली मच गई है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। इंटरनेटमीडिया पर वायरल यह वीडियो सांगीपुर थाना क्षेत्र के गांव का बताया जा रहा है। तमंचे संग प्रसारित युवक द्वारा इलाके में दबंगई करने व लोगों को धमकी देने की भी चर्चा होती लोगों में देखी सुनी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार तिवारी का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

## किसान दिवस का आयोजन

**सिद्धार्थनगर** । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने किसानो से कहा कि आप लोगो की जो भी शिकायते है उसे लिखित में दे जिससे समस्याओ का निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये।

# एएनएम सेंटर का निरीक्षण




जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग श्रीमती अनीता सी0मेश्राम ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पास बने एएनएम सेन्टर का निरीक्षण किया गया। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग श्रीमती अनीता सी0मेश्राम द्वारा एएनएम सेन्टर में ट्रेनिंग के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। इसके साथ ही आवासीय कक्ष को भी देखा गया। इसके पश्चात माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग श्रीमती अनीता सी0मेश्राम द्वारा इमरजेंसी वार्ड, पंजीकरण कक्ष, रेड जोन-येलो जोन वार्ड, एसएनसीयू, पीआईसीयू वार्ड को देखा गया। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग श्रीमती अनीता सी0मेश्राम द्वारा भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। भर्ती मरीजों ने अवगत कराया गया कि दवायें एवं अन्य सुविधायें मिल रही है। प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन लगभग 5000 ओपीडी होता है। नियमित जांच होता है तथा मरीजों का सही इलाज होता है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, प्राचार्य मेंडिकल कालेज डा0 राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने की जनप्रतिनिधियों भेंट वार्ता

सिद्धार्थनगर । मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर ने, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों से भेंट वार्ता किया गया 19. नवम्बर को मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई । बैठक का उद्देश्य कानून-व्यवस्था की स्थिति को और सुदृढ़ करने, पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं एवं अपेक्षाओं को समझना था । बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक लक्ष्य आम नागरिकों की सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना है ।

# एडीजी ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन जनपद सिद्धार्थनगर के रिजर्व पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया , तथा विभिन्न शाखाओं व मदो का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ रिक्रूट आरक्षियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण जैसे-इनडोर, आउटडोर, शस्त्र प्रशिक्षण आदि के सम्बन्ध में जानकारी किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । प्राप्त खबर के अनुसार गत 19. नवम्बर को , अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा डॉ 0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक के साथ रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन के विभिन्न शाखाओं/मदों का निरीक्षण किया गया, जिसमें आदेश कक्ष, स्टोर, कैश कार्यालय, भोजनालय, केन्द्रीय पुलिस कैंटीन, आरक्षी/आर0टी0सी0 बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा व यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर, जिला प्रशिक्षण केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा प्रतिसार निरीक्षक लाइन को साफ-सफाई व पत्रावलियों के उचित रख-रखाव हेतु विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ रिक्रूट आरक्षियों को दिये जा प्रशिक्षण जैसे-इनडोर, आउटडोर, शस्त्र प्रशिक्षण आदि का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । उक्त निरीक्षण के दौरान श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।

## सीनियर महिला वॉलीबॉल ट्रायल्स संपन्न

सिद्धार्थनगर। सीनियर महिला वॉलीबॉल टीम के लिए जनपदीय चयन ट्रायल्स संपन्न हो गए हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार, 19 नवंबर 2025 को जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इन ट्रायल्स में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया सुबह से शुरू होकर पूरे दिन चली, जिसमें खिलाड़ियों के खेल कौशल, फिटनेस, कोर्ट मूवमेंट, सर्व और रिटर्न क्षमता का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। जिला खेल कार्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार, 13 मुख्य और 2 आरक्षित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मुख्य खिलाड़ियों में नेहा गौड़, सोनी पासवान, गायत्री, अर्चनी, अंशिका सोनी, सुमन गौड़, संजनी, चांदनी, अंजनी, नंदिनी, ज्योति और नेमा भारती शामिल हैं। सावित्री और आंचल को आरक्षित खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। टीम मैनेजर की जिम्मेदारी सुमन सिंह को सौंपी गई है।

## मतदाता पुनरीक्षण में तेजी लायें, समय कम



श्रावस्ती। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने आमजन को अवगत कराया है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिले के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं। समस्त मतदाताओं से अपेक्षा की गई है कि वे गणना प्रपत्र की ऊपरी तालिका में अपना विवरण पूर्ण सावधानी से भरें। जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, वे प्रपत्र की निचली तालिका के बाएं तरफ अपना विवरण भरकर एक फोटो संलग्न करते हुए हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लगाकर इसे संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को जमा करें। जिन मतदाताओं या उनके अभिभावकों/परिजनों का नाम 2003 की सूची में नहीं है, वे निचली तालिका के दाहिने तरफ अपने पिता, माता, दादा या दादी का विवरण स्पष्ट रूप से भरें। यदि इनके नाम भी 2003 की सूची में दर्ज नहीं हैं, तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 विकल्पों में से किसी एक प्रमाण के आधार पर गणना प्रपत्र जमा किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष पुनरीक्षण कार्य में रुचि लेते हुए निर्धारित तिथि 04 दिसम्बर 2025 से पहले अपनी कार्यवाही पूर्ण कर दें, जिससे मतदाता सूची का अद्यतन कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जा सके।

## पीएम किस्त जारी, तिलहन-मिलेट्स मेले में उत्साह




श्रावस्ती। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयम्बटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस दौरान देशभर के 9 करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती के 01 लाख 50 हजार 951 किसानों को 30 करोड़ 50 लाख 02 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। डीपीआरसी सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने संयुक्त रूप से किया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना। साथ ही जनपद स्तरीय रबी तिलहन मेला, श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम एवं मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन भी डीपीआरसी भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और जिलाधिकारी ने किया। मिलेट्स के उपयोग, पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों पर आधारित जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। उप निदेशक कृषि द्वारा मिलेट्स पर तैयार गीत का प्रस्तुतीकरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान भाई मिलेट्स उत्पादन बढ़ाकर जिले को कृषि क्षेत्र में नई पहचान दिला सकते हैं। श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध योजना बनाकर किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अपर जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार, कृषि विभाग डिप्टी डायरेक्टर,उद्यान विभाग अधिकारी बी.एस. चौधरी, कृषि अधिकारी बलजीत बहादुर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, विनय कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# इंदिरा गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में दुनिया में शक्तिशाली हुआ भारत : प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की पुष्पांजलि



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्थानीय चौक स्थित पार्क में अमर शहीद प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के जन्मदिन पर पुष्पांजलि अर्पित की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होने कहा कि देश की शक्तिशाली प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने वैश्विक पटल पर भारत की सम्प्रभुता एवं अखण्डता को लेकर निडर नेतृत्व का डंका बजाया। उन्होने कहा कि इंदिरा गांधी ने गुट निरपेक्ष आन्दोलन की नेता के रूप में भारत की विदेश नीति को भी अजेय दिशा दी। उन्होने कहा कि आज के राजनैतिक नेतृत्व को आतंकवाद की लड़ाई में इंदिरा गांधी की राष्ट्र के प्रति समर्पण से सीख लेने की जरूरत है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इंदिरा जी ने दुनिया की किसी भी ताकत की परवाह न करते हुए आतंकवाद का फन कुचलने के लिए अपने जीवन का बलिदान भी दिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए इंदिरा गांधी ने अमेरिकी उप निवेशवाद की भी जरा सा भी परवाह नही किया। उन्होने कहा कि भारत की महान सेना को इंदिरा गांधी के शौर्य भरे कार्यकाल में विश्व विजयी सेना होने का भी तकमा इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल कार्यकताओं तथा लोगों से देश की एकता व अखण्डता तथा भाईचारे की मजबूती के लिए संकल्पबद्ध होने का आहवान भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने कार्यक्रम का संयोजन किया। आभार प्रदर्शन सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां उन्होने सर्वश्रेष्ठ पौराणिक धाम के रूप में विकास को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा संचालित योजनाओं को देखा और सराहा। सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरे गंगू मिश्र गांव में अधिवक्ता एवं पूर्व प्रधान दिनेश मिश्र की मां सावित्री देवी के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना भी प्रकट की। लालगंज में पप्पू गुप्ता के संयोजन में सांसद प्रमोद तिवारी को एक कार्यक्रम में माल्यार्पण तथा अंगवस्त्रम कर व्यापारियों ने सम्मानित भी किया। इस मौके पर उदयशंकर दुबे, शत्रुघ्न शुक्ला, डा0 ओमप्रकाश जायसवाल, कमला प्रसाद जायसवाल, राजेश गुप्ता, आशीष कौशल, धर्मराज गौतम, शेरू खां, पन्ने लाल पाल, दारा सिंह, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी, धीरेन्द्रमणि शुक्ला, आईपी मिश्र, अभिनव शुक्ला, अतुल शुक्ला, त्रिभु तिवारी, अतुलसिंह, राजेश निश्र, त्रिवेणीधर शुक्ल, अनिल महेश, शारदा बक्स सिंह, पिंटू मिश्र, मोनू पांण्डेय, अशोक शुक्ल, पवन पांण्डेय आदि रहे।

# 115 वाहनों का चालान



सिद्धार्थनगर । पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील यातायात पुलिस प्रभारी अमरेश कुमार मय टीम के साथ विशेष अभियान चलाकर वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया तथा यातायात नियमों एव सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। गत बुधवार 19. नवम्बर को पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे,सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात राज कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे यातायात प्रभारी अमरेश कुमार मय टीम द्वारा वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया जिससे कुहरे में वाहनो की दृश्यता स्पष्ट हो और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके एव यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एव सड़को पर अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना/ उनका ट. श. अू३, के तहत कुल 115 वाहनो का चालान करते हुए 125500 रुपए शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

# व्यापारियों ने किया प्रमोद तिवारी को सम्मानित

जिला संवाददाता



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि रामपुरखास में ब्यापार के लगातार समृद्धि का आधार यहाँ सुरक्षा तथा संसाधनों का सुदृण वातावरण है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज में तहसील, दीवानी कोर्ट, ट्रामा सेंण्टर जैसे बड़े सरकारी संस्थान यहाँ की तरक्की का बखान कर रहे हैं। वहीं शिक्षा का हब होने के साथ विधायक मोना के प्रयास से टाउन ऐरिया की शहरी सुविथा है।

उन्होंने ब्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उन्हें निश्चिंत होकर ब्यापारिक कारोबार को बढ़ाने का सदैव यहाँ सुरक्षित माहौल मिलेगा ।सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को लालगंज में रायबरेली_प्रतापगढ़ रोड पर जय अंबे प्रतिष्ठान को समारोहपूर्वक लोगों को समर्पित किया। प्रतिष्ठान के संचालक पप्पू गुप्ता व राजेश गुप्ता ने ब्यापारियों के समूह के साथ विपक्ष के उप नेता राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख इ अमित प्रताप सिंह पंकज,चेयरपर्सप्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल महेश रहे। अध्यक्षता उद्योग ब्यापार मण्डल अध्यक्ष उदय शंकर दुबे व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राजकुमार मिश्र, इ सुनील पांण्डेय, गुड्डू तिवारी, संजय सिंह, शिवाकांत द्विवेदी, राजेश विश्वकर्मा, राजा शुक्ला, संजय सोनी, आदि रहे।

## धरोहर संरक्षण से बढ़ता सांस्कृतिक गौरव : दद्दन मिश्रा



कटरा श्रावस्ती। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, श्रावस्ती द्वारा विश्व धरोहर दिवस का भव्य आयोजन अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. आफताब हुसैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस संरक्षण, संवर्धन, सांस्कृतिक चेतना, परंपरा, विरासत, गौरव, समृद्धि, सहभागिता, संरचना और एकता जैसे मूल्यों को मजबूत करता है। यह दिवस समाज में सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के महत्व को समझने तथा उनके संरक्षण के लिए जनजागरूकता बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को गति मिलती है, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और नई पीढ़ियों को अपनी विरासत से जोड़ने में मदद मिलती है। अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. आफताब हुसैन ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस वैश्विक सहयोग और संस्कृति संरक्षण का संदेश देता है। यह लोगों को विरासत स्थलों के महत्त्व, विविधता और संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि विश्व धरोहर घोषित स्थल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलता है तथा संरक्षण कार्यों को बल मिलता है। कार्यक्रम संचालन कर रहे प्रदीप चंद्र पांडे ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों में स्थित धरोहरों की सुरक्षा में यूनेस्को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। यह दिवस सामाजिक सहभागिता, सांस्कृतिक एकजुटता और परस्पर समझ को बढ़ावा देता है। विश्व धरोहर दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने ताजमहल, लाल किला सहित विभिन्न धरोहरों के आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में अंकित यादव ( राजकीय इंटर कॉलेज भिट्ठी ) प्रथम, हुमा खान ( श्रावस्ती लॉरेंस अकेडमी ) द्वितीय, कीर्ति चौधरी ( राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज ) तृतीय तथा किरण चौधरी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर डॉ. विभा पांडे, अखिलेश तिवारी, दिलीप कुमार, पंकज तिवारी, राज किशोर वर्मा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, राजेश कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पढ़ेगा युवा, बदलेगा श्रावस्ती -बलरामपुर का भविष्य

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती / बलरामपुर।** पढ़ेगा श्रावस्ती और बलरामपुर, तो विकसित और आत्मनिर्भर होगा श्रावस्ती और बलरामपुर – यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि दो जनपदों की किस्मत बदलने वाला संकल्प बन चुका है, जिसे साकार करने में जुटे हैं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ. विशाल मिश्रा। सांस्कृतिक धरोहर, बौद्ध पवित्र स्थलों और गौरवशाली इतिहास के लिए प्रसिद्ध श्रावस्ती और बलरामपुर आज शिक्षा की नई क्रांति का केंद्र बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थ उत्तर प्रदेश विजन 2047 से प्रेरणा लेकर डॉ. मिश्रा ने इस इलाके को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल शुरू की है। इसी दिशा में स्थापित श्र गुरुकुल आज युवाओं के लिए नई किरण बन चुका है। यहां सिविल सेवा परीक्षा का पूरा पाठ्यक्रम निःशुल्क पढ़ाया जा रहा है, ताकि आर्थिक स्थिति किसी का भविष्य कभी न रोक सके। राज्य स्तरीय परीक्षाओं, वन-डे एग्जाम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी संगठित व उच्च स्तरीय तैयारी कराई जा रही है, जिससे युवाओं के सपनों को पंख मिल रहे हैं। डॉ. मिश्रा के शब्दों में– अगर शिक्षा मजबूत होगी, तो व्यक्तित्व, परिवार, समाज और पूरा देश मजबूत होगा। उनकी कक्षाओं में सिर्फ पढ़ाई नहीं होती, बल्कि चरित्र, सोच और नेतृत्व क्षमता का निर्माण भी होता है। डॉ. विशाल मिश्रा अगस्त्य फाउंडेशन से भी जुड़े हैं, जो देश के शिक्षा सुधार में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। फाउंडेशन द्वारा संचालित चलित विज्ञान प्रयोगशाला और विद्या वाहिनी कार्यक्रम वर्तमान में बलरामपुर के 13 और श्रावस्ती के 12 विद्यालयों में सक्रिय है। यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क गणित और विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा प्रदान कर रहा है। बच्चों के हाथों में प्रयोगात्मक उपकरण आते ही उनकी जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच चकाचौंध रोशनी की तरह फैलती दिखाई देती है। हर सोमवार को डॉ. मिश्रा द्वारा लिए जाने वाले करियर गाइडेंस सत्र विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत बन चुके हैं। इन सत्रों में वे बच्चों से कहते हैं– तुम्हारे सपनों की कोई सीमा नहीं, बस तैयारी और विश्वास मजबूत होना चाहिए। उनकी यह पहल केवल कोचिंग नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का जन-आंदोलन बन चुकी है, जो शिक्षा को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिए हुए है। आज श्रावस्ती और बलरामपुर के युवाओं में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पहले से कहीं ज्यादा है। स्थानीय लोग भी यह मानने लगे हैं कि डॉ. मिश्रा का प्रयास इस क्षेत्र के लिए नई दिशा, नई आशा और नए अवसरों का दरवाजा खोल रहा है। उनकी पहल यह संदेश दे रही है कि जहाँ शिक्षा पहुँचती है, वहाँ विकास खुद कदम बढ़ाता है। गुरुकुल और अगस्त्य फाउंडेशन की इस संयुक्त मुहिम ने सिद्ध किया है कि यदि संकल्प सच्चा हो तो छोटे जिले भी राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बना सकते हैं। डॉ. मिश्रा का लक्ष्य स्पष्ट है – आने वाले वर्षों में श्रावस्ती और बलरामपुर को उत्तर प्रदेश का शिक्षा हब बनाना।

## भगवान शिव की आराधना से मिट जाया करते हैं रोग दोष संताप

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे दूधी रामगंज स्थित सुखसागर धाम में बुधवार को कथा विश्राम में शिवभक्तों का समागम दिखा। कथा ब्यास प्रयागराज के आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि शिव ही संसार के पालनहार हैं। उन्होंने कहा कि जन्म, मृत्यु , मोक्ष भगवान शंकर के नियंत्रण में है। उन्होने कहा कि शिव को भजने से रोग, दोष , संताप सब दूर हो जाया करते हैं। आचार्य संतोष जी ने कहा कि मां पार्वती ने भगवान शंकर का वरण किया। उन्होने बताया कि मां पार्वती ने शिव का जाप कर नारी के सुहाग की सुरक्षा का मार्गदर्शन किया। मुम्बई के दीपक सुहाना ने शिवभजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कथा सुनने पहुंचे विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कथा वाचक आचार्य संतोष जी का माल्यार्पण, शाल, भगवान घुज्ससरनाथ जी का चित्र भेंटकर सम्मान किया।

## एसआईआर फॉर्म भरने का जागरूकता अभियान तेज



सिद्धार्थनगर। एसआईआर फॉर्म भरने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी ने भारत भारी मंडल के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर एसआईआर फॉर्म के महत्व और उसे सही तरीके से भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। अध्यक्ष ने बताया कि निर्वाचन आयोग एसआईआर फॉर्म के माध्यम से मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर रहा है, ताकि उनका सत्यापन हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सटीक जानकारी के साथ समय पर फॉर्म भरें, जिससे मतदान संबंधी कोई लाभ न छूटे। गांवों के भ्रमण के दौरान चंदू चौधरी ने ग्रामीणों को समझाया कि एसआईआर फॉर्म भरना एक सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है। उन्होंने गलत जानकारी देने से भविष्य में होने वाली समस्याओं के प्रति आगाह किया और सभी से अपने दस्तावेज सही प्रस्तुत करने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने यह भी आश्वासन दिया कि फॉर्म भरने में कठिनाई होने पर नगर पंचायत की टीम और बूथ लेवल अधिकारी ( बीएलओ ) हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। अभियान के दौरान कई ग्रामीणों ने एसआईआर फॉर्म के उद्देश्य से जुड़ी अपनी शंकाएँ व्यक्त कीं। पंचायत अध्यक्ष ने धैर्यपूर्वक उनका समाधान किया और स्पष्ट किया कि यह फॉर्म केवल मतदान संबंधी जानकारी के लिए है। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। चंदू चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन का लक्ष्य है कि क्षेत्र के सभी पात्र नागरिक समय पर फॉर्म भरकर अपनी जानकारी अपडेट करें।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई



गोरखपुर। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल एवं समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने सभी विभागों से उनके विभागों द्वारा चलाई जा रही। जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और साथ ही इनका प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा लगातार जिलों का भ्रमण कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान कुल 27 प्रकरण आये जिसमें घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक विवाद, संपत्ति एवं भरण-पोषण संबंधी प्रकरण, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, विधिक सहायता की आवश्यकता, साइबर क्राइम एवं सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मुद्दे थे, जिसमें उपाध्यक्ष ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को आवेदनों पर तत्काल प्रभाव से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा साथ ही आगामी जनसुनवाई से पहले सभी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, भेदभाव, दहेज, घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न आदि मामलों में आयोग उनकी हर संभव सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे बिना किसी भय के अपने लिए न्याय प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में पुलिस तत्काल एफआईआर और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे। सामाजिक कल्याण एवं महिला कल्याण विभाग योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र महिलाओं को उपलब्ध कराएँ। किशोरियों में कुपोषण रोकथाम और स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग सक्रिय रूप से कार्य करें। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जीआरपी सर्विलांस सेल ने बरामद किए 55 लाख के 248 लापता मोबाइल



गोरखपुर। राजकीय रेलवे पुलिस अनुभाग गोरखपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करते हुए यात्रियों का विश्वास मजबूत किया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र (आईपीएस) के निर्देशन में सर्विलांस सेल ने बीते दो महीनों में 248 खोए हुए एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख आंकी गई है। इस व्यापक अभियान को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे श्री मोदक राजेश डी, तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ श्रीमती सुधा सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर श्री विनोद कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी गोरखपुर की सर्विलांस टीम ने बेहतरीन समन्वय के साथ लगातार गुम मोबाइलों की लोकेशन ट्रैक की और विभिन्न जिलों व अन्य राज्यों में जाकर मोबाइलों की बरामदगी की। सर्विलांस सेल प्रभारी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्य, कांस्टेबल दीपक कुमार, बृजेश यादव तथा जीआरपी थानों व चौकियों की टीमों ने अथक प्रयास करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2025 में जीआरपी गोरखपुर द्वारा अब तक कुल लगभग 1570 मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें केवल पिछले दो महीनों का आंकड़ा 248 का है। बरामद मोबाइलों में अधिकांश की कीमत 30,000 से 35,000 के बीच रही, जबकि कई प्रीमियम फोन की कीमत 80,000 तक थी। आज पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को उनके-अपने मोबाइल सकुशल सुपुर्द किए गए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर उपस्थित लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने जीआरपी गोरखपुर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## एनसीसी सर्वोत्तम कैडेट चयन को आवेदन की अंतिम तिथि आज

गोरखपुर। आगामी 4 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का उद्घाटन और समापन महोत्सव दो स्थानों पर होगा। 4 दिसंबर को उद्घाटन समारोह महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गोलघर के मैदान में जबकि समापन और पुरस्कार वितरण समारोह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय (एमजीयूजी) बालापार के परिसर में होगा। इस बीच समारोह से पहले 23 नवंबर एनसीसी दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम कैडेट चयन प्रतियोगिता और पीटी प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः महाराणा प्रताप इंटर कालेज व एमजीयूजी में किया जायेगा। दोनों प्रतियोगिताओं में आवेदन की अंतिम तिथि गुरुवार (20 नवंबर) है। यह जानकारी समारोह के लिए गठित संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी होंगे। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह उपस्थित रहेंगे। दोनो ही कार्यक्रमों की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि समारोह में दिये जाने वाले 7 स्वर्ण पदक, योग्यता छात्रवृत्ति, क्रीड़ा छात्रवृत्ति, विशेष छात्रवृत्ति एवं महत्वपूर्ण स्मृति पुरस्कारों हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गयी है। शेष सभी प्रतियोगिताओं हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर तय की गई है। सभी प्रतियोगिताओं हेतु आवेदन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के ई मेल पर स्वीकार किया जायेगा।

## ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर में लगा दो दिवसीय जागरूकता सह पंजीकरण शिविर



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा तहसील क्षेत्र के सरदार नगर ब्लाक के ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) के क्षेत्रीय निदेशालय गोरखपुर के द्वारा दो-दिवसीय जागरूकता सह-पंजीकरण शिविर सामाजिक संस्था श्रवण कुमार वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से लगाया गया है। इसमें ग्रामवासियों को श्रम मंत्रालय एवं अन्य विभागों/केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं, ई-श्रम कार्ड, नेशनल करियर सर्विस, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी), अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया है। जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं में निःशुल्क पंजीकरण किया गया है। उक्त अवसर पर शिक्षा अधिकारी एस.एफ. हसन प्रधान प्रतिनिधि सुरज कुमार संस्था सचिव विश्वजीत जायसवाल संस्था एम.डी मुबारक अली सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

इटावा। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट पक्का तालाब, इटावा मॉडल करिअर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु 20 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में 6 कम्पनियां विभिन्न रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं।

## अज्ञात वाहन के पीछे कार टकराई, दो की मौत, तीन घायल

चरगांवा, गोरखपुर। एम्स क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग में फोरलेन पर मंगलवार की रात में करीब 3 बजें गोरखपुर की तरफ जा रहें अज्ञात वाहन के पीछेएक कार टकरा गई ।जिसमे कार सवार पाँच युवक गम्भीर रुप से घायल हो गए और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई ।सोनबरसा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी देवतहाँ भिजवाया ।जहाँ डाक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया ।और तीन युवकों का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के सकरौली निवासी नीलेश गौड़(22)पुत्र उदयभान गौड़ व अमन गौड़(24)गब्बू गौड़ व दिलीप जायसवाल(24)पुत्र राम अशीष जायसवाल व अंकित जायसवाल(22)पुत्र छोटू जायसवाल व सिद्धार्थ निषाद(20) पुत्र श्रवण निषाद मंगलवार की रात में कार में सवार होकर गोरखपुर जा रहें थे ।उसी दौरान रामपुर बुजुर्ग में फोरलेन पर गोरखपुर की तरफ जा रहें एक अज्ञात वाहन के पीछे उनकी कार टकरा गई ।जिसमें कार सवार पाँच युवक गम्भीर रुप से घायल हो गए ।सोनबरसा चौकी की पुलिस ने घायलों को सीएचसी देवतहाँ भिजवाया ।जहाँ डाक्टरों ने नीलेश गौड़ व अमन गौड़ को मृत घोषित कर दिया ।और तीन घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।स्थानीय लोगों का कहना है की रात में रामपुर बुजुर्ग में पशु तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस पिकेट लगा था जिससे जाम लग गया था जिससे यह दुर्घटना हुई।

## रास्ते में घेर कर पीटा, पांच नामजद सहित सात के खिलाफ तहरीर

गोरखपुर। बड़हलगंज थाना क्षेत्र के कोइली खाल गांव में एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने रास्ते में घेर कर पीट दिया। पीड़ित ने पांच नामजद सहित सात के खिलाफ थाने पर तहरीर दे दिया है। बड़हलगंज थाने पर दिए तहरीर में पीड़ित कोइली खाल गांव निवासी रंजीत गौड़ पुत्र पवहारी गौड़ ने लिखा है कि 16 नवम्बर की शाम 7:30 बजे वह गांव में स्थित पुलिया के पास से अपने घर आ रहा था ।डीह स्थान के पास पहले से मौजूद गांव के ही कुछ लोग मुझे गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे ।मुझे काफी चोटें आईं। मेरे चीखने का शोर सुन मेरी मां झुन्नू देवी व बहन गुन्जा आई तो वे लोग उनके साथ भी अभद्रता किए व जान से मारने की धमकी दिए। पीड़ित ने पांच नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दे अपनी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर स्थानीय पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## महिला की शिकायत पर पट्टिदार के खिलाफ केस दर्ज

गोरखपुर। बड़हलगंज क्षेत्र के बिसुनपुरा गांव में नीलम राय पत्नी संजय कुमार राय की शिकायत पर उनके पट्टिदार पंकज राय व प्रेमनारायण राय के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में लगी है। पीड़ित नीलम राय ने तहरीर में कहा है कि उक्त पिता-पुत्र मकान से बेदखल करने की कोशिश करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 08 नवंबर की रात पंकज ने 24 घंटे में मकान खाली करने की धमकी दी। सुबह अपने पालतू कुत्ते के साथ मुझे व मेरे पुत्र को कटवाने का प्रयास किया। और कहा कि मकान मेरे पिता ने बनवाया है, खाली कर दो। नहीं तो गोली मार दूंगा।

# गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों पर मंथन

- **स्थानीय कला-संस्कृति, उत्पाद एवं विकास को प्रदर्शित करने वाला मंच बनेगा गोरखपुर महोत्सव : रविकिशन**

**जिला संवाददाता**

गोरखपुर। गोरखपुर में पर्यटन, संस्कृति, इको टूरिज्म के विकास के दृष्टिगत जनवरी 2026 में 11 से 17 जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव को लेकर बुधवार को आयुक्त सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद रविकिशन ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि गोरखपुर महोत्सव स्थानीय कला, उत्पादों और गोरखपुर के विकास तथा संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक बेहतर मंच हो सकता है। सांसद रविकिशन ने बैठक में बताया कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन चम्पा देवी पार्क रामगढ़ताल में आयोजित किया जायेगा।



उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप गोरखपुर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों, उत्पादों और लुप्त हो रही कला/विधा को बढ़ावा देने के लिये अधिक से अधिक मंच प्रदान किया जाये। उन्होंने बताया कि गोरखपुर महोत्सव में प्रस्तुति के लिये बालीबुड तथा विभिन्न भोजपुरी के कलाकारों के नामों पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही गोरखपुर तथा आस पास के स्थानीय प्रतिभाओं कों भी मंच प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर महोत्सव में पारम्परिक खेलकूद की प्रतियोगिताएं करायी जाये साथ ही माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एंव उच्च शिक्षा स्तर पर बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इसके साथ ही शिल्प मेला भी आयोजित होंगे। इसके अलावा अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले व्यक्तियों तथा साहित्य कला अध्ययन, पत्रकारिता, लेखन, लोक कला एंव सामाजिक कार्य से जुड़े हुए व्यक्तियों को भी सम्मानित किये जाने की योजना है।

बैठक के दौरान अध्यक्ष गोरखपुर महोत्सव समिति/मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने सांसद जी को अभी तक के तैयारियों के बारे में बताते हुये कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के मंशानुसार के स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिये उनके आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहा है। स्थानीय कलाकार 10 दिसम्बर 2025 तक आवेदन पत्र सचिव गोरखपुर महोत्सव समिति/उप निदेशक पर्यटन कार्यालय में जमा कर सकते है, साथ ही वाणिज्यिक स्टालो के लिये 20 दिसम्बर तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण आनन्द वर्धन सहित विभिन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देवेंद्र सिंह बने विहिम के अंतरराष्ट्रीय सचिव



उरुवा, गोरखपुर। गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में उपस्थित 18 देशों के प्रतिनिधियों तथा सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रहे देवेंद्र कुमार सिंह को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अस्मिता भंडारी द्वारा देवेंद्र कुमार सिंह को अंतरराष्ट्रीय सचिव नामित किया गया। यह मूल रूप से गोरखपुर के उरुवा क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी देवेंद्र सिंह के मनोनयन पर राजकुमार सिंह, प्रवीण सिंह, संपूर्णानंद सिंह, कैलाश सिंह, हृदयनाथ मिश्र, अखिलेश मिश्र, लाल साहब सिंह, राजू मद्धेशिया सहित क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## इंदिरा गांधी ने देश की खातिर जीवन बलिदान किया



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी ने कैंप कार्यालय पर इंदिरा गांधी 108वीं जयंती मनाई एवं उन्हें याद करते हुए तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। तिवारी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी का अद्वितीय और प्रभावशाली नेतृत्व, जिसमें राजनीतिक साहस झलकता था, हमेशा प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि उनकी जनता के प्रति जीवनभर की सेवा और देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए उनके बलिदान को लाखों सलाम करते हैं। तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी जी की वजह से साहस, देशभक्ति और नैतिकता उन्हें अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े होने की प्रेरणा देती रहती है। भारत के लिए निडर फैसले लेने और हर परिस्थिति में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा पाई। उनका साहस, देशभक्ति और नैतिकता मुझे अन्याय के खिलाफ दृढ़ रहने की प्रेरणा देती है। जयंती पर नरेंद्र यादव, राहुल यादव, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र राठौर, अजय कुमार, हिमांशु दीक्षित, अंकित पाल, राहुल कुशवाह रहे।

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान गोरखपुर में मौत

गोरखपुर। बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के नेदुआ-खजुरी लिंक मार्ग पर बीते रविवार को पल्सर बाइक व मोपेड के भीषण टक्कर में मोपेड चालक गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात हालत गंभीर होने के चलते उनका गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान चार दिन बाद बुधवार को निधन हो गया। बताते चलें कि बीते रविवार को तिहामुहम्मदपुर निवासी हरी यादव (62) अपनी मोपेड से बाजार जा रहे थे। तभी सामने से पल्सर बाइक बड़ी तेज गति से विपरीत दिशा से आ रही थी। बाइक अनियंत्रित होकर मोपेड में जबरदस्त टक्कर मारते हुए दोनों गाड़ी सड़क किनारे खाई में गिर गई। जिसमें मोपेड चालक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोशी की हालत में हो गये। घायल हरी यादव का इलाज गोरखपुर मेडिकल कालेज में चल रहा था। बुधवार की बीती रात मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नी कमलावती सहित चार पुत्र को छोड़ गए हैं। हरी खेती किसानी करके अपने परिवार का जिवकोपार्जन करते थे।

# उनवल नगर पंचायत में जल संकट गहराया

गोरखपुर। उनवल-खजनी थाना के नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 3 टेकवार में एक बार फिर अराजक तत्वों की करतूत ने आम जनता को भारी परेशानी में डाल दिया। देर रात अज्ञात व्यक्ति ने पानी की टंकी का ताला तोड़कर अंदर लगे स्टार्टर पैनल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी वजह से उस नलकूप से होने वाली पानी सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई। सुबह से ही लोगों को पेयजल के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दोझतीन बार इसी तरह टंकी की मशीनरी तोड़ी गई है, पर वह व्यक्ति अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है जिसके नाते उसके हौसले बुलंद हैं और ऐसे घिनौने कृत्य का खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी के लिए भटक रहे हैं ।वार्ड 3,1, सहित वार्ड 9 का आंशिक हिस्से में पानी की सप्लाई बाधित है जिसकी वजह से लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि पुलिस तुरंत दोषियों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई करे और नगर पंचायत प्रशासन सुरक्षा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इधर नगर पंचायत कर्मचारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्टार्टर पैनल को दुरुस्त करने का कार्य शुरू करा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सप्लाई सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त के विषय मे चौकी इंचार्ज राजीव तिवारी ने बताया कि तहरीर मिल गयी है मौके पर गये थे पुलिस जांच कर रही हैं जल्द ही ऐसा करने वाला पकड़ा जाएगा।

# अवैध मिट्टी खनन का डंपर पकड़ा

## इकदिल क्षेत्र में माफियाओं में हड़कंप

**इटावा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आईटीआई चैराहा के पास मिट्टी से भरा एक डंपर पकड़ लिया। लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार पर पहली बार इतनी सख्त कार्रवाई देखकर खनन माफियाओं में भगदड़ मच गई ।जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात अवैध खनन इकदिल के पास मुसावली गांव से भरकर शहर में डंपिंग किया जाता था। पुलिस की गिरफ्त में आए ड्राइवर ने स्वीकार किया कि डंपर में भरी मिट्टी मुसावली में हो रहे अवैध खनन से ही लाई गई थी। वाहन से न तो खनन की कोई वैध रसीद मिली और न ही परिवहन संबंधी कोई कागज ।तेज रफ्तार संदिग्ध डंपर ने खड़ी कर दी शंकाआईटीआई चैराहा पर वाहन चेकिंग में लगी पुलिस को देर रात एक तेज रफ्तार से आता डंपर संदिग्ध लगा। रुकवाकर जांच की गई तो पूरा मामला खुल गया। ड्राइवर से पूछताछ के बाद यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत अतिरिक्त बल मुसावली गांव भेजा ।लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही खनन माफिया जेसीबी मशीनों और अन्य डंपरों को लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस जब मौके पहुंची, वहां सिर्फ खनन के ताजा निशान मिले। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है, कि लंबे समय से यहां बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी निकालने का खेल चल रहा था और माफिया पहले से ही सतर्क थे। डंपर सीज, 1.40 लाख का जुमार्नासिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए डंपर पर एआरटीओ और खनन विभाग की मदद से एक लाख चालीस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। दस्तावेज न होने पर वाहन को सीज कर दिया गया है ।देर रात हुई इस कार्रवाई की खबर जैसे ही इकदिल व आसपास के इलाकों में फैली, लोगों में हलचल बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से इकदिल इलाके में रातभर जेसीबी और डंपर चलते रहते थे। मिट्टी के अंधाधुंध कटान से खेतों की मेड़ों पर असर पड़ने लगा है और कई जगह जमीन कमजोर हो गई है।

## 7 दिसम्बर को डीएम प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

इटावा। उप जिलाधिकारी सदर, जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शिनी विक्रम सिंह राघव ने बताया कि जनपद प्रदर्शनी एवं पशुमेला समिति की बैठक में सर्वसम्मत से विचारोपरान्त जिलाधिकारी, अध्यक्ष प्रदर्शनी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 7 दिसम्बर दिन रविवार को तथा समापन 4 जनवरी दिन रविवार को किया जायेगा।

## कॉलेज में सरस मेले का आयोजन संपन्न

इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्व-निर्मित उत्पादों के विपणन एवं विक्रय हेतु राजकीय इंटर कालेज परिसर के बाहर सरस मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम द्वारा किया गया।

मेला में बढ़पुरा, भरथना, महेवा, जसवंतनगर, बसरेहर एवं सैफई ब्लाक से समूह की महिलाओं द्वारा स्व-निर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाये गये। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया तथा स्वयं भी समूह से निर्मित उत्पादों को क्रय किया गया। मेला में बढ़पुरा के वैष्णवी समूह की दीदी राजकुमारी ने स्वनिर्मित दलिया, बेसन, दाल एवं रागी तथा बाजरा के आटा का स्टॉल लगाया गया।

# चोरी में 13 महीने बाद भी नहीं लिखा मुकदमा

## थाने के चक्कर काट रहे अधिकारी

**जिला संवाददाता**

**चकरनगर, इटावा।** सरकार ने तहसील में चक्कर काटती जनता की सहूलियत के लिए पंचायतों में सचिवालयों का निर्माण कराया। जिससे जन्म, मृत्यु, आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र जैसी तमाम योजनाओं का जनता को लाभ मिल सके, लेकिन यहां तो पंचायत भवन से कम्प्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा ही चोरी हो गया। इस मामले में अधिकारी कह रहे मुकदमा लिखो चोरी हुई और पुलिस कह रही कोई चोरी नहीं। वर्ष भर बीतने के बाद भी पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद भी मुकदमा नहीं लिख रही है, जिससे पंचायत के सभी काम काज ठप पड़े है। काम काज के लिए जनता सचिवालय के और अधिकारी पुलिस के चक्कर काट रहे है।

सहसों थाना के गांव मिटहटी में 24 सितंबर 2024 की रात्रि में मिनी सचिवालय का ताला तोड़कर चोर कम्प्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पहुंची



पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जांच करने की बात कही। जिसमें पंचायत सहायक प्रियंका यादव, ग्राम विकास अधिकारी अनुज गुप्ता, तत्कालीन एडीओ पंचायत जमुनादास के द्वारा रिपोर्ट लिखाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने इनकी एक न सुनी। इधर चोरी की घटना में मुकदमा दर्ज न होने से पंचायत सचिवालय का कंप्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा नहीं खरीदा जा सकता और उक्त उपकरण न होने से एक वर्ष से सचिवालय के सभी सरकारी कामकाज, ग्राम पंचायत के विकास कार्य और ग्रामीणों के जरूरी कार्य ठप पड़े हैं। ग्रामीण लगातार विकास खंड कार्यालय पर पंचायत में विकास कार्य न होने की शिकायतें कर रहे है। जिससे ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक परेशान हैं। ग्राम प्रधान रूपश्री ने 12 नवंबर 2024 को तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा को प्रार्थना पत्र देते हुए समूचे मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी तथा तत्कालीन बीडीओ चकरनगर रविंद्र कुमार शशि द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए 14 नवंबर 2024 को तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी चकरनगर, एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया व तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई थी, जिसके आधार पर एसडीएम ने 18 नवंबर 2024 को थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आश्चर्य की बात है कि अधिकारियों के आदेश के बावजूद भी 13 माह बीत गए, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। सरकारी काम के लिए भटकती गांव की जनता ने पुलिस की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना हैं कि जब सहसों पुलिस बीडीओ से लेकर एसडीएम के आदेश पर भी मुकदमा नहीं लिख रही, तो आखिर आम जनता के साथ कैसे न्याय करेगी। उक्त चोरी के मामले में पुलिस की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंदल सिंह ने बताया पंचायत घर पर 13 महीने पहले चोरी हुयी थी। एसएसपी से गुहार लगाने के 13 महीने बाद भी पुलिस ने चोरी का मुकदमा नहीं लिखा। जिससे पंचायत घर का कोई सामान नहीं खरीद पा रहे है। 13 महीने से विकास कार्य रुका है, क्यों कि पेमेंट गेटवेऐप द्वारा पंचायत घर से होता हैं और ग्रामीण विकास कार्य न होने की बार बार शिकायतें कर रहे है। अलमा अहिरवार प्रभारी निरीक्षक थाना सहसों ने बताया कि मेरे समय का मामला नहीं है, अब इतने पुराने मामले में मुकदमा कैसे लिखा जायेगा।

## सूचना

मेरे बेटे का नाम खुशुबुद्दीन खां पुत्र चुनान खां हैं। त्रुटिवश पासपोर्ट में खुशबुद्दीन खां पुत्र सहीबुद्दीन खां व पुत्रबधू का नाम सूफिया बेगम दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अन्य दस्तावेजों में मेरे बेटे का नाम खुशबुद्दीन पुत्र चुनान खां व पुत्रवधू का नाम रोशनजहां पत्नी खुशबुद्दीन खां ही है। अब से मेरे पति का नाम चुनान खां व पुत्रबधू का नाम रोशनजहां के नाम से ही जाना-पहचाना जायें। बिना बेगम पत्नी चुनान खां निवासी बन्ठिहिवा, सिटकहवा, भिन्गा जनपद श्रावस्ती।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/16/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, घोषणा आदि के प्रावधान और सुधार का दूरसंचार कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,76,41,999.96/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,38,200.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.12.2025 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू0 सं0 – 106–टेली / टेंडर / 16 / 2025–26 दिनांकः 17.11.2025 3584/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# विधायक ने नवीन सचिवालय का किया शुभारंभ



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव राजापुर बेनी में नवीन सचिवालय के शुभारंभ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई ने संयुक्त रूप से विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने नवीन सचिवालय क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा किसानों को तहसील में मिलने वाली हर सुविधा आप सबके गांव में बने एक छत के नीचे मिलना शुरू हुई है। जिससे उसे छोटे कार्यों के लिए तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सचिवालय में लाइब्रेरी का भी शुभारंभ किया गया है जिसमें ग्रामीण जनो को अखबार के माध्यम से देश की खबरों की जानकारी के साथ ज्ञानवर्धक पुस्तक पढ़ने को उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर वरिष्ठता अधिवक्ता विवेक शुक्ला, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, सौरभ गुप्ता, पूर्व बार अध्यक्ष आलोक सिंह, सुधीर सिंह, सानू सिंह, अरुण सिंह, राजेंद्र सिंह, वैभव प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं। विधायक से स्मार्ट मीटर लगाने की शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण बड़ी संख्या में लोगों ने विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की शिकायत करने पर विधायक ने कहा उनकी विधानसभा के कई गांव में मजदूरों के घर स्मार्ट मीटर लगा देने के बाद भारी भरकम बिल आने पर उन्होंने आत्महत्या कर लेने की चेतावनी दी है जिसको लेकर वह विद्युत विभाग के अधिकारियों पर भड़क गए और ग्रामीणों से स्मार्ट मीटर उखाड़ कर फेंक देने की बात कह दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## संक्षेप

### चित्रकला प्रतियोगिता में अनस ने किया नाम रोशन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के कक्षा 7 के प्रतिभाशाली छात्र अनस खान ने एनटीपीसी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। ऊर्जा संरक्षण जागरूकता पेंटिंग विषय पर आधारित यह प्रतियोगिता 14 नवम्बर को प्लूटो ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित हुई। अनस खान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें प्रशस्ति पत्र और दो हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी तथा बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने अनस की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्रों को दिलायी नशा मुक्ति की शपथ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत प्रार्थना सभा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। इस दौरान प्रधानाचार्य ने छात्रों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा विनाश का मार्ग है। यह न केवल शरीर को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भी कमजोर कर देता है। उन्होंने बताया कि नशा समयपूर्व बुढ़ापा, तनाव, अवसाद और गंभीर मानसिक समस्याओं को जन्म देता है, साथ ही परिवार और समाज से दूरी बढ़ाकर अपराध की ओर भी धकेलता है, जो आज वैश्विक स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और स्काउट-गाइड के छात्र रैली और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाएंगे और युवाओं को सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

### बच्चेदानी का गलत ऑपरेशन होने से गयी महिला की जान

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर के चंद्रानी हॉस्पिटल में महिला मरीज की बच्चेदानी का गलत ऑपरेशन होने से महिला की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने बुधवार को हॉस्पिटल के बाहर डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुवे हंगामा किया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों को शांत करवाया। परिजन डॉक्टर पर कार्यवाही की मांग पर डटे रहे। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौरैया धारा निवासी शिवपूजन की पत्नी पिंकी देवी 40 वर्ष का चंद्रानी हॉस्पिटल में बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। हालात गंभीर होने पर चंद्रनी हॉस्पिटल के डाक्टरों ने मरीज को लखनऊ रेफर कर दिया। मंगलवार की शाम करीब 7:00 बजे हुई महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों का कहना है कि हॉस्पिटल के डॉक्टर धीरेन्द्र वर्मा ने खुद बच्चेदानी का ऑपरेशन किया। गलत ऑपरेशन होने से आत, किडनी में इन्फेक्शन हो गया। लाखों रुपए लखनऊ में लग गए। कोई फायदा नहीं मिला । सब डाक्टर चंद्रनी हॉस्पिटल के डॉक्टर की लापवाही बता रहे है।

## रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में मना यातायात जागरूकता माह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर खीरी में यातायात माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी यातायात खीरी सचिन गंगवार, रोहित यादव, विकल यादव, आदित्य कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी यातायात ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, नशीले पदार्थों के सेवन से परहेज, गति सीमा का पालन तथा सड़क संकेतों का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि अब 16 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। कार्यक्रम में छात्रों को यातायात नियमों की शपथ भी दिलाई गई तथा डायल 112, 108 और वीमेन हेल्पलाइन 1090 के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में होने वाली अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण युवाओं द्वारा हेलमेट न पहनना, ओवर स्पीड, नशे में वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करना तथा सड़क संकेतों की अनदेखी करना है। उन्होंने सभी से नियमों के पालन की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रभारी यातायात निरीक्षक टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन शशिधर पांडे ने किया। यातायात जागरूकता टीम के सदस्य सचिन गंगवार, रोहित यादव, विकल यादव, आदित्य कुमार सहित विद्यालय स्टाफ सत्येंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, अंकुल शर्मा, दिनेश, सौरभ राठौर, सर्वेश, संजना, सुरभि बाजपेई, लवली, कृष्णकांत प्रजापति, उमेर, प्रसून, शैंकी, तूबानाज, दीपा, प्रगति, श्याम किशोर, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गन्ना भुगतान में देरी से किसानों में आक्रोश, 25 से सत्याग्रह की चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए डीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पिछले पेराई सत्र का संपूर्ण भुगतान 24 नवंबर तक नहीं किया गया तो 25 नवंबर से किसान विराट सत्याग्रह शुरू करेंगे।



संगठन ने आरोप लगाया कि बजाज ग्रुप की गोला गोकर्णनाथ, खंभारखेड़ा और पलिया कलां चीनी मिलें वर्षों से किसानों का गन्ना खरीदती तो हैं, परंतु भुगतान समय से नहीं करतीं। इससे किसानों को बच्चों की पढ़ाई, विवाह, बीमारी और खेती के लिए लिए गए ऋणों का बोझ झेलना पड़ता है।ज्ञापन में कहा गया कि प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी विकास वीना कुमारी मीणा और गन्ना आयुक्त को कई बार अवगत कराने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ। संगठन ने बताया कि उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं खरीद विनियमन अधिनियम के तहत गन्ना खरीद का तत्काल भुगतान अनिवार्य है, जबकि शुगर केन कंट्रोल ऑर्डर के अनुसार 14 दिनों में भुगतान का प्रावधान है और विलंब होने पर 15 प्रतिशत ब्याज देना होता है। संगठन ने आरोप लगाया कि इन प्रावधानों की खुली अवहेलना करते हुए चीनी मिलें झूठे आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं और अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों के रोके गए धन से लाभ उठाती हैं। संगठन ने तीनों चीनी मिलों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में किसानों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए नोटेरियल शपथ पत्रों को केस डायरी में शामिल कर बयान दर्ज कराने, संबंधित अधिकारियों की गिरफ्तारी और चार्जशीट दाखिल करने की मांग की है। ज्ञापन देते समय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्णा वर्मा, डेलीगेट अनिल कुमार, डेलीगेट राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन व प्रमाण प्रत्र बांटे

रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हिण्डाल्को संस्थान के क्लस्टर हेड समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन तथा सी.एस.आर. प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलॉजी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 109 प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थीयों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, 11 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन, 100 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सोलर लैम्प और विभिन्न इण्टर कालेजों में कुल 15 सेनेटरी वेडिंग व बर्निंग मशीन वितरण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के प्रति जगरूक करने, सक्षम बनाने, मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने और किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलावों के बारे में चिकित्सकीय परामर्श एवं जानकारी देकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल की छात्राओं तथा अन्य लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में तंरगिणी महिला मण्डल रेणुकूट के कार्यकारिणी पदाधिकारीगण सीमा सिंह, निराली पवार, मीत कुमारी चौरसिया, अपर्णा मिश्रा, राधा मिश्रा, शोभा सिंह, एकता शर्मा, मनीषा गौर, पुष्पा चौहान, आभा पांडे, सबिता पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीमा सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याओं ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था में सन्तुलित आहार व निजी स्वच्छता एवं तनाव प्रबन्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने कि जरुरत है, उन्होंने बताया कि जीवन के इस महत्वपूर्ण अवस्था में सही जानकारी का होना एक स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरे भविष्य की नींव रखता है। श्री झा ने अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिण्डाल्को द्वारा रोजगारोन्मुखी विभिन्न प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा मिले।

## विश्व शौचालय दिवस पर रखी गयी पिंक शौचालय निर्माण की आधारशिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत सीजीएन पीजी कॉलेज के पास पिंक शौचालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया। विशेष बात यह रही कि यह भूमि पूजन गोला खेल महोत्सव की अंडर-17 दौड़ चैम्पियन श्रृष्टी वर्मा और अंडर-19 चैम्पियन शिवांशी द्वारा संपन्न कराया गया। गोला नगर में यह दूसरा पिंक शौचालय होगा।



पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने दोनों प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों के माध्यम से भूमि पूजन कराकर मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने का संदेश दिया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष विश्व शौचालय दिवस की थीम बदलती दुनिया में स्वच्छता है, जो यह दशार्ती है कि स्वच्छ शौचालय हर समय और हर परिस्थिति में आवश्यक हैं। नए पिंक शौचालय के निर्माण से प्रातः भ्रमण करने वाली महिलाएं, कॉलेज की छात्राएं और आसपास स्थित ब्लॉक कार्यालय तथा विद्युत उपकेंद्र आने-जाने वाली महिलाओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे पहले सदर चैराहा क्षेत्र में एक पिंक शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। कार्यक्रम में सभासद धर्मेन्द्र तिवारी (टीटू), प्रभारी प्राचार्य प्रमोद दीक्षित, विष्णु शुक्ला, अरुण सिंह, कुलदीप तिवारी, अमितांशु मिश्रा, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सिविल जेई अनिल यादव, सफाई सुपरवाइजर संजय कुमार, राहुल वाल्मीकि सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

धौरहरा खीरी। ईसानगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता बुधवार को कस्बा खमरिया मे स्थित बीबीएलसी इण्टर कालेज के प्रांगण में बीईओ अखिलानंद राय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुचें क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार दीपू, ईसानगर सीडीपीओ बीना सक्सेना व खमरिया



प्रधान कुंती देवी ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज कर बच्चों का उत्साहवर्धन करके बच्चों को प्रोत्साहित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वही खेल प्रतियोगिता के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐरा व कंपोजिट स्कूल महरिया की शिक्षिकाओं की अगुवाई में छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान ग्राउंड पर कोई विघ्न न पड़े उसके लिए खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय की मौजूदगी में पुलिस बल भी मौजूद रहा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर के चैंपियन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें फरार्टा दौड़ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। जिसमे काजीपुर की छात्रा निशा, गोबिंद शुगर मिल की फलक शुक्ला व आपापुरी की शालू ने बालिकाओं की इस स्पर्धा में 50 मीटर की रेस में जोरदार प्रदर्शन कर अपने नाम किया। वहीं 200 मीटर रेस में जेठरा की रुबीना, जसवंतनगर की नगमा एवं काजल ने बाजी मारी। खो खो बालिका व बालक में सवलियन विद्यालय ईश्वरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो खो सहित अन्य खेलों में भी बच्चो ने बढ़चढ़ भाग लिया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को बीईओ अखिलानंद राय, शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालता प्रसाद बाजपेई, मंत्री रमेश चंद्र नागर, प्रदीप वर्मा, रविंद्र कुमार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष, संजय माथुर, राजेश यादव, सुभाष चंद्र, दुर्गेश श्रीवास्तव, सर्वेश जायसवाल आदि ने प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार वितरित किया।

## सरसवा ग्राम पंचायत में बना जिले का पहला मनरेगा हाट बाजार




- ग्राम पंचायत सरसवा में किया गया आत्मनिर्भरता की ओर एक प्रयास

लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड धौरहरा में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से उद्घाटित आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत व जिलाधिकारी के निर्देश तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में धौरहरा की ग्राम पंचायतों में तेजी से विकास कार्य कराएं जा रहे है। खण्ड विकास अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया ग्राम पंचायत सरसवा में मनरेगा ग्रामीण हॉट बाजार का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया ग्रामीण हॉट बाजार से आत्मनिर्भता की ओर बढ़ने का एक सजक कदम है जो लखीमपुर जिले की पहली ग्राम पंचायत होगी जिसमें ग्रामीण हॉट बाजार अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहला कदम है। पहले यह ग्रामीण हॉट बाजार खुले आसमान के नीचे लगाई जाती थी जिससे ग्रामीणों को अपने उत्पादों को बारिश, आंधी तूफान से बचाने में पूरी कोशिश करनी पड़ती थी तथा अचानक आए बारिश/तूफान से आने से उत्पाद खराब हो जाते थे, भारी नुकसान उठाना पड़ता था अब बाजार बनकर तैयार हो गया है जिससे नुकसान नहीं होगा।

ग्रामीण हॉट बाजार बन जाने के उपरान्त अब ऐसा नही होगा क्योकि बाजार में ऊंचे शेड बन चुके है तथा मिटटी का पटान कराकर बाजार के स्थान को ऊंचा कर दिया गया है तथा बाजार में पक्के फर्श तथा इंटरलॉकिंग लग जाने से बाजार में आए हुए खरीदारों को कीचड़ से निजात मिल जायेगी। हॉट बाजार में चार शेड का निर्माण कराया जा रहा है तथा साथ में बने मंदिर का भी कायाकल्प कर दिया गया जिससे ग्रामीणों को तथा बाजार में आए हुए दुकानदारों एवं खरीददारों को पूजा अर्चना करने में भी कोई असुविधा नहीं होगी। ग्रामीण हॉट बाजार में एक पुरूष शौचालय व एक महिला शौचालय तथा वाहन स्टैंड आदि का निर्माण भी कराया गया है। यह बाजार ग्राम पंचायत की आत्मनिर्भता की तरफ पहला कदम है इसके उपरान्त ग्राम पंचायत अन्य प्रयोजनों में अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगी, इससे ग्रामीणो को अपने व्यक्तिगत प्रयोजनों के लिए भी एक अच्छा साधन मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा निरन्तर सभी विकास खण्डो में अभिनव प्रयोग करते हुए उपलब्ध संसाधनो से क्षेत्र में कार्य की उपयोगिता के दृष्टिगत नवीन पहल करते हुए कोई अभिनव विकास कार्य के लिए प्रेरित किया जाता है। उक्त ग्रामीण हॉट बाजार निर्मित हो जाने से बेलवामोती, राजापुर भज्जा, सरगडा, बम्होरी, महराजनगर, गुदरिया आदि ग्राम पंचायतो के ग्रामीण लाभान्वित होगें।

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर छात्राओं में जागी नारी शक्ति की प्रेरणा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती नारी शक्ति दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, साहस और उनके बलिदान से परिचित कराते हुए कहा कि झांसी की रानी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी अमर नायिका रहीं, जिनके पराक्रम का उदाहरण आज भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ वीरतापूर्वक संघर्ष किया और दासता स्वीकार करने के बजाय प्राणों की आहुति दे दी। उनका राष्ट्रप्रेम और साहस आज भी सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने की। इसके बाद विद्यालय के सभी अध्यापकों और छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के साथ शशिधर पांडे, सत्येंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, अंकुल शर्मा, दिनेश, सौरभ राठौर, श्याम किशोर, विपिन कुमार आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्र सं.-837/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2025-26 दिनाँक : 19 नवम्बर, 2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-836/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2025-26 दिनांकः 19 नवम्बर 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से अधिक के कुल 04 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनाँक 08 दिसम्बर, 2025 को अपरान्ह 03.30 बजे तक 1- नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2-प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय में एवं 3-उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04,00 खोली जायेगी। निविदा के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि की एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/टी०डी०आर०/ सी०डी०आर० जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर/जमानत धनराशि निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय से दिनाँक 06 दिसम्बर, 2025 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच


# नेत्र जांच अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल एवं स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के सहयोग से स्थानीय होटल में नेत्र स्वास्थ्य पर मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य समुदाय में नेत्र संबंधी जागरूकता बढ़ाने में मीडिया की सक्रिय भूमिका पर जोर देना था।

कार्यशाला में संस्था के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी विपिन पांडेय ने कहा कि अब समय आ गया है जब समाचार पत्र समूहों को समुदाय में एडवोकेसी की दिशा में सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि नेत्र रोगों, विशेषकर बच्चों में होने वाले रेटिनोब्लास्टोमा कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। मीडिया यदि लगातार नेत्र स्वास्थ्य संबंधी संदेश प्रसारित करे, तो कई जिंदगियों को समय रहते बचाया जा सकता है।

हॉस्पिटल के डॉ. अंकुर अवस्थी ने सामान्य नेत्र समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था के सीनियर कोऑर्डिनेटर समीर अली ने बताया कि संस्था द्वारा समुदाय में घर-घर नेत्र जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। वरिष्ठ सहयोगी अशोक सक्सेना ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो भी गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति मीडिया या समाज के माध्यम से संस्था तक पहुँचाया जाएगा, उसे नेत्र स्वास्थ्य की सभी सुविधाएँ निरूशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में कैलाश श्रीवास्तव, संदीप, मोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खेतों में आया तेंदुआ पिंजरे में कैद



पलियाकलां खीरी। सम्पूर्णानगर रेंज की सिंगाही खुर्द बीट के अर्न्तगत ग्राम सिंगाही खुर्द में एक तेन्दुआ वन क्षेत्र की सीमा से बाहर निकलकर काश्तकारी क्षेत्र में आ गया था, जिसको सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने हेतु तेन्दुआ प्रभावित क्षेत्र में पिंजडा लगवाकर विशेष निगरानी की जा रही थी।

18 नवम्बर 2025 को समय लगभग रात्रि 06:30 बजे जी०पी०एस० रीडिंग एन28 34 56.0, ई 80 24 17.0 पर लगे पिंजड़े में एक मादा तेन्दुआ कैद हो गया। तेन्दुआ के पिंजड़े में कैद होने की सूचना प्राप्त होने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी, सम्पूर्णानगर व सम्बन्धित रेंज स्टाफ द्वारा मौके का स्थलीय निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी, सम्पूर्णानगर व वनकर्मियों की देख रेख में पिंजड़े में कैद हुए मादा तेन्दुआ को सुरक्षित रेंज परिसर सम्पूर्णानगर लाया गया। डा० दयाशंकर, पशुचिकित्सक, बफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, लखीमपुर खीरी द्वारा तेन्दुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट में मादा तेन्दुआ अपने प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने हेतु उपयुक्त पाया गया। उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त मादा तेन्दुआ को उसके प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने हेतु नियमानुसार अग्रिम अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन व प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग ने दी।

# शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों की माह अक्टूबर-2025 की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन सुनवाई पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त निस्तारित करें, कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नही जाना चाहिए। उन्होने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त शिकायतकताओं से सम्पर्क करें एवं सबसे अधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में स्थलीय भ्रमण कर शिकायतकताओं से वार्ता करें एवं उनको संतुष्ट करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।उन्होने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस के प्रकरणों को पूरी गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेकर शिकायतकताओं से बात करें एवं उनको संतुष्ट करते हुए प्रकरण का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें।

जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने एबीएसए पवई से स्पष्टीकरण लेने एवं उसकी कॉपी उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त कार्यालय से अल्पसंख्यक कल्याण, खण्ड विकास अधिकारी बिलरियागंज एवं अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी में प्राप्त सी श्रेणी के संदर्भ प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर एवं सी श्रेणी में नही होना चाहिए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त फीडबैक के अनुसार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जहानागंज द्वारा 05 प्रकरण में से 01 प्रकरण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क किया गया, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जहानागंज के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश के अनुसार विभागीय सम्पत्ति के रख-रखाव की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारी की होती है। इसलिए यदि किसी सरकारी जमीन पर किसी ने कब्जा किया हो तो, उसको नोटिस देते हुए कब्जा हटाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, उपायुक्त उद्योगएसएस रावत, एलडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सुशील कुमार मिश्र सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

- जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## कार्य योजना तैयार कर लक्ष्य को करें प्राप्त

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, औद्योगिक विकास विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह-5.0 (जीबीसी-5.0) का लक्ष्य निर्धारित करते हुये विभागों एवं औद्योगिक संस्थाओं के साथ समुचित समन्वय स्थापित करते हुये लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजना तैयार कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होने बताया है कि उप्र सरकार द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी-5.0 का आयोजन नवम्बर, 2025 के अन्तिम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग से संबंधित अधिक से अधिक संख्या में एमओयू हस्ताक्षरित कर जी.बी.सी.-5.0 के लिये रेडी कराना सुनिश्चित करें, ताकि जी.बी.सी.-5.0 के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होने यह भी अवगत कराया है कि एमओयू हस्ताक्षर हेतु निवेश सारथी पोर्टल का प्रयोग करते हुये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक सप्ताह उपायुक्त उद्योग, आजमगढ़ को उपलब्ध करायें। प्रकरण में तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक सहयोग हेतु विवेक राय, (यू0एम0), इन्वेस्ट यूपी के मो0नं0 9151803931 से सम्पर्क स्थापित करें।

## संक्षेप

### मासूम बच्ची को पिता ने नदी में फेका हिरासत में

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के खर्गसेनपुर गांव में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक पिता द्वारा अपनी डेढ़ की जिंदा बच्ची को नदी में फेंकने की खबर गांव में फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। केराकत पुलिस को सूचना मिली कि खर्गसेंनपुर निवासी अशोक विश्वकर्मा ने अपनी डेढ़ साल की बेटी रुतबी को नदी में फेंक दिया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजीत रजक, कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।मां संजू विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि अशोक सुबह करीब सात बजे रुतबी को घुमाने के बहाने घर से निकला था। काफी देर बाद बड़ी बेटी आकांक्षा ने फोन कर घर आने को कहा तो उसने थोड़ी देर में आने की बात कही। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि अशोक नदी के किनारे बच्ची के साथ देखा गया है। परिवार को शक होने लगा क्योंकि घर में तीसरी बेटी को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। पत्नी का कहना है कि अशोक को बेटा चाहिए था और इसी को लेकर आए दिन तनाव रहता था।जानकारी मिलते ही पुलिस ने अशोक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। नदी में गोताखोरों और नाव की मदद से बच्ची की तलाश शुरू कर दी गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक रुतबी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लापता रुतबी तीन बहनों में सबसे छोटी थी। उससे बड़ी बहनें आकांक्षा और शिष्टि तथा मां संजू का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पिता से पूछताछ जारी है।

### द्वारपूजा में दुल्हे के भाई से 80 हजार छिनैती

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एराकियाना मोहल्ला स्थित मैरिज लॉन में द्वारपूजा के दौरान पहुंचे बाइक सवार तीन उच्चके दूल्हे के भाई से बैग छीनकर भाग गए। पीड़ित के मुताबिक बैग में 80 हजार रुपये थे। घटना की जानकारी होने पर पुलिस जांच में जुट गई है। सरपतहा थाना क्षेत्र के मिसिरपुर निवासी श्वेता की शादी बस्ती जिले के महरीपुर गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के बेटे डॉक्टर पवन सिंह से तय हुई थी। मंगलवार की रात बरात शाहगंज स्थित एराकियाना मोहल्ला स्थित मैरिज लॉन में आई थी। रात 10:30 बजे द्वारका पूजा के दौरान बाइक सवार तीन बदमाश आए और दूल्हे के भाई राम प्रकाश सिंह से बैगछीन कर भाग निकले। पुलिस सीसी कैमरे भी खंगाल रही है।

### बाइक-पिकअप की टक्कर में तीन घायल

मीरजापुर। वाराणसी-रीवा हाईवे पर सेमरा प्रताप गांव के सामने बाइक और पिकअप की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाए जाने पर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है। लालगंज से मिजार्पुर की ओर तीन युवक एक ही बाइक से जा रहे थे। प्रतापपुर मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार में आई पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों सड़क पर दूर तक छिटककर गिर पड़े। स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

# अंग्रेजों की कुटिल चाल को पटेल जी ने किया नाकामः भूपेश चौबे



सोनभद्र। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जन्म जयंती के अवसर पर रामगढ़ बाजार से चतरा तक एकता यात्रा का आयोजन किया गया 10 किलोमीटर लंबी चली इस एकता यात्रा में क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों समेत तमाम विद्यालयों के बच्चे भी शामिल रहे रामगढ़ से लेकर चतरा के बीच जगह-जगह लोगों द्वारा सड़कों के किनारे एकता यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य एवं दिव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर चतरा रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि देश की एकता अखंडता व संप्रभुता के लिए जो कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया इसका उदाहरण आजादी के इतिहास में कहीं नहीं मिलता उनका अनुकरणीय योगदान रहा और भारत एक सूत्र में बंध गया इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश चौबे ने कहां की आज या सौभाग्य का अवसर जो हम लोगों को प्राप्त है वह देन सरदार वल्लभभाई पटेल की है अंग्रेजों की कुटिल चाल थी कि आजादी के साथ ही भारत का टुकड़ों में बट जाए लेकिन अपन अदम्य साहस व कूटनीति सफलता के चलते उन्होंने संपूर्ण भारत की एक-एक रियासत को भारतीय गणराज्य में शामिल कराया श्री चौबे ने कहा कि हैदराबाद का निजाम हिंदुस्तान के बीच में एक अलग देश चाहता था उसे सरदार पटेल ने सीधी चेतावनी दी किया तो भारतीय गणराज्य में शामिल हो जाओ या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो भारतीय सेनाओं के तैयार होने की जैसे ही जानकारी निजाम को हुई उसने भारत माता की जय का नारा लगाना शुरू कर दिया ऐसे थे साहसी सरदार पटेल पदयात्रा की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडर्न इंटर कॉलेज रामगढ़ परिसर से भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी व सदर विधायक भूपेश चौबे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्र के लोग पहली बार इतने भव्य कार्यक्रम को देखकर भाव विभोर थे 10 किलोमीटर की पद यात्रा कब कैसे सरदार पटेल अमर रहे भारत माता की जय एक रहेंगे तो नेक रहेंगे एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे के नारे केसाथ कब बीत गई पता ही नहीं चला। इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रुबी प्रसाद, नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी निवर्तमान वर्तमान जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, रामलखन सिंह, नागेश्वर पाण्डेय, शीतला आचार्य, अजीत रावत, प्रबंधक रविंद्र पटेल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चतरा अशोक सिंह, संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण सिंह, अमरेश पटेल, अनूप तिवारी, योगेन्द्र बिन्द, दिलिप चौबे, सुनिल सिंह, विनय श्रीवास्तव, रामलाल चेरो, अमरेश चेरो, सुनिल जायसवाल, संतोष सिंह बबलू समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल को दूसरी बार मिला प्लैटिनम सम्मान




सोनभद्र। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर बिजनेस उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय नेतृत्व क्षमता साबित करते हुए सीआईआई एक्जिम बैंक बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित प्लैटिनम पुरस्कार हासिल किया है।

परियोजना को जूरी स्पेशल कमेंडेशन से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु में आयोजित 33वें सीआईआई एक्सीलेंस समिट में प्रदान किए गए। यह दोहरी उपलब्धि स्टेशन की उत्कृष्ट प्रणालियों, सतत सुधार की संस्कृति और गुणवत्ता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार वैश्विक मानकों वाले ईएफक्यूएम (म्थफड) एक्सीलेंस मॉडल पर आधारित है, जो संगठन के रणनीतिक परिपक्वता, प्रक्रियागत मजबूती और निरंतर प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इतने कठोर मूल्यांकन में शीर्ष श्रेणी का सम्मान प्राप्त करना परियोजना की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति को दर्शाता है। परियोजना की ओर से यह पुरस्कार देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) और निलेश नयन, वरिष्ठ प्रबंधक (पीएंडएस) ने गर्व के साथ प्राप्त किया। यह उपलब्धि संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम है, जिनके दिशा-निर्देश परियोजना को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं। लगातार दूसरे वर्ष प्लेटिनम सम्मान और नई जूरी कमेंडेशन के साथ, एनटीपीसी विन्ध्याचल व्यवसायिक उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता जा रहा है।

## साइंस मेला का आयोजन 22 से

आजमगढ़। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (वी०बी०वाई०एल०डी०) 2026 के अन्तर्गत जनपद व मण्डल स्तरीय युवा उत्सव व साइंस मेला का आयोजन 22 व 23 नवम्बर, 2025 को प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज अतलस पोखरा आजमगढ़ में किया जाना है।जनपद व मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं यथा-लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग एवं इनोवेशन के अन्तर्गत साइंस मेला का आयोजन किया जाना है। लोकनृत्य में कैसेट डांस अमान्य है। दिनांक 22 नवम्बर, 2025 को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह एवं 23 नवम्बर, 2025 को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ परीक्षित खटाना द्वारा किया जायेगा। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शासकीय व अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी हुई निजी संस्थाओं में सम्बन्धित विधाओं में निपुर्ण कलाकार जिनकी आयु 1 सितम्बर, 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को 23 नवम्बर 2025 को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कराया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों/युवाओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकार/टीम दिनांक 21 नवम्बर, 2025 तक जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय चतुर्थ तल कक्ष सं0-405 विकास भवन आजमगढ़ में पंजीकरण करा सकते है।

## रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे पर झूमे श्रोता



जौनपुर। पद्मश्री लोकगीत एवं कजरी गायिका श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव का बुधवार को नगर के टीडी कालेज में आगमन हुआ, । प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही उर्मिला श्रीवास्तव की मधुर प्रस्तुतियाँ, जिन्होंने अपने प्रसिद्ध लोकगीत रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे, मनभावन देवी भजन, तथा स्वरमयी कजरी गीतों से हॉल में ऐसा रस घोला कि उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट लंबे समय तक गूंजती रही।उर्मिला के साथ श्रेष्ठ शुक्ला, प्रदेश सचिवै च्ब्ड ।ब्ल, तथा उनकी पूरी टीम उपस्थित रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम और भी भव्य बना। प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह प्रोफेसर नरेंद्र देव पाठक तथा सत्य प्रकाश सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, अभिषेक सिंह अमरेश राय, प्रीति उपाध्याय, रीता सिंह, गीता मिश्रा, नरेंद्र सिंह, राजीव सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बीएलओ घर-घर गणना प्रपत्र वितरण करें: डीएम

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा तहसील बदलापुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बीएलओ द्वारा अब तक की गई प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ के द्वारा वितरित किए गए गणना प्रपत्रों, उनके संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने पाया कि गणना प्रपत्र वितरण और संग्रहण संबंधी कार्य में कुछ बीएलओ की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी बदलापुर को निर्देशित किया कि ऐसे बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कराते हुए कार्य में गति लाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएँ। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर अधिकारियों एवं बीएलओ को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित होना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण करें। साथ ही, प्रपत्र भरवाकर उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र संग्रहीत करें, जिससे उनके डिजिटाइजेशन का कार्य समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी प्रपत्रों की प्रविष्टि सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, उपजिलाधिकार बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीएलओ, सुपरवाईजर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लक्ष्मी बाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

जौनपुर। हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के बैनर तले पराक्रमी, बीर योद्धा, विरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई का 202 वां जन्मदिन पर माला फूल चढ़ाया, मोमबत्ती जलाकर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई के ब्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला, कहा कि लक्ष्मी बाई महिलाओं के लिए, प्रेरणा स्त्रोत, बीरता के प्रतीक है, इन्होंने अपने देश के लिए महिला उत्थान के लिए अपना सर्वत्र न्यौछावर कर दिया।और अंग्रेजो के समक्ष कभी झूकी नहीं अंग्रेजो को लोहे का चना चबाने के लिए मजबूर कर दिया।रानी की तलवार लन्दन तक चमकी, आज ऐसे विरांगना को हिन्दुस्तान भूलता जा रहा है। सर्व एडवोकेट दीपा ,उषा, रिहिणी, रूपा, मंजू, बीना तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश राज पाठक, राजेश कुमार गुप्ता, संतोष, राहुल, सुभम, रामदेवल, विजय लक्ष्मी, आदि सैकड़ों अधिवक्ता, वादकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोष्ठी में किसानों को किया जागरूक

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रुप में पहुंची छानवे रिंकी कोल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एडीओ एग्रीकल्चर नरेंद्र कानापुरिया द्वारा उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जैविक खेती करने तथा किसानों को अन्नदाता बताते हुए उन्हें जैविक खेती करने के फायदे को बताते हुए कम लागत में अधिक बचत कर सकते हैं। गाय के गोबर का उपयोग अधिक उपज कर सकते हैं डीएपी यूरिया उर्वरक खाद का उपयोग कम से कम करें उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है। किसान इसका लाभ पाने के लिए अपने नजदीकी कृषि केंद्र पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करा कर आसानी से समस्त योजनाओं का लाभ ले सकते हैं इसके बाद नौ करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का ?2000 सीधा किसान के खाते में ट्रांसफर करने का लाइव प्रसारण दिखाया गया। किसान खाते में पैसा आते ही चेहरा खिल उठा गोष्ठी में उपस्थित कृषि अधिकारियों ने किसानों को फसलों के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया कि रवि की फसल में किसान कितने बीज, खाद किस मात्रा में डाल सकते हैं इसके साथ ही रवि फसलों की तकनीकी जानकारी दी गई। सोलर पंप, फसल अवशेष प्रबंधन, पशुपालन उद्यानीकरण, मत्स्य पालन, पीएम सम्मान निधि में ईकेवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री के साथ कई कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई इसके बाद विधायक द्वारा कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान, एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया, शशी पटेल, गुलाब बहादुर, मार्तण्ड सिंह, दिनेश सिंह, सहित किसान मौजूद रहे।

## डिजिटल युग में साइबर जागरूकता जरूरीः एसपी



जौनपुर। पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में साइबर जागरूकता कार्यशाला का सफल किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी और अपराधों से आम नागरिकों तथा पुलिसकर्मियों को जागरूक करना और उनके बचाव के तरीकों पर प्रशिक्षण देना था।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, और अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी ने वर्चुअल माध्यम से सीधे संवाद स्थापित किया. उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।वर्कशॉप में साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करने के लिए साइबर सिक्युरिटी एक्सपर्ट श्री राहुल मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए व्यावहारिक जानकारी और तकनीकी गुर साझा किए। इस अवसर पर जिला जज जौनपुर, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहायक पुलिस अधीक्षक , सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने अपील की कि वे साइबर फ्रॉड की किसी भी घटना को हल्के में न लें और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। इस वर्कशॉप का उद्देश्य आम जनता और पुलिस बल के बीच साइबर सुरक्षा की एक मजबूत कड़ी स्थापित करना है, ताकि जिले में एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन



मीरजापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र, बीएचयू, बरकछा के सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या द्वारा पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

विधायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त किसानों के खातें में प्रेषित की जा रही है। पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों के लिए बहुत ही लाभप्रद है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अशोक मौर्य, क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा द्वारा सम्बोधित करते हुए बताया गया कि किसानों के हित में बहुत ही उपयोगी कार्य किये जा रहे है। साथ ही उप्र सरकार द्वारा किये जा रहे उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया गया। जागरूक कृषक ज्ञान प्रकाश सिंह, गौरा, पहाड़ी द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसान भाईयों के लिए बहुत ही उपयोगी है इसकी मदद से खेती बारी आसानी से कर सकते है। प्रो श्रीराम सिंह, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, बीएचयू बरकछा ने उपस्थित किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से प्राप्त धनराशि को अपनी खेती बारी में लगाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते है। डा सुनील गोयल, वैज्ञानिक, केवीके बरकछा द्वारा उपस्थित किसानों को अन्न भण्डार संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. जेपी राय, वैज्ञानिक द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसान भाई अपनी आमदनी को दूना कर सकते है एवं स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त कर सकते है। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार द्वारा कृषकों को पीएम में आरही समस्याओं के निस्तारण के तरीके के बारे में बताया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में पीएम किसान सम्मान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। 19 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री के कर कमलों से पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जनपद के कुल 278376 कृषकों के खाते में कुल धनराशि रू 55.6752 करोड़ हस्तान्तरित किया गया। जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, बीएचयू बरकछा में लगभग 314 कृषक कृषकगण उपस्थित रहे।

## शिकायतों की सच्चाई परखने के लिए मौके पर करायी गयी क्रॉप कटिंग



लालगंज, मीरजापुर। बरसात थमी नहीं और किसानों की चिंता बढ़ती गई इसी बेचैनी ने प्रशासन को सीधे खेत तक पहुंचा दिया। बुधवार को मुंशीपुरा गांव में संयुक्त मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह अचानक पहुंचे और शिकायतों की सच्चाई परखने के लिए मौके पर ही क्रॉप कटिंग कराई। लगातार गिरती उपज की आशंका को देखते हुए जांच खेत की मेड़ पर खड़े-खड़े शुरू हुई। 10 मीटर की लंबाई-चौड़ाई में की गई कटिंग में धान का वजन 23 किलो निकला। आकलन के मुताबिक औसत पैदावार 13 से 14 क्विंटल प्रति बीघा बैठी, जिसे अधिकारियों ने सामान्य बताया, लेकिन किसान इसे बारिश की मार का शुरूआती संकेत मान रहे हैं। उनका कहना था कि लगातार हो रही फुहारों ने फसल की जड़ें कमजोर कर दी हैं। जिसका असर आने वाले दिनों में साफ दिखेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में फसलों की नियमित निगरानी बढ़ाई जाए। जिससे वास्तविक नुकसान का आंकलन समय रहते हो सके। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उपज में गिरावट दिखते ही आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी। वहीं पर किसानों ने कहा कि खेत में धान की खड़ी फसल का क्राप कटिंग कराया गया है। जो धान की फसल गिरकर या काट कर रखी फसल पानी से नष्ट हो गई उसका उचित मुआवजा मिलना चाहिए। इस मौके पर प्रधानपति राम उजागिर मौर्य के अलावा गांव के किसान मौजूद रहे।

## डीएम ने पीएम श्री जवाहर नवोद्य विद्यालय का किये औचक निरीक्षण




सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बहुआर का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा पंतनगर विश्वविद्यालय, उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु चयनित छात्र प्रियांशु विश्वकर्मा (कक्षा 11) से उनके प्रोजेक्ट सौर ऊर्जा की उपयोगिता, प्रबंधन एवं सोनभद्र जनपद में इसकी व्यवहार्यता पर प्रश्न पूछे और महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। इसके पश्चात उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर पठन-पाठन की प्रगति, डिजिटल बोर्ड पीएम श्री योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 510 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें लगभग 330 बालक एवं 180 बालिकाएँ शामिल हैं। साथ ही अटल टिंकरिंग लैब, बास्केटबॉल तथा तीरंदाजी के बुनियादी ढांचे का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो शीघ्र पूरा हो जाएगा। बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु मांग भी रखी गई। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक, खेलकूद, कला, संगीत, योग एवं कौशल शिक्षा से संबंधित प्रगति की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं एवं जीवनोपयोगी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यकतानुसार सुधार हेतु निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के समग्र विकास के लिए संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह, प्रवक्ता जीवविज्ञान राहुल सिंह, तथा छात्राओं कुमारी स्मृति एवं कुमारी रागिनी (कक्षा 11) द्वारा बुके प्रदान कर स्वागत स्वीकार किया।

संक्षेप

## छात्रवृत्ति पोर्टल फिर खुला, 20 से 26 तक कर सकेंगे आवेदन

देवरिया। शैक्षिक सत्र 2024-25 में संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं में विभिन्न कारणों से छूटे हुए समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल छात्रों के लिए एक बार पुनः 20 नवंबर से 26 नवंबर 2025 तक खोला गया है ।जिन विद्यार्थियों का शैक्षिक संस्था द्वारा मास्टर डाटा लॉक नहीं किया गया था या पूर्व में किसी त्रुटि के कारण उनकी जानकारी लॉक नहीं हो सकी थी, वे अब निर्धारित तिथियों में इसे पूरा करा सकते हैं।इसके तहत–

अधिकारी ने बताया कि जिन छात्रों का वार्षिक सत्यापन एवं वार्षिक साक्ष्य अपलोड लंबित है, वे भी इस अवसर पर कार्य पूर्ण कर सकते हैं।प्रथम चरण की छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है, अब यह अवसर केवल छूटे हुए छात्रों और संस्थानों के लिए प्रदान किया गया है।

# धान क्रय और कृषि समस्याओं का करें समाधानः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

देवरिया ।गांधी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने धान क्रय से सम्बन्धित समस्याओं पर किसान एवं किसान यूनियन के प्रतिनिधियों से जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने बताया कि एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्यों की हिस्सेदारी के अनुरूप रकबा पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है तथा सत्यापन भी लंबित है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला विपणन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कृषकों से कहा कि जिन किसानों के परिवार के सदस्य बाहर रहते हैं, वे बटाईदार के रूप में पंजीकरण कराकर धान का विक्रय सुनिश्चित कराएं।

असमय वर्षा से प्रभावित कुल 356 कृषकों की फसल क्षति के सर्वे में से शासन के मानकों के अनुरूप 300 कृषक पात्र पाए गए हैं, जिन्हें क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी ने धान क्रय से जुड़ी समस्याओं पर 15 दिन बाद, दिसंबर के प्रथम सप्ताह में पुनः बैठक बुलाने के निर्देश दिए, जिसमें सभी उप जिलाधिकारी एवं कृषि सम्बन्धी विभागों को उपस्थित रहने को कहा गया।

बीज एवं उर्वरक की टैगिंग न करने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिए गए। बीज गोदामों पर अधिक मूल्य वसूलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसान दिवस में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब किया।

उप कृषि निदेशक ने गत माह प्राप्त शिकायतों के अनुपालन की जानकारी दी तथा कृषि विभाग की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जनपद हेतु 500 एमटी जिप्सम की आपूर्ति शीघ्र की जाएगी, जिसका वितरण सभी विकास खंडों के राजकीय बीज गोदामों से होगा।



किसानों ने शिकायत की कि पुराने पंजीकरण वाले कृषकों के ऑनलाइन अंगूठा न लगने से बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि नए पोर्टल ह्यदर्शन-02ह्न पर कुछ किसानों की खतौनी व रकबा प्रदर्शित न होने से समस्या उत्पन्न हुई है। समाधान हेतु कृषक अपनी प्रमाणित खतौनी, ?10 का स्टाम्प पेपर व आधार कार्ड के साथ उप कृषि निदेशक कार्यालय में संपर्क करें।उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील की और कहा कि किसी भी समस्या पर नजदीकी राजकीय बीज भंडार से संपर्क किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का सजीव प्रसारण जनपद व विकास खंड स्तर पर देखा गया। साथ ही कृषि सूचना तंत्र योजना के अंतर्गत एक दिवसीय गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा), जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), अधिशासी अभियन्ता (नहर), सहायक अभियन्ता (नलकूप), अग्रणी जिला प्रबंधक, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रभारी कृषि रक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। किसान संगठनों से भा.ज.पा. जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप शाही, भा.कि.यू. के इंजीनियर अतुल मिश्रा, कौशलेश नाथ मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा तथा प्रगतिशील कृषक सत्याग्रहण सरोज, सदानन्द यादव सहित अनेक कृषक उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनायी गयी



देवरिया ।जिला कांग्रेस कमेटी ने आज देश की पहली महिला भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती समारोह में जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के नेताओं ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश को मान्यता देकर विश्व के भूगोल को बदलने का काम किया। उन्होंने 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश को समर्पित किया। इंदिरा गांधी ने 18 मई 1974 को भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को हैरत में डाल दिया था।

इससे पहले कांग्रेस द्वारा टाउन हॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई और अध्यक्ष के साथ कांग्रेसी नेताओं ने भाग लिया, जिनमें वरुण राय,जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, संजीव कुमार मिश्रा, आलोक त्रिपाठी राजन, शिव शंकर सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, ऋषिकेश मिश्रा, सुहेल अंसारी,सुनील यादव,मधु शर्मा, शहनाज जफर,विनोद दुबे,सुभाष राय,जवाहरलाल बरनवाल,राजकुमार यादव, नागेंद्र शुक्ला,दिनेश मिश्रा, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, नौशाद राजा,अली आदि शामिल रहे।

## पराविधिक स्वयंसेवक के लिए आवेदन आमंत्रित

देवरिया । सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया मनोज कुमार तिवारी-क्कने बताया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया में पराविधिक स्वयंसेवकों का चयन किया जाना है। जिला स्तर पर 07 तथा तहसील स्तर पर 05, इस प्रकार कुल 12 पराविधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति प्रस्तावित है।इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में नियुक्ति हेतु अध्यापक, सेवा निवृत्त राजकीय कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, डॉक्टर, लॉ स्टूडेंट, गैर-राजनीतिक व्यक्ति, एनजीओ/क्लब/सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। पराविधिक स्वयंसेवकों को वेतन देय नहीं होगा, परंतु समय-समय पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा। चयन एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा तथा चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। भरे हुए आवेदन पत्र 27 नवम्बर 2025 को अपराह्न 05.00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर, ए.डी.आर. भवन, देवरिया में जमा करना अनिवार्य है। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

## आयुर्वेद- आरोग्य के अधीन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

देवरिया। नगर के सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के माधव सभागार में सीबीएसई बोर्ड के दिशा निर्देश और विद्या भारती के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ढाई हजार बच्चों का पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुवेर्द आरोग्य के अनुरूप सभी छात्रों के लीवर, किडनी, हृदय, श्वसन, बीएमआई, नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण, रक्तचाप, व शारीरिक विकास की जांच की गयी ।इस संबंध में जांच टीम का नेतृत्व कर रहे डा. गिरिजेश ने बताया कि यु-डायस और सीबीएसई के निदेर्शानुसार प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट के वैयक्तिक आंकड़े यु डायस के रिकार्ड में शामिल किए जाने हैं और इस रिपोर्ट की एक प्रति अभिभावक को दिया जाना है ।डा. गिरिजेश जी ने कहा कि किडनी लीवर हृदय और श्वसन प्रणाली की जांच तकनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जिसमें रक्त प्लाज्मा के संपर्क से प्रमुख अंगों के अद्यतन स्थिति का अध्ययन किया जाता है जिसमें गलतियों की संभावना बहुत कम हो जाती है ।और रिपोर्ट के आधार पर प्रत्येक अभिभावक को बच्चे को स्वास्थ्य को लेकर सलाह और काउंसलिंग की जाएगी ।जांच टीम में पैथोलॉजी लैब के लिए कुमारी आकांक्षा व काजल सिंह, बतौर फिजिशियन डॉ आर. के. राय, डा. अंकिता शर्मा, न्युट्रिशियन डा. एच. के. चौबे, आप्टीशियन डा. सुधीर कुमार व डा. सुशील कुमार मौजूद रहे। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रमुख अंगों की कार्य गतिविधियों को देख कर बच्चे के रोमांचित हो रहे थे ।कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान धन्वंतरि के चित्र पर प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी और डा. गिरिजेश जी द्वारा दीप प्रज्वलित वपुष्पार्चन करके हुआ ।इस अवसर पर विद्यालय के चिकित्सा प्रमुख श्री सुधीर सिंह, कौशल सिंह, अरविंद मोहन आदि उपस्थित रहे।

# डॉ.संदीप अरुण ने बढ़ाया कुशीनगर का मान

कुशीनगर। आम रोगियों के प्रति समर्पण व चिकित्सा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य किये जाने के लिए कुशीनगर जनपद ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव को फेलोशिप सम्मान से नवाजा गया है। डॉ. संदीप आयोजन किया गया था जहां चिकित्सा के क्षेत्र में कुशीनगर जनपद के गौरव व ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव को आम रोगियों की सेवा व चिकित्सा के क्षेत्र मे विशेष योगदान दिये जाने पर फेलोशिप

**इंडियन एसोसिएशन आफ क्लिनिकल मेडिसन द्वारा चडीगढ़ में आयोजित वार्षिक सम्मेलन मे फेलोशिप सम्मान से डॉ. संदीप हुए सम्मानित**

को यह सम्मान इंडियन एसोसिएशन आफ क्लिनिकल मेडिसन द्वारा चडीगढ़ मे आयोजित वार्षिक सम्मेलन मे दिया गया। यह सम्मान चिकित्सको के उनके निस्वार्थ सेवाभाव, बेहतर उपचार व चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने के लिए दिया जाता है।

डॉ. संदीप को मिले इस सम्मान से कुशीनगर का नाम जहा एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पहुंचा है वही चिकित्सा व समाज सेवा के क्षेत्र से जुडे लोगो ने डॉ. संदीप अरुण को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी है ।बतादे कि कि इंडियन एसोसिएशन आफ क्लिनिकल मेडिसन के तत्वावधान मे 15 नवम्बर को वार्षिक सम्मेलन का से सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि सम्मेलन मे देशभर से पधारे जाने-माने चिकित्सको के बीच फेलोशिप सम्मान के लिए जब कुशीनगर के डॉ.संदीप अरुण के नाम की घोषणा की गई तो पूरा हाल तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। स्वास्थ्य सेवाओं को सरल व सुलभ बनाने, चिकित्सा के क्षेत्र मे नयी तकनीकी अपनाने, गरीब व निराश्रित रोगियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए सेवाभाव से उपचार करने के लिए डॉ. संदीप अरुण का विशेष योगदान मानते हुए सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद डॉ. संदीप ने कहा कि चंडीगढ़ आयोजित वार्षिक




सम्मेलन में फेलोशिप से सम्मानित किए जाने पर मैं स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।उन्होने कहा कि यह सम्मान मुझे चिकित्सा के क्षेत्र में अपने ज्ञान को और समृद्ध करने तथा अपने मरीजों की बेहतर सेवा करने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

### चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर ने दी शुभकामनाएं

चंडीगढ़ के वार्षिक सम्मेलन मे सम्मानित डॉ. संदीप अरुण को पडरौना श्रीचित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर अजयश्रीदास ने शुभकामना देते हुए बधाई दी है।

श्रीदास ने कहा कि डॉ. संदीप कुशीनगर जनपद के गौरव है उन्होंने यह सम्मान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर कुशीनगर का मान-सम्मान बढाया है ।मेरी शुभकामना है वह निरंतर आगे बढकर देश का मान बढाये।

## कांग्रेस लड़ रही संविधान की रक्षा की जंगः भानु प्रताप सिंह



कुशीनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कसया नगर स्थित कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न इंदिरा गांधी को जयंती अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया ।आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष वृंदा प्रजापति ने कहा कि आयरन लेडी के नाम से विश्व में प्रसिद्ध स्व. गांधी ने विकसित भारत की आधारशिला रखी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अनुज मिश्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. गांधी ने राष्ट्र हित में अपने प्राणों की आहुति दी। अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व क्षमता की चर्चा करते हुए कहा कि दिखाए मार्ग पर चलकर आज कांग्रेस पार्टी आम जन के न्याय दिलाने और संविधान के रक्षा की लड़ाई लड़ रही है। नगर महिला अध्यक्ष सीमा भारती, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अरुण कुमार चौबे ने भी अपने विचार रखे। ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, बृजेश जायसवाल, रोहित गौड़, दीपचंद कुमार, राजेश यादव, अवनीश भारती, आदित्य कुमार आदि सहित पार्टी जन शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने हेल्प डेस्क का किया निरीक्षण

देवरिया, । मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षणझ्र2026 के तहत जिलाधिकारी श्दिव्या मित्तल ने मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित निर्वाचन हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से फॉर्मझ्र6, 7, 8 से संबंधित कार्य, शिकायतों के निस्तारण तथा मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण अवधि में हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हेल्प डेस्क पर आने वाले लोगों को स्पष्ट, त्वरित और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

इसके बाद डीएम ने डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट सेंटर में संचालित टोल फ्री नंबर 1950 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कॉल रिसीविंग, शिकायत पंजीकरण और समाधान की स्थिति जानी। डीएम ने कहा कि 1950 पर आने वाली प्रत्येक कॉल का जवाब जिम्मेदारी से दिया जाए, ताकि नागरिकों को निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी आसानी से मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का भी मासिक निरीक्षण किया।

उन्होंने मशीनों की सुरक्षा, सील, सीसीटीवी निगरानी, लॉगबुक व अन्य अभिलेखों की जांच की और वेयरहाउस प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरानअपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जैनेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश निगम, वरिष्ठ सहायक विजय पांडेय, निर्मल कुमार, भावना निषाद, हेल्प डेस्क प्रभारी विपिन दुबे, सहायक अध्यापक उग्रसेन सिंह सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

जिला संवाददाता

बहराइच ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में

- **06 फरवरी 2026 को होगा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन**
- **24 से 30 दिसम्बर तक प्राप्त किये जायेंगे दावे एवं आपत्तियां**

निर्धारित की गई समयसारिणी में आंशिक संशोधन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करने का कार्य (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 14 अक्टूबर से 10 दिसम्बर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य 11 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा ।आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 24 से 30 दिसम्बर 2025 तक किया जा सकता है तथा दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने का कार्य 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर, 2025 तक किया जायेगा इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसम्बर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक किया जाना तथा दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 07 जनवरी से 12 जनवरी, 2026 तक पूर्ण किया जायेगा।

संशोधित समयसारिणी के अनुसार दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 13 जनवरी से 29 जनवरी, 2026 तक की जायेगी

तदोपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 30 जनवरी से 05 फरवरी जनवरी 2026 तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 06 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।

## खोरीबारी के एकला टोला से डेमुशा सड़क मार्ग का होगा कायाकल्प

भटनी(देवरिया)।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम खोरीबारी एकलाटोला से डेमुशा के पीच सडक मार्ग में मिलने वाली सडक का होगा कायाकल्प ।इस सम्बन्ध मे विधायक सुरेन्द्र चौरसिया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज से खोरीबारी चौराहे के एकला टोला से डेमुशा सडक मार्ग के एक किलो मीटर सडक के निर्माण के लिएमिल कर प्रस्ताव दिया ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के पहल पर इस सडक मार्ग के निर्माण के लिए 95लाख 34हजार रुपये का धन अवमुक्त हो गया है ।शीघ्र ही सडक निर्माण के लिए सारी औपचारकताएं पुरी कर सडक का निर्माण आरम्भ हो जायेगा ।इस सड़क के निर्माण के लिए विधायक की पहल की प्रशंसा करते हुए मण्डल मंत्री मुन्ना राय धीरेन्द्र प्रकाश राय सुधान्शु रायसुनील राय त्रिभुवन राय रामान्द यादव शनिवेश राय ओमप्रकाश यादव व विवेक राय ने बधाई देते हुए कहा कि इस सडक के बन जाने से क्षेत्रीय लोगो को सहुलियत मिलेगी ।लम्बी दूरी तय कर पीच मार्ग नहीं जाना पड़ेगा ।

## शत- प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग करें सीएचओःसीएमओ

देवरिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के धनवंतरी सभागार में बुधवार को सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत के लिए टीबी और एनसीडी स्क्रीनिंग से सम्बंधित समीक्षा बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के साथ की गई। बैठक में पथरदेवा, रामपुर कारखाना, देसई देवरिया और तरकुलवा ब्लॉक के सीएचओ ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सीएमओ ने लापरवाही पर सभी को फटकार लगाते हुए लक्षित आबादी का 30 प्रतिशत उच्च जोखिम वाली आबादी का शत प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग कराने का निर्देश दिया। सभी सीएचओ अपने सेंटर पर नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएं। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी सीएचओ ईमानदारी के साथ बेहतर कार्य करें।

समुदाय के बीच जाकर कैम्प के माध्यम से टीबी की स्क्रीनिंग करें। टीबी के मरीज को समुचित जानकारी व इलाज में मदद करने, टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करने पर विशेष जोर दें। सभी को टीबी से कैसे बचाव, रोग होने पर तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रशिक्षण दिया गया गया है। इस लिए इस कार्य को गंभीरता के साथ पूरा करें। इसके साथ ही सीएमओ ने कहा कि सीएचओ 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की शत-प्रतिशत एनसीडी (गैर-संचारी रोग) स्क्रीनिंग करनी करें, जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर (मौखिक, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा) शामिल हैं। जिसका उद्देश्य समय पर रोगों का पता लगाना और उपचार करना है। सभी पात्र व्यक्तियों की स्क्रीनिंग हो सके ताकि रोगों का शीघ्र पता लगाकर जोखिम को कम किया जा सके। सीएचओ डीबीडीएमएस पोर्टल से शत प्रतिशत इंडेट कर दवा ड्रग हॉउस से लेना सुनिश्चित करें। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर ट्रिपल ए की बैठक में आशा व आंगनबाड़ी का उपस्थिति सुनिश्चित करें, सभी 14 प्रकार की सभी जांच करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसीएमओ आरसीएच डॉ अजय शाही, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डीटीओ डॉ राजेश, डीसीपीएम डॉ राजेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला संपन्न

देवरिया । जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में, तथा जीआईटीआई और कौशल विकास मिशन के सहयोग से जीआईटीआई परिसर, देवरिया में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सदर सांसद मा० शशांक मणि त्रिपाठी के सौजन्य से क्वेश कार्प एवं ब्लू स्प्रिंग कम्पनी द्वारा आयोजित हुआ रोजगार मेले में के.के. राम, प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई देवरिया, रोहन अपूर्व सिन्हा, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी, तथा अतिर कुरहमान, एमआईएस मैनेजर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य एवं सेवायोजन अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक चयन प्रमाणपत्र प्रदान किए ग मेले में कुल 641 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 341 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। कौशल विकास मिशन एवं सेवायोजन कार्यालय के कार्मिक–सिद्दीकी, गौरव, चन्द्रभूषण सिंह, गोविन्द आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई ।प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई एवं प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा असफल अभ्यर्थियों को पुनः परिश्रम कर अगली बार सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्रवाई निपुण आंकलन की तैयारी तेज

कुशीनगर। डायट परिसर में बुधवार को आयोजित शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक में डायट प्राचार्य/बीएसए डा. रामजियावन मौर्य ने कहा कि निपुण भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

गत मंगलवार को न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित संकुल बैठक में शिक्षकों की कम उपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनहोने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अनुपस्थित प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक को कड़ी चेतावनी दी जाए। अगली बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निपुण कार्ययोजना को लागू करने हेतु ब्लॉक व विद्यालयों को अतिरिक्त समय दिया जा रहा है। विद्यालयों में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

इस सत्र में कक्षा 1 व 2 के छात्रों का दो चरणों में थर्ड पार्टी निपुण प्लस एप



से आकलन होना है। प्रथम चरण का आकलन आगामी 4 दिसंबर से डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा कराया जाएगा, जिसका रोस्टर डायट स्तर से तैयार किया जा रहा है। बताया कि सभी बीईओ को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रधानाध्यापकों को निपुण आकलन की प्रक्रिया विस्तार से समझाने, आकलन के दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने और सभी शिक्षकों को होम विज़िट व अभिभावक बैठकें नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए गए। मेंटरों को अपनी कार्ययोजना के अनुसार विद्यालयों का अनुश्रवण करने, संघर्षशील व मध्यम विद्यालयों को पूरा सहयोग देने तथा संदर्शिकाओं से अध्यापन व कार्य पुस्तिकाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। निपुण प्लस एप से बच्चों का निरंतर आकलन ही लक्ष्य प्राप्ति का मूल आधार बताया।

स्पष्ट किया कि इस सत्र में शत-प्रतिशत विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाया जाना है। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार सिंह, बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी, डायट प्रवक्ता चंद्रशेखर कुमार, शिवनाथ चक्रवर्ती, प्रीति सिंह, अर्चना सिंह, एसआरजी राम प्रकाश पाण्डेय, एआरपी प्रभुनाथ शुक्ल, सुनील वर्मा, शिक्षक संकुल तस्लीम अंसारी, संदीप तिवारी, अमर सिंह, तारिक अंसारी, गीता आदि उपस्थित रहे।

## लाभ के लिए पंजीयन/नवीनीकरण कराने की श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने की अपील



कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 20 महंथ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महंथ) स्थित निमार्णाधीन पर्यटन थाना परिसर में श्रम विभाग द्वारा शिविर के माध्यम मजदूरों को पंजीयन/नवीनीकरण के लिए जागरूक किया गया और 20 श्रमिकों का पंजीयन किया गया ।बुधवार को आयोजित शिविर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और विभाग से लाभ प्राप्त करने के लिए मजदूरों को विभाग में पंजीयन/नवीनीकरण कराने की अपील की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपाध्याय ने उपस्थित मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यूपी बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराने को कहीं ताकि विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। इस दौरान शशि शेखर मिश्र, मुकेश, आनंद, शंभू, नीलम, रंजीत, किशन, रजनीश, मनोज, राम सकल, गणेश, गोलू सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

संक्षेप

## नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां अंतर्गत एक ग्राम बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से घुसकर 75 हजार की नकदी समेत लाखों रुपए के जेवर चुरा ले गये। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवा मजरा सरवा जलालपुर निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र श्री राम सिंह के घर 1 बजे से 3.30 बजे के मध्य चोरी की घटना हुई। जिसमें चोर छत से जीने के रास्ते घर में दाखिल हुए घर में सो रहे बेटे तथा बहू को कमरे को बाहर से बंद कर दिया। उसके पश्चात जिस कमरे में बक्सा आदि सामान रखे थे। उनका ताला तोड़कर तथा एक बक्सा जिसका ताला नहीं टूटा उसे अपने साथ उठा ले गये। जिसको घर से 500 मीटर दूर छोड़ दिया। उसका कुंडा निकला हुआ मिला। घर की छत पनारे से एक साड़ी लटकी मिली। ऐसा लगता है कि छत के रास्ते वापस चले गये। घर के लोग जब जगे तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था तो फोन कर बाहर लेटे अपने पिता को फोन कर बताया कि मेरा कमरा बाहर से बंद कर दिया गया है। खोलने पर पिता तथा पुत्र ने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जेवरात के डब्बे तथा 75000 कैश तथा ज्वेलरी का समस्त सामान गायब मिला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर थाना रामपुर कला की टीम सुबह से ही मौके वारदात का पुलिस निरीक्षण कर रही थी। जांच के दौरान क्षेत्र अधिकारी सिधौली एडिशनल एसपी सीतापुर तथा सत्येंद्र सिंह एचओजी की टीम सहित मौके पर पहुंचे थाना इंचार्ज रामपुर कला मौके पर मौजूद रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आज एक हृदय विदारक दुर्घटना सामने आई है। जहाँ रेलवे लाइन पार करते समय एक मालगाड़ी की चपेट में आने से मां और उसकी मासूम बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अवंतीबाई नगर के आउटर सिग्नल के पास हुआ। मृतका की पहचान काजल उम्र 23 वर्ष पत्नी सतेंद्र, निवासी इतवारपुर, सहावर के रूप में हुई है। जो अपनी मासूम बेटी के साथ रेलवे लाइन पार कर रही थीं। मालगाड़ी की तेज रफ्तार की चपेट में आने से माँ और बेटी दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। मृतका की पहचान होने पर उनके पति सतेंद्र और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## नव युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला

रेउसा (सीतापुर)। थानगांव थाना क्षेत्र के थौरा ग्रामसभा की एक नव युवती को बहला-फुसलाकर भगाए जाने का मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। पीड़ित युवती के पिता द्वारा घटना के दिन गैर समुदाय के आरोपी युवक के विरुद्ध थानगांव थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। किंतु आरोपित की अब तक गिरफ्तारी न होने से परिजन और क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर कश्यप व विधानसभा अध्यक्ष वेदनाथ निषाद सहित आधा सैकड़ा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने थानगांव पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपित युवक की अति शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस द्वारा प्रभावी कदम न उठाए जाने से पीड़ित परिवार भय और असमंजस की स्थिति में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष थानगांव विमल गौतम का कहना है कि मामले की जांच की छानबीन चल रही है। साथ ही आरोपित की तलाश में टीमों को लगाया गया है। जल्द ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन भी दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बने रहने के कारण ग्रामीणों में भी चिंता व्याप्त है। पीड़ित परिवार उचित न्याय की गुहार लगा रहा है।

# चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्रांतर्गत बिहार तिराहा पर बुधवार को थानाध्यक्ष राहुल सिंह गौर के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम ने भी सहभागिता की।

अभियान के दौरान राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस टीम ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही है, इसलिए सुरक्षित ड्राइविंग अत्यंत आवश्यक है। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, ट्रैफिक संकेतों का पालन करें और स्टंटबाजी से दूर रहें। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग की अपेक्षा जताई।

## नवागत बीएसए से मिलकर शिक्षक संगठन ने बतायीं समस्याएं

उन्नाव। नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक संवाद किया। जूनियर शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्यों ने शिक्षकों के पदोन्नति, संसाधनों की कमी, वेतन संबंधी समस्याओं तथा शिक्षण कार्य को और सुचारू बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडेय ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाएगी। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। जूनियर शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई कि नवागत अधिकारी के सहयोग



से शिक्षा विभाग में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

## नायब तहसीलदार ने एसआईआर फार्म संबंधी कार्यों की जानकारी ली

पाटन, उन्नाव। नायब तहसीलदार ने क्षेत्र में भ्रमण कर एस आई आर फार्म की जानकारी ली। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार नायब तहसीलदार क्षेत्र में भ्रमण करके एस आई आर फार्म की जानकारी के लिए भ्रमण किया।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में मतदाता पहचान के लिए एस आई आर फॉर्म बी एल ओ घर-घर जाकर पूर्व निर्वाचन लिस्ट के अनुसार वर्तमान लिस्ट का मिलान करते हुए फॉर्म भराए जा रहे हैं जिसमें मतदाता की फोटो आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज की जानकारी फॉर्म में भरी जा रही है। तहसील के सक्षम अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करके लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि हर व्यक्ति की पहचान सही हो सके। क्षेत्र में कोई अपराधिक या



विदेशी व्यक्तित्व तो नहीं रह रहा है इसके नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव क्षेत्र का भ्रमण कर जानकारी ली।

## कल्याणी तालाब को सुंदर बनाने पर उपाध्यक्षा ने लगायी मुहर



उन्नाव। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा अपर्णा यादव ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों एवं उनके बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कारागार में आवासीत महिला एवं बच्चों को फल, चॉकलेट, वस्त्र इत्यादि का वितरण करते हुए कारागार अधीक्षक पंकज सिंह को शासन के निदेर्शानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद वह टिकर गढ़ी स्थित आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय की बच्चियों से शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर विद्यालय की अधिक्षिका को पठन-पाठन, शिक्षा सामग्री, खेल, मनोरंजन, भोजन, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। बच्चियों की मांग पर उन्होंने विद्यालय को ओपन जिम की सौगात भी दी है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रमो को भी देखा और छात्राओं का जन्मदिन भी मनाया। बच्चो से वन्देभारत का गान सुना और तारीफें की। इसके बाद वह पीडब्ल्यूडी स्थित अतिथि गृह पहुची। उन्होंने वहां जनसुनवाई करते हुए सम्बंधित अफसरो को आदेश भी दिए। सरोसी में ग्राम चैपाल में भी महिलाओं से वार्ता कर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## दवा व्यापारियों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

उन्नाव। औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) और ड्रग एसोसिएशन की अध्यक्षता में बुधवार को यहाँ एक स्थानीय होटल में दवा व्यवसाइयों और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी।

पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चल रहे ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला में दवा व्यापारियों को डायरिया से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गयी। इसके साथ ही ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान को लेकर गहन विचार-विमर्श भी हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मेडिकल स्टोर पर आने वालों को डायरिया के बारे में जानकारी देना, उससे बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया के सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसमें केमिस्ट बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला में डायरिया सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री (पम्पलेट, हैंगर, पोस्टर व टेबले कैलेंडर) उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया, ताकि कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा सके। औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की इस तरह की कार्यशाला के आयोजन के लिए पीएसआई इंडिया की सराहना की और आश्वासन दिया कि आगे भी वह इस तरह के कार्यक्रमों में सहयोग करते रहेंगे। इसके साथ ही यही भी कहा कि सभी लोग अपने-अपने घरों में ओआरएस और जिंक जरूर रखें ताकि डायरिया की स्थिति में तत्काल इसे बच्चे को मुहैया कराया जा सके। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक बाजपेई ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला का समापन किया। कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ ही पीएसआई इंडिया से गजेंद्र सिंह, अनुरेश सिंह व अशरफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति की नयी कमेटी गठित

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे स्थित ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की श्री सिद्धेश्वर राधाह्रकृष्ण मंदिर प्रबंध समिति की कमेटी के रिक्त पदों पर मनोनयन किया गया। अध्यक्ष अनिल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बैठक में ऑडिटर राम आसरे पांडेय ने मंदिर के सुचारु एवं सफल संचालन के लिए नई टीम की आवश्यकता पर बल दिया। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद निम्न पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। मंदिर विकास मार्गदर्शक मंडल का अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, संरक्षक डॉ. पीयूष जायसवाल, मंत्री अनूप बाजपेयी, कोषाध्यक्ष आलोक जायसवाल, उप प्रबंधक नवदीप मिश्रा, प्रचार मंत्री प्रमोद पांडे, सदस्य रामलखन शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, ऋतिक रस्तोगी, ऋषभ शुक्ला को मनोनीत किया। अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कहा कि नई कमेटी मंदिर के विकास, साफ-सफाई, महोत्सवों के आयोजन और भक्तों की सुविधाओं को प्राथमिकता देगी।

## अवैध शराब बरामद, 300 किग्रा लहन नष्ट किया गया



मौरावां, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम ह्रगपालगंज, हड़हरा में मुखबिर खास की सूचना पर सई नदी के किनारे ड्रोन के माध्यम से छापेमारी की। इस दौरान कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लगभग 300 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी टीम की छापेमारी से अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## भारतीय स्वाभिमान का नाम इंदिरा गांधीः महेश द्विवेदी

फतेहपुर। पूर्व प्रधान मंत्री की जयंती पर कांग्रेस की गोष्ठीआज कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने एक गोष्ठी कर उनके कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें देश का स्वाभिमान बताया।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि हम सदैव उस महिला के ऋणी रहेंगे जिसने भारत को विश्व पटल पर मजबूती के साथ रखा एवं स्वाभिमान और देश को एक सूत्र में पिरोय रखने में अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने सदैव लोकतंत्र को सर्वोपरी रखा, इमरजेंसी के बाद भी उन्होंने अपनी हार स्वीकार की और आज मोदी को उनसे सीख लेनी चाहिए, परंतु देश को तोड़ने वाले देश जोड़ने की बात कैसे सोच सकते हैं। वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला ने कहा कि आज देश उसी आयरन लेडी को याद कर रहा है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने कहा कि आज भारत में लोकतंत्र के साथ हो रहे खिलवाड़ को देख इंदिरा जी की आत्मा कराह रही होगी। आयोजित कार्यक्रम में ही जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में तमाम लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिनमें राम प्रकाश बाजपेई, अंकित अवस्थी, संतोष कुमार मिश्रा, राजीव कुमार तिवारी, दिनेश सिंह, कंचन लाल सविता, जगत किशोर मिश्रा, सर्वेशशुक्ला, आदि रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, मणि प्रकाश दुबे, हिदायत उल्ला खां, अनुराग नारायण मिश्र, सुदेश पांडेयअजय बच्चा कौशल कुमारशुक्ला, फजलुर्रहमान, नसीम अंसारी, शकीला बानो, मो. अकरम काले, वकील खान, हम्माद हुसैन, मौजूद रहे।

## बैटरी आटो पलटा, दो महिलाएं घायल

सिधौली (सीतापुर)। हाईवे संख्या 30 पर कुचैरा बंगला के निकट सिधौली से लखनऊ जा रहा बैटरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दो महिलाएं घायल हो गयी। दोनों घायलों को सीएचसी सिधौली में भर्ती किया गया। बताते चलें कि सोनी शुक्ला 28 वर्ष पत्नी हरिओम शुक्ला व सुमन 30 पत्नी विकास निवासी आईएम रोड लखनऊ अपनी एक अन्य महिला साथी के साथ जो बुधवार की शाम चार बजे सिधौली से ई-रिक्शा पर सवार होकर लखनऊ जा रही थी। तभी हाईवे पर मनवां चैकी से पहले तेज रफ्तार ई-रिक्शा मवेशी को बचाने के चलते अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दोनों महिलाएं घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## मानस मार्केट रामलीला ग्राउंड पर अवैध कब्जा



फतेहपुर। शहर के बीचों-बीच स्थित मानस मार्केट रामलीला ग्राउंड पर अवैध कब्जे, फर्जी कमेटियों के खेल और प्रशासनिक मिलीभगत के गंभीर आरोपों ने जिले की व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम द्वारा हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ को भेजी गई विस्तृत शिकायत के बाद मामला और तूल पकड़ चुका है। शिकायत में साफ कहा गया है कि रामलीला मैदान—जहां वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते आए हैं—को कुछ लोगों ने मिलकर निजी कमाई का अड्डा बना दिया है। धार्मिक स्थल को किराए पर देकर व्यावसायिक प्रदर्शनी लगवाना, अवैध टैक्सी स्टैंड चलवाना और अवैध निर्माण करना—ये आरोप सीधे-सीधे प्रशासन की नाकामी और कथित मिलीभगत को उजागर करते हैं।31 दिसंबर के आओ फिर से दिया जलाएं कार्यक्रम को रोकने की साजिशफोरम ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि 31 दिसंबर 2025 को होने वाले वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आओ फिर से दिया जलाएं जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है को कुछ लोग मिलकर रोकने की सुनियोजित कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनी और अवैध कब्जों के कारण कार्यक्रम की व्यवस्था बाधित हो रही है, और फर्जी कमेटी के नाम पर मैदान की जबरन बंदरबांट की जा रही है। फोरम ने इसे सांस्कृतिक विरासत पर सीधा हमला बताया है।

## गांजा तस्कर को अभयदान, विक्रेता गिरफ्तार



फतेहपुर। थाना किशनपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 5 किलो 104 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना किशनपुर पुलिस को गुरुवार को सफलता मिली।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने यू.पी. मार्का ईंट भट्ठा के पास, ग्राम नरैनी थाना किशनपुर क्षेत्र से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से 5.104 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रितिक सैनी पुत्र नरेश सैनी, निवासी ग्राम झाल, थाना असोथर, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 19 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही बरामदगी की कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना किशनपुर में मु.अ.सं. 290/2025 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थाना प्रभारी किशनपुर ने बताया कि अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर माननीय न्यायालय फतेहपुर भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, और किसी भी हालत में ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जन सुनवाई में सुनी शिकायतें

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी बुधवार को सीतापुर की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं। जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है जो राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाता है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को समझा जा सके।

## समाज हित में सक्रिय योग्यता निभायें युवा

फतेहपुर। प्राचार्य डॉ० राजेश कुमार यादव के नेतृत्व मेंस्सामुदायिक स्वास्थ्य में युवाओं का योगदानस्विषय पर सामाजिक सरोकार समिति द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे समाज में सामुदायिक स्वास्थ्य का विकास तभी संभव है जब युवाओं को सक्रिय रूप से इस कार्य में शामिल किया जाए। युवाओं की भागीदारी से स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, और पोषण संबंधी पहल अधिक सशक्त और व्यापक होती हैं।युवा न केवल अपने बीच सही स्वास्थ्य व्यवहार अपनाते हैं, बल्कि अपने परिवार और समूचे समुदाय को भी स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। छात्राओं को ऐसी योजना में भाग लेना चाहिए जो युवाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करें और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य के संरक्षक बनाएँ।यही योगदान हमें स्वस्थ और विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रभारी डॉ०ज़िया तसनीम ने किया।धन्यवाद ज्ञापन समिति सदस्य डॉ० अनुष्का छौंकर ने किया।कार्यक्रम के संचालन में समिति सदस्य आनंद नाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर प्रो० शकुंतला, प्रो० लक्ष्मीना भारती, प्रो०प्रशांत द्विवेदी, डॉ०चारू मिश्रा, डॉ०शरद चंद रॉय, डॉ०रमेश सिंह, डॉ०मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ०चंद्र भूषण, और डॉ० बृजेश पाल सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## स्वास्थ शिविर में लोगों को जागरूक किया

पुरवा, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा की टीम द्वारा महाराजा ब्रिक फिल्ड भट्ठा में आई सी टी सी से महेश कुमार द्वारा जाँच शिविर लगाया गया। जिसमे भट्ठा में बाहर से पलायन कर सभी मजदूरों की एच आई वी की जांच की गई। और सभी को इसके बारे में जानकारी दी गई और इसके फैलने और बचाव



के कारण बताए गए। सामाजिक लक्षण और भेदभाव को दूर कर समानता का व्यवहार लाने की बात किया। स्वास्थ्य शिविर में आईसीटीसी सेंटर से महेश कुमार और अर्चना, भट्ठा संचालक यूसुफ खान और मोहम्मद जीसान और मुनीम बिंदा प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

संदना (सीतापुर)। विकास खण्ड गोंदलामऊ क्षेत्र में पिछले लगभग एक माह से ग्रामीणों के बीच दहशत का पर्याय बना तेंदुआ बुधवार सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। मिश्रिख रेंज के रामपुर खेवटा गांव स्थित मुनीन्द्र अवस्थी के फार्म के पास जंगल में यह तेंदुआ पिंजरे में फंसा हुआ मिला। इस सफल कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों ने गहरी राहत की सांस ली है। यह तेंदुआ पिछले एक महीने से गोंदलामऊ क्षेत्र के कई गांवों में घूम रहा था। जिसके कारण किसानों और स्थानीय निवासियों में भारी डर का माहौल था। दहशत इतनी थी कि लोग अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे थे, और छोटे बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए भी ग्रामीणों को खुद साथ जाना पड़ रहा था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को कब्जे में लिया। क्षेत्रीय वन दरोगा अनिल यादव ने बताया कि कैद हुए तेंदुए को पहले वन विभाग कार्यालय ले जाया जाएगा। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार इसे किसी चिड़ियाघर या दुधवा नेशनल पार्क में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया जाएगा। तेंदुए के पकड़े जाने से क्षेत्र के निवासियों ने वन विभाग की कार्रवाई की सराहना की है।

## कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में बच्चों ने किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्य कुण्ड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में सजे रंगमंच पर नन्हे मुन्ने बच्चों का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का संयोजन ग्रुप आफ लाइफ साइंस अकादमी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य नाटक वह कव्वाली के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया तथा एकल नृत्य में अमीन अंसारी प्रथम समीक्षा शर्मा द्वितीय व नसरा तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप डांस में आरोही ग्रुप प्रथम स्थान शाहनवाज ग्रुप द्वितीय स्थान और सोनम ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर धीरेन्द्र वर्मा द्वितीय स्थान पर हरिओम गुप्ता और तृतीय स्थान पर सौरभ दीक्षित रहे। वहीं नाटक प्रतियोगिता में जैसी करनी वैसी भरनी प्रथम स्थान पर रहा तथा सास बहू वाला द्वितीय स्थान पर। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर प्रोग्राम के संयोजक ग्रुप आफ लाइफ साइंस अकादमी के प्रबंधक एहतेशाम हुसैन ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक डायरी और मेडल पेन से सम्मानित किया और बच्चों के उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। उन्होंने कहा की पढ़ाई तो जीवन में आगे बढ़ने का साधन तो है ही लेकिन हमारे अन्दर जो भी प्रतिभाएं हैं। उन प्रतिभाओं को भी हमें निखारना चाहिए इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए हमें ऐसे मंच मिलते हैं। जिसके माध्यम से हम अपने प्रतिभाओं के बल पर आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव के सभासद शोएब खां, हारून कुरेशी, मंसूर अली, ऋषभ गुप्ता, मोहम्मद सलीम, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद अनीस, कन्हैयालाल जोशी, समाजसेवी शारिक अली, ताहिर अली, अर्पित त्रिपाठी, अनमोल जायसवाल, रंजीत नगर पंचायत के कर्मचारी अतुल गुप्ता, अहिबरन लाल, दीपक कुमार, सुशील कुमार मिश्र, मोनू गुप्ता, चमन अवस्थी सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन श्वेतांक दीक्षित ने किया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में मनोज दीक्षित व सौरभ सक्सेना शामिल रहे। इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां शोएब खानने कार्यक्रम के संयोजक एवं लाइफ साइंस एकेडमी के प्रबंधक एहतिशाम हुसैन सहित श्वेतांक दीक्षित निर्णायक मंडल के मनोज दीक्षित एवं सौरभ सक्सेना को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में की जोर आजमाइश

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अन्तर्गत चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में हो रही दंगल प्रतियोगिता काफी दिलचस्प रही। कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव के तहत हो रही दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां एवं सभासद शोएब खां हारून सभासद किया गया। नगर पंचायत के लहरपुर-हरगांव मार्ग पर राष्ट्रीय एकता विराट दगंल के आयोजन में पहलवानों ने काफी जोर आजमाइश की। पहली कुश्ती गोलू पहलवान बनारस और विक्की पहलवान बिहार के साथ हुई। काफी देर तक कुश्ती हुई। जिस पर दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। दूसरी कुश्ती शेरा पहलवान पंजाब और रिजवान पहलवान राजस्थान के साथ हुई। जिसमें रिजवान पहलवान राजस्थान ने जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेवा थापा पहलवान नेपाल व हलचल पहलवान राजस्थान के साथ हुई। जिसमें नेपाल के पहलवान मेवा थापा ने चोटिल होते हुए भी हलचल पहलवान राजस्थान को कई पटखनी लगाकर चित करते हुए जीत हासिल की। चौथी कुश्ती सलमान कुरैशी पहलवान कलियर शरीफ और शेरा पहलवान पंजाब के साथ हुई। जिसमें शेरा पहलवान पंजाब को पराजित होना पड़ा। पांचवी कुश्ती सलमान कुरैशी पहलवान कलियर शरीफ और रिजवान गनी पहलवान जम्मू-के साथ हुई जिसमें दोनों पहलवान बराबर रहे। इस अवसर पर आदर्श नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां चंद्रशेखर, आजाद, भारत, कप्तान सहित काफी लोग उपस्थित रहे। दंगल के तीसरे दिन भी पहलवानों ने काफी जोर आजमाइश की। इसमें कुश्ती सलमान कुरेशी पहलवान कलियर शरीफ और धमाका पहलवान राजस्थान के साथ हुई। इस कुश्ती में इस कुश्ती में सलमान कुरेशी पहलवान ने धमाका पहलवान को पराजित कर दिया। दूसरी कुश्ती गोलू पहलवान बनारस व शमशेर पहलवान दिल्ली के साथ हुई। जिसमें दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। तीसरी कुश्ती नेपाल के मेवा थापा पहलवान ने बंगाल के पहलवान धमाका को कई पटकनी लगाकर चित कर दिया। चौथी कुश्ती महिला पहलवान माही अयोध्या वह महिला पहलवान मुस्कान कानपुर के बीच हुई। जिसमें दोनों पहलवान बराबरी पर रही पांचवी कुश्ती मेवा थापा पहलवान नेपाल व राजेंद्र पहलवान पंजाब के साथ हुई।

संक्षेप

## सफेद एज-लाइन मार्किंग व फुटपाथ निर्माण की मांग

**ललितपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाते हुये मुख्य मार्ग पर फुटपाथ निर्माण, सफेद एज लाइन मार्किंग और नो पार्किंग चालान पर अस्थाई रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है।इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल पंजी. के जिलाध्यक्ष सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा गया। हाल में निर्मित हुयी मुख्य बाजार की सड़क के दौरान निर्धारित फुटपाथ को समाप्त किया गया है, जिसके चलते सड़क सीधे दुकानों से सटकर बनायी गयी है। इस कारण दुकानों के सामने ग्राहकों, व्यापारियों के लिए कुछ क्षण भी वाहन रखना कठिन हो गया है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी लगातार नो-पार्किंग के चालान किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का वातावरण बना हुआ है और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को उठाते हुये इनके निस्तारण की मांग जिला प्रशासन से की। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, आरिफ पठान, दीपक जैन, पप्पू करीम राइन, सचिन नामदेव, धनुषराम यादव, इमदाद पठान, परमानंद, पप्पू रजक उपस्थित रहे।

# महिलाओं की समस्याओं का हो त्वरित समाधानः अर्चना पटेल




जिला संवाददाता

**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई की। उन्होने घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह संबंधी महिलाओं की समस्याओं को गहनता से सुना और उनके प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।महिला जनसुनवाई में उन्होंने महिलाओं के घरेरू हिंसा, दहेज उत्पीडन एवं अन्य समस्याओं से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किये जाने के निर्देश पुलिस एवं अन्य अधिकारियों को दिये।उन्होंने निर्देश दिये कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।उन्होंने महिला जनसुनवाई में पीडित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाये जाने के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि दहेज एवं घरेलू हिंसा व अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित उत्पीड़ित महिलाओं की गम्भीरता पूर्वक पूरी समस्या को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र करायें।उन्होंने ग्राम पचुल्ला की ललिता द्वारा ग्राम के सफाई कर्मी द्वारा अभद्रता करने की शिकायत पर एसएचओ कोतवाली देहात को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।उन्होंने बलखण्डीनाका निवासी शबीना के घर में चोरी होने की शिकायत पर उन्होंने एसएचओ कोतवाली को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने तिन्दवारी में जन चैपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे जिला दिव्यांगजन, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दूसरे डॉक्टर को वापस भेजने की लोगों ने की मांग

मिल्कीपुर-अयोध्या।नगर पंचायत कुमारगंज पिठला स्थित 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय इन दिनों मात्र एक ऑर्थो डॉक्टर के सहारे चल रहा है। शासन के मानक के अनुसार यहां दो स्थायी ऑथोर्पेडिक सर्जन होने चाहिए, लेकिन एक डॉक्टर आतिक आमिर को लगभग छे माह पूर्व जिला मुख्यालय पर अटैच कर दिया गया है। नतीजा यह है कि मौके पर सिर्फ डॉ. प्रवीण बरनवाल अकेले पूरी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।सबसे बड़ी समस्या नाइट इमरजेंसी ड्यूटी की है। जब डॉ. बरनवाल रात में इमरजेंसी संभालते हैं तो नियमानुसार उन्हें अगले दिन अवकाश मिलता है। ऐसे में दिन के समय ऑर्थो ओपीडी बंद रहती है और फ्रैक्चर, चोट या एक्सीडेंट के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।यह अस्पताल कुमारगंज के साथ-साथ पड़ोसी जिलों सुल्तानपुर, अमेठी के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज इलाज के लिए यहां आते हैं। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के गंभीर मरीज भी यहीं रेफर होकर आते हैं। लेकिन एकमात्र ऑर्थो डॉक्टर की मौजूदगी में आए दिन मरीजों को निराश लौटना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां दो डॉक्टर होने पर भी एक को जिला अटैच कर दिया गया।

# किसान दिवस में किसानों ने जिलाधिकारी को बतायीं अपनी समस्याएं



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र में आयोजित किसान दिवस में पहुंचकर क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिये।किसानों द्वारा अधिकतर शिकायतों में फसली बीमा, मण्डी में फसल बिक्री, फसल सिंचाई के लिए विद्युत समस्या, कुछेक नहरों में पर्याप्त पानी की अनुपलब्धता, डूब क्षेत्रों के मुआवजा सम्बंधी शिकायतें प्राप्त हुईं।

किसानों द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में कुछ नहरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है, जिसको जिलाधिकारी ने

- 15 दिनों के भीतर सभी नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के दिये निर्देश
- डीएम की सभी किसानों से अपील, अनिवार्य रुप से करायें फार्मर रजिस्ट्री

गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही उपस्थित अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि वह आगामी 15 दिनों में नहरों की टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें, उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसकी पुष्टि क्षेत्र के किसानों से प्राप्त फीडबैक से की जाएगी।इसी प्रकार से खरीफ 2025-26 की बीमित फसल में हुई क्षति की अवशेष क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की मांग की गयी, जिस पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जिला समन्वयक फसल बीमा कम्पनी को खरीफ 2025 की फसल बीमा पॉलिसी वितरित करने तथा अवशेष भुगतान हेतु निर्देशित किया गया और अब तक कितने किसानों को बीमा उपलब्ध कराया गया और कितने किसान अवशेष हैं, इसकी सूची 3 दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से यह भी अपील की कि वह सरकार द्वारा चलायी जा रही फार्मर रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत अनिवार्य रुप से अपनी कृषि भूमि की रजिस्ट्री करायें। कृषकों द्वारा मण्डी में व्यापारियों द्वारा अवैध तरीके से फसल का क्रय किये जाने तथा मण्डी का संचालन सप्ताह में छः दिन किये जाने की मांग की गयी, इस पर जिलाधिकारी ने एआर कोपरेटिव को निर्देश दिये कि वह आगामी वर्ष में अगस्त व सितम्बर से क्रय केन्द्र खुलवाने हेतु उनके स्तर से शासन को पत्राचार करायें। कृषकों द्वारा बिजली के सम्बन्ध में मांग की गयी कि यदि बिना कनेक्शन के यदि कोई कृषक बिजली का प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ एफ0आई0आर0 न करके उन्हे जुमार्ने हेतु रसीद प्राप्त करा दी जाए, इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि वह किसानों को फसल सिंचाई से पूर्व कैम्प लगाकर उन्हें अस्थायी विद्युत कनेक्शन दिलाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें कोई समस्या न हो।किसान दिवस के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र किसान सम्मान निधि की आज 21वीं किस्त के भुगतान एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन की लाइव स्ट्रीमिंग कृषकों को दिखाई गई।

## अत्याधुनिक सार्वजनिक शौंचालय नगरवासियों को समर्पित



**बांदा।** शहर कोतवाली चैराहा में अत्याधुनिक सार्वजनिक शौंचालय का निर्माण कराया गया है। इसका अनावरण सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने किया। इस शौंचालय को विश्व शौंचालय दिवस के अवसर पर नगरवासियों को अध्यक्ष मालती बासू एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद ने समर्पित किया। सार्वजनिक शौंचालय में महिला सीट, विकलांग सीट, चिल्ड्रेन फ्रेंडली सीट सहित एक पुरूष सीट और 4 सेंसर युक्त यूरिनल लगाए गये हैं। महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकीन, बैंडिंग मशीन, इंसरीरेटर मशीन, हैण्ड ड्रायर तथा कूड़ेदान का उचित प्रबंध किया गया है। अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने नगरवासियों से अपील की है कि बांदा को खुले में शौंच मुक्त बनाए रखने के लिए शौंचालय का उपयोग करें। बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगरवासियों को शत्प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली से आच्छादित करने के लिए नगर पालिका परिषद ने 6 मिनी ट्रिपर वाहन सूखा व गीला कूड़ा संग्रहण के लिए अलग-अलग नीला एवं पार्टीशन किया गया है। इन्हे भी अध्यक्ष मालती बासू ने हरी झण्डी दिखाकर नगर पालिका से रवाना किया। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद ने पहले ही 31 वार्डों में 31 मिनी ट्रिपर चला रखा है। यह घर-घर संग्रहण प्रणाली में छूट रहे घरों को कवर करने के लिए 6 मिनी ट्रिपर नगरवासियों के अनुरोध व वार्ड सभासदों के प्रस्तावों पर दिए गये हैं। अध्यक्ष ने शहर के लोगों से अपील की है कि कचरा संग्रहण के लिए चलाए जा रहे वाहनों में सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग डालकर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका को सहयोग दें। इस दौरान सभासद, अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, सफाई एवं खाद निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, हेमंत प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अभिषेक खरे, प्रधान लिपिक केदारनाथ, नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है जहां दवाओं की प्रभावशीलता हो जाती है कमः डॉ. मयंक



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने बताया किह्न एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है जहां जीवाणु, वायरस, फंगी और अन्य रोगाणु एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के प्रभाव का प्रतिरोध करने

- मेडिकल कॉलेज ललितपुर में विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया

लगते हैं। इससे इन दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है और रोगों का इलाज मुश्किल हो जाता है। जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। डा मधुरेंद्र सिंह राजपूत विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारणों और इसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के उचित उपयोग के महत्व पर जोर दिया तथा समझाया और लोगों को जागरूक किया कि वे इन दवाओं का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही करें अनावश्यक रूप से न करें। डा देशानिधि सिंह सह आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, एंटीमाइक्रोबियल दवाओं का अधिक उपयोग और दुरुपयोग इसके मुख्य कारण हैं। डा योगेंद्र सिंह सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के खतरे के बारे में जागरूक किया गया और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। हमें प्रभावी दवाओं का उचित उपयोग करना होगा ताकि हम इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट को रोक सकें। डा पूजा गुप्ता सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसार पर प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला, डा मधुरेंद सिंह राजपूत, डा देशनिधि सिंह, डा अभिजात कुलश्रेष्ठ, डा रजनी रतमेले, डा योगेंद्र सिंह, डा पूजा गुप्ता, डॉ अमीरुल हसन आमिर डॉ अंकित ,सीनियर जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी, गैर सरकारी मदरसों की जांच के आदेश




**बांदा।** जिले में चल रहे सरकारी और गैर सरकारी मदरसों की यूपी एटीएस ने बारीकी से जांच के आदेश दिए हैं। इस आदेश के चलते अधिकारियों ने जिले भर के मदरसों में छात्रों और शिक्षकों की जांच शुरू कर दी है। जांच कार्रवाई बीते दिनों दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच की जा रही है। जिले में 8 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं जबकि दो मदरसों को सरकारी अनुदान मिलता है। मदरसा रब्बानिया के प्रिंसिपल डॉ सय्यद अबरार ने बताया कि अभी तक उन्हे इस बारे में कोई आधिकारिक पत्र नही मिला है। पत्र मिलने पर जानकारी दी जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि सभी संस्थानों की जांच सुरक्षा दुष्टिकोण से जरूर होनी चाहिए। बताया कि मदरसे में 348 छात्र पंजीकृत हैं और यह बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा आंध्र प्रदेश के अलावा अनेक राज्यों से आते हैं। मदरसे में 32 शिक्षक कार्यरत हैं, इनमें 12 अनुदानित पदों पर हैं। डॉ अहमद ने कहा कि प्रवेश के समय बच्चों व उनके अभिभावक, पिता का आधार कार्ड लिया जाता है। इसके अलावा स्थानीय व्यक्ति से भी सत्यापन कराया जाता है। अल्पसंख्यक अधिकारी अभिषेक चैधरी ने बताया कि एटीएस की ओर से उन्हे पत्र मिला है, जिसमें प्रयागराज के लिए सूचना मांगी गयी है। निदेशालय से कोई सूचना नही मांगी गयी है। उन्होने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग की ओर से जवाब भेजा जाएगा कि जनपद में कितने मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित मदरसे हैं और कितने शिक्षक कार्यरत हैं। कहा कि निदेशालय से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोडवेज, कार की टक्कर, चालक की मौत, 3 घायल

**बांदा।** बांदा-फतेहपुर मार्ग पर मूंगुस गांव के पास रोडवेज बस और कार की आमने-सामने हुई टक्कर में कार चालक की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। भीषण सड़क हादसा मूंगुस गांव के पास नहर पटरी के पास हुआ। फतेहपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस यूपी 78 एफ एन 1744 और बांदा की ओर से आ रही कार संख्या जी जे 06 एल बी 7432 के बीच सीधी टक्कर हुई। इसमें कार चालक नीरज द्विवेदी पुत्र वैकुण्ठ नाथ निवासी ग्राम मिरगहनी थाना तिंदवारी गंभीर रूप से घायल हो गये उन्हे तत्काल पीएचसी तिंदवारी ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने देखन के बादर मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही कुरसेजा चैकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होने कार में सवार घायल भोले, अमित अवस्थी और मनीराम श्रीवास को तिंदवारी पीएचसी भिजवाया, वहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जितना हम अपनी विरासत से जुड़ेंगे उतना ही हम अपनी संस्कृति को मजबूत करेंगेः डीएम




**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के तुलसी सभागार में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी मंडल द्वारा विश्व विरासत सप्ताह 19 नवंबर से 25 नवंबर का समारोहपूर्वक जिलाधिकारी सत्यप्रकाश द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा भारत की 44 विश्व विरासतों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया तथा प्रदर्शनी को छात्र छात्राओं के मध्य प्रदर्शित किया गया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि भारत में कुल 44 विश्व विरासत

- नेमवि में विश्व विरासत सप्ताह का समारोहपूर्वक शुभारम्भ

स्थल हैं, जिनमें 36 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित ( कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान ) शामिल हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को अपनी विरासत से जुड़ना होगा जितना अधिक हम अपनी विरासत से जुड़ेंगे उतना ही हम अपनी संस्कृति को मजबूत करेंगे।विशिष्ट अतिथि प्रदीप चैबे प्रबंधक नेहरू महाविद्यालय ललितपुर ने कहा की बुंदेलखंड में अनेक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं। हमारा जनपद ललितपुर इतिहास संस्कृति की दृष्टि से अत्यंत संपन्न है। हमारे ऐतिहासिक स्थलों में देवगढ़ दूधई पाली बालाबेहट तालबेहट वानपुर अत्यंत महत्वपूर्ण है इन्हें भारतीय पर्यटन के प्रमुख केदो से जोड़ना हम सब की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि विश्व विरासत की 44 में से दो विरासतें विश्वविद्यालय हैं जो हम सभी आचार्यों के लिए गौरव की बात है। नालंदा विश्वविद्यालय एवं पश्चिम बंगाल का शांति निकेतन विश्व भारती विश्वविद्यालय का इस सूची में शामिल होना भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करता है। इसको विश्व विरासत में शामिल करके विश्व स्तर पर सभी ने माना है की भारत की ज्ञान परंपरा सर्वश्रेष्ठ है।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी के अधीक्षण पुरातत्व विद डॉ. प्रवीण सिंह ने कहा कि बुन्देलखण्ड में अनेक किले, मंदिर, सांस्कृतिक स्थल, प्राचीन गुफायें, पर्यटन स्थल राष्ट्रीय स्तर के हैं, जिन्हें विश्व धरोहर में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रयास कर उन स्थलों का चिन्हित कर केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वतंत्रता संग्राम परिवार से संबंधित डॉ रमेश किलेदार ने ललितपुर के स्वतंत्रता संग्राम पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अनेक संस्मरण सुनाएं। इसे छात्र-छात्राओं ने बड़े मनोयोग से सुना। इस अवसर पर भारतीय विश्व विरासत पर आज पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 21 नवंबर को निबंध प्रतियोगिता एवं 24 नवंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## ललितपुर मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** आज बुन्देलखण्ड विकास सेना ने ललितपुर मेडिकल कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ मयंक शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी वार्ड में ऑन कॉल चिकित्सक नहीं आते हैं। डायलिसिस यूनिट में और अधिक सुविधाओं की आवश्यकता है। इसके अलावा हृदय रोगियों के समुचित इलाज व्यवस्था और जांचें सुविधा सुचारू की जाये ताकि हृदय रोगियों को बाहर रिफर होने से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि रोगी और तीमारदारों के लिए शुद्ध पेयजल, ब्लड बैंक में समुचित व्यवस्था तथा साफ-सफाई की सुविधाओं का उचित ध्यान रखा जाये। मेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण किया जाये। ज्ञापन देते समय मौजूद पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार ने बताया कि उनको स्वयं के डायलिसिस के लिए कभी बाहर भटकना पड़ रहा है, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ मयंक शुक्ला ने उन्हें आश्वस्त किया है कि अब उनको डायलिसिस के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा क्योंकि वो अब डायलिसिस यूनिट को और अधिक विकसित करेंगे तथा साथ ही उन्होंने बताया ज्ञापन में जो समस्याओं का उल्लेख है उनका वो शीघ्र निस्तारण करेंगे।

## गोल्फ कार्ट के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

अयोध्या। रामपथ पर रविवार की शाम हनुमान गढ़ी के निकट श्रृंगारहाट तिराहे के पास गोल्फ कार्ट असे हुई दुर्घटना के मामले में आरजेबी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दुर्घटना के मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कराई है। हादसे में अनियंत्रित गोल्फ कार्ट नंबर 19 ने कई बाइकों और सड़क किनारे लगे ठेलों में टक्कर मार दी थी और चक्रतीर्थ निवासी नारायण यादव को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दुर्घटना में कई लोग चपेट में आए थे और ठेला और बाइकों को नुकसान हुआ था।

प्रकरण में मूल रूप से जालौन जिले के कालपी कोतवाली स्थित गुणाखास निवासी और यहां विकास कालोनी में रहने वाले सरमन कुमार पुत्र सुभाष का आरोप है कि गोल्फ कार्ट 019 के चालक की लापरवाही से उनके ठेले और सामान को नुकसान हुआ तथा एक व्यक्ति घायल हो गया।

## यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें : पारूल



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष नाराहट पारुल चन्देल द्वारा मय पुलिस टीम के स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, नाराहट जनपद ललितपुर में यातायात जागरुकता अभियान आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया। छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार में अपने माता-पिता और अपने भाई-बहन जो 18 साल से ज्यादा उम्र के हैं, सबको जाकर घर पर बताएं कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें । बच्चों के प्रोत्साहन हेतु यातायात से सम्बंधित प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें प्रथम स्था - प्रिंसी, अमित बंसल, द्वितीय स्थान पर ईस्वी राजा, अरुण निरंजन व तृतीय स्थान पर पलक जैन, हर्षवर्धन राठौर को थानाध्यक्ष नाराहट द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पारूल चंदेल ने कहा कि यातायात माह, जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में आयोजित किया जाता है। यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं को कम करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन-जागरुकता एवं सड़क सुरक्षा यातायात माह अभियान का 30 नवम्बर तक चलाया जायेगा।

# बिजली बिल राहत योजना से विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी राहतः डीएम

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ करने जा रही है।

जिसके अंतर्गत नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट प्रदान की जाएगी। बताया कि योजना के अन्तर्गत समस्त विद्युत वितरण निगमों में 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अधिकतम 02 किलोवाट भार के घरेलू उपभोक्ताओं तथा 01 किलोवाट भार के वाणिज्यक नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चैरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु का प्रावधान है, जिसके लिए पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सियों को प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ नेवर पेड एवं लॉन्ग

- योजना के लाभ हेतु 01 दिसम्बर से 28 फरवरी तक होंगे पंजीकरण

अपनेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जाएगा। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में पात्र उपभोक्ता योजना का लाभ लेने हेतु तीन चरणों में पंजीकरण करा सकते हैं।

योजना में पंजीकरण हेतु प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक, द्वितीय चरण 01 जरवरी से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विद्युत वितरण निगमों को कलेक्शन एजेन्सियों, जनसेवा केन्द्रों, विद्युत सखियों, फिनटेक कम्पनियों, मीटर रीडर्स व बिलिंग एजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये गए हैं, साथ ही नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं।

साथ ही शहर से लेकर गांव तक विभिन्न प्रचार माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये गए हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

## पीएम किसान सम्मान निधि वितरण, देखा सजीव प्रसारण




**बांदा।** प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किशत बुधवार को हस्तांतरित की। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यकम का शुभारंभ किया। इसके बाद सजीव प्रसारण रानी दुर्गावती सभागार विकास भवन में देखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 करोड़ किसानो को 18000 करोड की धनराशि डी०बी०टी० के माध्यम से सीधे उनके आधार सीडेड खाते में हस्तांतरित की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया और प्रधानमंत्री का संबोधन सुना गया। जिले में 1,94,246 कृषकों को 38.84 करोड रुपये की धनराशि 21 वीं किस्त के माध्यम से भेजी गयी है। प्रधानमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, श्रीअन्न के उत्पादन एवं कृषि में बीजामृत, घनजीवामृत, वर्मीकम्पोस्ट के उपयोग करने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद उप कृषि निदेशक डॉ० अभय कुमार सिंह यादव ने विभागीय योजनाओं, जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध बीजों की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों को प्रमाण पत्र एवं मिनीकिट वितरित कर कृषकों का आभार जताया।

## गांव - गांव जाकर कृषकों को जागरूक कर रहे हैं प्रचार वाहन

**बहराइच ।** जनपद के अधिक से अधिक कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मर रजिस्ट्री जागरूकता के लिए 07 तथा खेतों में फसल अवशेषों व पराली को न जलाने हेतु कृषकों को जागरूक करने हेतु 03 प्रचार वाहन भ्रमणशील हैं। जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर कृषकों फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा खेतों में पराली न जलाने का सन्देश दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक जनपद में पराली जलाने की 93 घटनाएं सेटलाईट से प्राप्त हुई हैं जिसका स्थलीय सत्यापन करने के उपरान्त 56 किसानों के यहां पराली जलाना पाया है। अब तक पराली जलाने पर रू. 1.75 लाख का अर्थ दण्ड लगाया गया है।

# सफेदपोश आतंकी

आतंकवाद का यह सफेदपोश मॉड्यूल अत्यंत घातक भी है और सुरक्षा एजेंसियों के लिए जटिल चुनौती भी। भला कोई सामान्य व्यक्ति कैसे यह अनुमान लगा सकता है कि एक चिकित्सक आतंकवादी भी हो सकता है। लेकिन अलफलाह के कई डॉक्टर लालकिला विस्फोट को अंजाम देने में शामिल और संदिग्ध पाये गये। 15 से अधिक डॉक्टर गायब हैं, उससे स्पष्ट है कि जैसे-जैसे इस नये आतंकी मॉड्यूल की परतें खुलेंगे वैसे-वैसे कई गंभीर राज सामने आयेंगे। लेकिन जांच एजेंसियां देश भर में ऐसे 200 आतंकी डॉक्टरों की तलाश कर रही हैं। उन मस्जिदों और ठिकानों की भी जांच की जाएगी, जहां फरार आतंकी डॉक्टर छिपे हो सकते हैं अथवा नये किस्म के आतंकवाद में उनकी भूमिका संदिग्ध और सवालिया है। आतंकी डॉक्टरों से जुड़ी जो परतें खुल रही हैं, उनके मद्देनजर लादेन, अल जवाहिरी सरीखे अलकायदा के सरगना आतंकियों की साजिशों को भी मात दी जा रही है। अलफलाह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 के कमरा नंबर 13 में साजिशों की बैठकें होती थीं। तय किया गया था कि 32 कारें खरीदी जाएंगी, जिनके जरिए देश के 32 शहरों में 'आत्मघाती विस्फोट' किए जाएंगे। अब जांच एजेंसी एनआईए ने भी खुलासा कर दिया है कि लालकिले के पास




वाला कार-विस्फोट हड़बड़ी में नहीं किया गया अथवा कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि वह एक 'फिदायीन हमला' था और डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती बॉम्बर था। अब यह भी रहस्योद्घाटन हो चुका है कि आतंकी डॉक्टरों ने 20 लाख रुपये का आतंकी फंड जुटाया था। जिन हवाला एजेंटों के जरिए यह पैसा आतंकियों तक पहुंचा, जांच एजेंसियां उनसे भी पूछताछ कर रही हैं। बहरहाल यह आतंकी फंड उमर नबी को सौंप दिया गया था। उमर ने 3 लाख रुपये का फर्टिलाइजर हरियाणा के नूंह (मेवात) से खरीदा था। यह बम बनाने में सहायक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। दिल्ली विस्फोट 10/11 से पहले उमर नबी ने नूंह की 'हिदायत कॉलोनी' में एक कमरा किराए पर लिया था। वहां विस्फोटक सामग्री भी जमा की थी। नूंह और अलफलाह यूनिवर्सिटी के बीच उमर की आवाजाही सीसीटीवी में कैद होती रही। ऐसी 1300 से अधिक सीसीटीवी की फुटेज जांच एजेंसियों ने खंगाली हैं। जिस कमरे में साजिश की बैठकें होती थीं, वह एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल का कमरा था, जिसे अब सील कर दिया गया है। जांच एजेंसियों को उस और असिस्टेंट प्रोफेसर रहे डॉ. उमर नबी के कमरा नंबर 4 से डायरियां, पेन ड्राइव, डिजिटल डाटा आदि बरामद हुए हैं। उनमें कई कूटनाम सामने आए हैं। उन्हें खंगालने और असलियत की तह तक पहुंचने की कोशिशें जारी हैं। आतंकी डॉक्टर आपस में 'एप' के जरिए संवाद करते थे और संपर्क में रहते थे। यह एप मोबाइल नंबर से लिंक नहीं होता, लिहाजा आसानी से पकड़ा भी नहीं जा सकता। आतंकी सिर्फ कश्मीर, दिल्ली, उप्र, फरीदाबाद में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि उनके तार सऊदी अरब, तुर्किए, दुबई, नेपाल तक भी फैले थे। इन देशों, शहरों में आतंकी संगठन 'जैश-ए-मुहम्मद' के 'हैंडलर्स' भी मौजूद रहे हैं। वहीं से आतंकी डॉक्टरों को निर्देश मिलते रहे हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि डॉ. शाहीन सईद उर्फ 'मैडम सर्जन' नेपाल भागने की फिराक में थी। फिलहाल अब अलफलाह यूनिवर्सिटी की पोलपट्टी भी खुल रही है। यकीनन यह आतंक का अड्डा है। मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर यूजीसी के आदेश पर एनएएसी (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) ने यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय आतंकी फंडिंग और मनी ट्रेल की जांच करेगा। डॉक्टरों के वित्तीय लेन-देन की भी जांच होगी। कुल मिलाकर जांच एजेंसियां इस नये मॉड्यूल को जड़ से खत्म करने में जुट गयी हैं लेकिन यह बात भी गंभीर चिंता का विषय है कि जब इतने पढ़े-लिखे और सक्षम लोग आतंकी बन रहे हैं। दरअसल आतंकवाद से निपटने में अब एजेंसियों को और अधिक कुशलता, विशेषज्ञता और तत्परता की जरूरत होगी क्योंकि नये मॉड्यूल के आतंकी अधिक शिक्षित हैं।

### विचार

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

# भारत और अमेरिका के बीच सामरिक रिश्ते


अरविन्द जयतिलक



वैश्विक स्तर पर तेजी से बदल रहे सामरिक-आर्थिक समीकरण के दरम्यान भारत और अमेरिका के बीच दस साल के लिए रक्षा समझौता दोनों देशों के रिश्ते में मिठास घोलने वाला है। अमेरिकी रक्षा सचिव हेगसेथ और भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए उम्मीद जताई है कि इस समझौते से दोनों देशों के सैन्य संबंधों को मजबूती मिलेगी। गौर करें तो यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका द्वारा भारत पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने से दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते में असहजता उत्पन्न हुई है। पर उम्मीद है कि इस रक्षा समझौते के उपरांत अब दोनों देशों के रिश्ते पर जमी बर्फ पिघलेगी।

यह समझौता वर्ष 1962 से ही चला आ रहा है जब अमेरिका ने भारत-चीन युद्ध में भारत का साथ दिया था। 1984 के एक अन्य समझौते के तहत दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण को लेकर समझौता हुआ। इसी तरह 2004 में दोनों देशों के बीच नेक्स्ट स्टैप्स इन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप की शुरूआत हुई। गौर करें तो इन समझौते से भारत की रक्षा तकनीकी और सैन्य ताकत में लगातार वृद्धि होती रही है। इन समझौतों के जरिए ही वर्ष 2023 में अमेरिका की कंपनी जीईएयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच फाइटर प्लेन के एफ-414 इंजन बनाने का समझौता हुआ जिसके तहत दोनों देशों की कंपनियां भारत में फाइटर प्लेन का इंजन बनाने के लिए सहमत हुई। यह समझौता इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण रहा कि भारत अभी तक एरो-इंजन बनाने में सफलता हासिल नहीं किया है। दुनिया में सिर्फ चार देश ही मसलन अमेरिका, रुस, फ्रांस और ब्रिटेन हैं जिहोंने फाइटर जेट का इंजन बनाने में दक्षता हासिल की है। इसके अलावा भारत को अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिलने पर मुहर लग चुकी है। प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी के जरिए हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा सकेगा। चूंकि हिंद महासागर क्षेत्र से भारत को उर्जा जरुरतों और व्यवसायिक सामानों का आयात-निर्यात होता है ऐसे में निगरानी के लिए प्रिडेटर ड्रोन कवच का काम करेगा। गौर करें तो इस इलाके में तकरीबन 12 हजार जहाजों की मौजूदगी लगातार बनी रहती है। चीन का 80 फीसदी व्यापार इसी रुट के जरिए मलक्का स्ट्रेट से होकर गुजरता है। चूंकि भारत को अमेरिका से मिलने जा रहा प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिसाइल से लैस होगा ऐसे में इस इलाके में चीन की बढ़ती हिमाकत का जवाब दिया जा सकेगा। गौर करें तो विगत एक दशक में भारत और अमेरिका के बीच सामरिक साझेदारी को नया पंख लगा है। गत वर्ष पहले दोनों देशों के बीच रक्षा-सुरक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए तकरीबन तीन अरब डॉलर रक्षा सौदे का एलान हुआ। इसके तहत भारत अमेरिका से एडवांस मिलिट्री इक्विपमेंट सिस्टम के साथ 6 एएच 64ई अपाचे और 23 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदेगा। इससे भारतीय वायुबेड़ा को बेहद मजबूती मिलेगी। अमेरिका दुनिया के सबसे अत्याधुनिक और उच्चकोटि के हथियारों जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और रॉकेट और नौसैनिक जहाज शामिल हैं, को भी भारत को देने को तैयार है। ये दोनो हेलीकॉप्टर हर तरह के मौसम में दिन के किसी भी समय हमला करने में निपुण हैं। चौथी पीढ़ी वाला यह हेलीकॉप्टर छिपी हुई पनडुब्बियों को आसानी से निशाना बना सकता है। इस हेलीकॉप्टर के जरिए भारत को अब अपने समुद्री इलाके को शत्रु मुक्त करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नेवी के बेड़े में शामिल एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर की गणना दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हथियारों में होती है। अमेरिका भारत को 13 एमके-45 नौसैनिक तोप बेचने का भी एलान कर चुका है। अमेरिका भारत को इसका अपग्रेडेड वर्जन सौंपेगा। यह तोप युद्धपोतों से सतह और हवाई हमले करने में सक्षम है। अमेरिका भारतीय सैनिकों को इन तोपों को चलाने का प्रशिक्षण भी देगा। इन तोपों के मिलने से भारतीय नौसेना की समुद्री ऑपरेशनों की क्षमता बढ़ेगी।

### कूटनीति

अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शुन्य था वह आज 2025 में बढ़कर 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। गौर करें तो आज अमेरिका भारत के साथ मिलिट्री टू मिलिट्री संबंध व सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इसका प्रमुख कारण उसके द्वारा दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन स्थापित करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए उसने 2016 में भारत को 'प्रमुख रक्षा साझेदार' के तौर पर मान्यता दिया। याद होगा कि वर्ष 2018 में भारत और अमेरिका के बीच कॉमकासा (कम्युनिकेशंस कमपैटबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर हुआ। इस कारर पर हस्ताक्षर के बाद से अब भारत अमेरिका से अति-आधुनिक रक्षा तकनीक प्राप्त करेगा। अभी तक भारत को अमेरिका से ऐसी कोई तकनीकी नहीं मिलती थी। एफ-16 बनाने वाली अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने भी भारत में अपने नए रोल आउट एफ-21 का निर्माण करने की पेशकश कर चुकी है। उसने भारत से स्वीकारोक्ति चाही है कि अगर वह 114 विमानों की खरीद का आश्वासन देता है तो वह किसी अन्य देश को न तो विमान बेचेगा और न ही उसकी तकनीकी देगा। अगर यह सौदा परवान चढ़ता है तो यह दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। इस सौदे पर भारत को तकरीबन 15 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। इस सौदे से जुड़े सैन्य उत्पादों का तकरीबन 85 प्रतिशत हिस्सा भारत में तैयार होगा। इससे भारतीय नागरिकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट सप्लाई एग्रीमेंट (एलईएमओ) पर भी आगे बढ़ने का संकेत दिया जा चुका है। यह समझौता एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के युद्धपोत और फाइटर एयरक्राफ्ट एक दूसरे के सैनिक अड्डों का इस्तेमाल तेल भराने एवं अन्य साजो-सामान की आपूर्ति कर सकेंगे। इस समझौते को लेकर चीन ने नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर उसकी घेराबंदी कर रहा है।

चीन की बेचैनी यों ही नहीं है। दरअसल उसे डर है कि भारत और अमेरिका मिलकर दक्षिणी चीन सागर में उसकी दादागिरी पर नकेल कस सकते हैं। याद होगा कि चीन को तब भी असहज होना पड़ा था जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के सतत प्रयास से भारत को मिसाइल टेक्नोलाजी कंट्रोल रिजीम में शामिल किया गया। एमटीसीआर में शामिल होने के बाद अब भारत दूसरे देशों को अपनी मिसाइल टेक्नोलॉजी बेच सकता है। दोनों देशों के बीच संपन्न 'टू प्लस टू' वार्ता के तहत अब दोनों देश खुफिया सैन्य जानकारी साझा करने के साथ आर्थिक-कुटनीतिक साझेदारी को नया आयाम दे रहे हैं। दोनों देश कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा) पर भी अपनी सहमति जता चुके हैं। यह समझौता भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसा इसलिए कि इस समझौते के बाद भारत पहला गैर नाटो देश होगा जो अमेरिकी मदद से संवेदनशील सुरक्षा तकनीक से लैस होगा।

> भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी से अब भारत के लिए सी-17 ग्लोब मास्टर, सी-130, पी-81 एयर क्राफ्ट, चिनूक-अपाचे हेलीकॉप्टर हासिल करना भी आसान हो गया है। सच कहें तो इन समझौतों से दोनों देशों के रक्षा संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद साबित हुए हैं।

### सोशल मीडिया

सच्चिदानंद जी नहीं रहे। भारतीय समाजवादी विचार परंपरा के एक युग का अवसान हो गया, मुझ जैसे ना जाने कितने युवाओं का वैचारिक प्रशिक्षण उनको पढ़ सुन कर हुआ। योगेन्द्र यादव.



ज्ञान, परिश्रम, लोकतंत्र की रक्षक बिहार भूमि की जनता को कोटि-कोटि नमन। यह प्रचंड जनादेश गरीब कल्याण सुशासन के प्रति राजग के संकल्प व महिला सुरक्षा पर है। अमित शाह.



एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर नीतीश जी को बधाई। मा. प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार नये स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। केशव प्र र्य.



# जीवन में प्रसन्नता

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है।

प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

### अंतर्दृष्टि

# जनहित में जरूरी सूचनाएं

### व्यंग्यलोक

मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है। आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए। पूरा-पूरा देश ही सड़क के पीछे रोजगारवान हुआ पड़ा है। आधा देश सड़क बनाकर उससे कोठी और कार पैदा करता है। शेष आधा देश सड़क फाड़कर विदेश यात्रा को प्राप्त होता है। क्योंकि सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है।


राम विलास जॉगिड़

# पहले से अधिक लड़कियां अब खेल रही हैं क्रिकेट




### सामयिक

सारिम अन्ना

भारत की कप्तान हरमन प्रीत कौर ने 14 विश्व कप खेले हैं, नौ टी-20 और पांच 50-ओवर फॉर्मेट। इस दौरान कहानी एक सी ही रही है- दिल टूटने की और कितने पास फिर भी दूर की। लेकिन नवम्बर 2025 में पटकथा बदल गई। हरमनप्रीत की लड़िकयों ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ओडीआई विश्व कप जीत ही लिया। इस आईसीसी खिताब के वजन को वह महसूस करती हैं और यह भी कि इसके बिना पुरस्कारों की अलमारी कितनी खाली खाली प्रतीत होती है। यह ऐतिहासिक जीत भारतीय महिला क्रिकेट में निश्चित रूप से नया मोड़ लेकर आयेगी। हरमनप्रीत बताती हैं, 'पूरा देश इस कामयाबी का जश्न मना रहा है। एक टीम के तौरपर हम यह करना चाहती थीं ...ताकि अधिक लड़कियों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जा सके, किसी भी खेल में, केवल क्रिकेट में ही नहीं। मैं समझती हूं कि पहले ही बहुत बदलाव आ चुके हैं जिसकी वजह से हम यह कप उठा सकीं। क्रिकेटर के रूप में हमारी मांग अधिक मैचों की थी, जो अब हमें मिल रहे हैं। हमने डब्लूपीएल (विमेंस प्रीमियर लीग) की मांग की, वह भी हमें मिली। अब केवल एक बात रह गई है, अधिक महिला क्रिकेटर मैदान में आयें ताकि मुकाबले का स्तर पुरुषों के गेम जैसा हो जाये।'

दूसरे शब्दों में हरमनप्रीत चाहती हैं कि लड़कियों के टैलेंट पूल में इजाफा हो। उनकी यह ख्वाहिश भी पूरी होती नजर आ रही है। भारत की पूर्व क्रिकेटर व चयनकर्ता सुधा शाह, जो इस समय बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की सदस्य हैं, का कहना है कि 2000 में टीम चयन का अर्थ था कि किसको निकालना है। उनके अनुसार, 'उस समय बामुश्किल सिर्फ 100 लड़कियां आती थीं। अब ट्रायल्स के लिए 700 लड़कियां आती हैं। इनमें से अधिकतर छोटे छोटे कस्बों से आती हैं। वह बहुत ही प्रतिभाशाली होती हैं। लड़कियों के खेल का स्तर अब बहुत ऊंचा हो गया है।' लड़कियों की क्रिकेट में दिलचस्पी इतनी अधिक बढ़ गई है कि कुछ राज्य तो अपनी ही प्रीमियर लीग कराने की योजना बना रहे हैं ताकि लड़कियों को चमकने व आगे बढ़ने का अवसर मिले। मसलन, तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) अगले साल यानी 2026 में ही तमिलनाडु प्रीमियर लीग के महिला एडिशन के आयोजन की योजना बना रहा है। टीएनसीए के अध्यक्ष टीजे श्रीनिवासराज का कहना है, 'योजना पक्की है। हम 4 से 6 टीमों के साथ शुरूआत करना चाहते हैं क्योंकि पूरे राज्य में लड़कियों की दिलचस्पी क्रिकेट में बढ़ती जा रही है। महिलाओं के लिए रिहायशी क्रिकेट फैसिलिटी बनाने की भी योजना है।'

तमिलनाडु के लिए 2003 से 2009 तक क्रिकेट खेलने वाली आरती शंकरण, जो अब चेन्नै की कोच हैं, का कहना है, 'अधिक महिला क्रिकेटर महानगरों की तुलना में जिलों से निकलकर आ रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिलों में पांच गुना महिला क्रिकेटर बढ़ गई हैं।' जिला तिरुवल्लुर में एमवी उलगानाथान पिछले 9 वर्षों से अपनी बेटी को क्रिकेट की ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट में महिलाओं की बढ़ती दिलचस्पी को करीब से देखा है। वह बताते हैं, 'छह साल पहले मुझे टीम बनाने के लिए 11 लड़कियों को तलाशने के लिए संघर्ष करना पड़ता था ताकि मेरी बेटी खेल सके। अब 2022 में डब्लूपीएल के शुरू होने से सब कुछ बदल गया है।' अपनी बेटी का क्रिकेट करियर बनाने के लिए उन्होंने छह साल पहले अपनी बैंक की नौकरी छोड़ दी थी। अब वह अपनी बेटी के 'ड्राइवर हैं', जिसका उनको गर्व है। वह अपनी बेटी की ट्रेनिंग, फिटनेस व पौष्टिक खानपान पर लगभग 30,000 रुपये प्रति माह खर्च करते हैं। उनकी बेटी पूजाशिरीनी आल-राउंडर है, लेफ्ट-आर्म से तेज गेंदबाजी करती है। वह बताती हैं, 'मैंने जब खेलना शुरू किया था तो मैं आसानी से टीम में सेलेक्ट हो जाती थी। अब केवल अंडर-19 श्रेणी में, जिसका मैं हिस्सा हूं, मुझे 800 अन्य खिलाड़ियों से मुकाबला करना पड़ता है टीम में आने के लिए। स्थितियां बदल गई हैं। हर खिलाड़ी के पास वीडियो एनालिसिस है और प्रदर्शन आधारित फीडबैक भी, इसलिए आपको हर पल एक कदम आगे रहने की जरूरत होती है।' आज जो भी लड़की आगे खेलना चाहती है वह लापरवाह नहीं हो सकती। उसे निरंतर अपने अंदर सुधार लाने की आवश्यकता है।

## आपकी बात

### स्वरोजगार अपनायें युवा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### रोजगार परक विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

# श्रीराम जन्मभूमि पर 25 को होगा ऐतिहासिक ध्वजारोहण

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत निगरानी और मार्गदर्शन में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह के लिए पूरी तरह सजधजकर तैयार हो रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में भक्ति, उत्साह और उल्लास का ऐसा संगम दिखाई दे रहा है कि पूरा शहर ह्रजय श्रीराम ह्र के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा है। राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां अब चरम पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति इस पर्व को और भी ऐतिहासिक बनाएगी।ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर 20 नवंबर को कलश यात्रा से होगा, जबकि इसका समापन 25 नवंबर को विवाह पंचमी के शुभ मुहूर्त में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं श्रीराम मंदिर शिखर पर केसरिया धर्म ध्वज फहराएंगे। देशभर की निगाहें इस क्षण का साक्षी बनने के लिए अयोध्या पर टिकी हुई हैं।धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में डूब चुकी अयोध्या को आकर्षक रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य रंगोलियों से सजाया गया है। हर ओर भक्तों की भीड़ और जयकारों का माहौल है। सुबह-शाम राम धुन और मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण और भी पावन हो उठा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का भव्य प्रतीक बनने जा रहा है। देशभर के प्रमुख संतों, विद्वानों, राजनेताओं, समाजसेवियों और हजारों श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। अतिथियों के सम्मान में मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया जाएगा। 20 नवंबर को होने वाली कलश यात्रा समारोह की आधिकारिक शुरूआत करेगी। पवित्र यात्रा में 250 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी, जो कलश लेकर मंदिर परिसर में परिक्रमा करेंगी। काशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ द्वारा तय किए गए शुभ मुहूर्त में आयोजित यह यात्रा पूरे माहौल को भक्तिमय बना देगी।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम के अनुसार, अयोध्या में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं,सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन सर्विलांस, ट्रैफिक कंट्रोल और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम तैनात हैं दक्षिण भारत के प्रतिष्ठित आचार्य और विद्वान अयोध्या पहुंच चुके हैं। वे 21 नवंबर से वैदिक अनुष्ठानों की शुरूआत करेंगे। इनमें शामिल होंगे वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन, विशेष पूजन, रामसीता विवाह की परंपराओं का जीवंत स्वरूप। ये अनुष्ठान 25 नवंबर तक लगातार चलेंगे, जिनके माध्यम से राम विवाह उत्सव की दिव्यता को पुनर्जीवित किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, 23 से 25 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों की



श्रृंखला चलेगी। इनमें शामिल होंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां,लोक नृत्य, भक्तिमय संगीतमय आयोजन,छह छोटे मंदिरों और सप्त मंदिरों की विशेष पूजा,इन कार्यक्रमों को देखने के लिए देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने साकेत महाविद्यालय परिसर स्थित हेलीपैड, राम मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी सरकार ने ध्वजारोहण समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या में करोड़ों की विकास परियोजनाएं पूरी की हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट, अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी व आधुनिक सड़कों का निर्माण, पार्किंग जोन और बैरिकेडिंग, आकर्षक लाइटिंग, सुरक्षा को लेकर अयोध्या में तीन स्तर की विशेष व्यवस्था लागू है। वीआईपी आगमन को देखते हुए पुलिस, पीएसी, एटीएस और खुफिया इकाइयां अलर्ट पर हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर अयोध्या केवल धार्मिक आयोजन का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का चमकता प्रतीक बन रही है। ध्वजारोहण समारोह के लिए देश भर के भक्तों में उत्साह चरम पर है और रामनगरी इस महाउत्सव को अविस्मरणीय बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

- रामनगरी में उमड़ा आस्था का ज्वार, जय श्रीराम की गूंज से गुंजायमान शहर
- आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगा उत्सव, 250 से अधिक महिलाएं होंगी सहभागी
- 21 से 25 नवंबर तक चलेगा वैदिक अनुष्ठानों का क्रम, दक्षिण भारत से आए विद्वान संभालेंगे पूजन
- तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव में गूंजेंगे लोक नृत्य और राम विवाह परंपराएं
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फहराएंगे केसरिया धर्म ध्वज

संक्षेप

## जाखलौन पुलिस ने लौटाए खोए हुए मोबाइल

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईएमआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बन्धित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 गिरे हुए,खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जाखलौन उ.नि.अभिषेक कुमार सिंह, के.आ. ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, आरक्षी अजय पाल सिंह, आरक्षी संजय अवस्थी, आरक्षी रामजी तिवारी आदि शामिल रहे।

## इंदिरा गांधी ने भारत को एक नयी दिशा और पहचान दीः डॉ.पी.एल. पुनिया



**बाराबंकी।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। वह भारत की राजनीति में एक अत्यन्त प्रभावशाली और विवादास्पद व्यक्तित्व की थी। उन्होंने भारत को एक नई दिशा वह पहचान दी। उनका जन्म 19 नवम्बर सन्1917 को इलाहाबाद उ0प्र0 में हुआ था। आज का दिन देश के लिये उनके योगदान और उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमता को याद करने का अवसर देती है। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वः इंदिरा गांधी की जयती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात कांग्रेसियो के बीच व्यक्त किये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, के0सी0 श्रीवास्तव, वीरेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, अयाज खान, राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, अखिलेश वर्मा, मोइनुद्दीन अंसारी, इरफान कुरैशी, ऑरिफ करपिया आदि मौजूद रहे।

## स्त्री शक्ति दिवस पर एबीवीपी ने निकाली शोभायात्रा



**बाराबंकी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान मे महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के जीआईसी ऑडिटोरियम से प्रारंभ होकर नाका चैराहा, धनोखर, नेबलेट, लखपेड़ाबाग चैराहा होते हुए जीआईसी ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। शोभायात्रा में हजारो की संख्या मे छात्र-छात्राओ ने देशभक्ति के नारे लगाये। शोभा यात्रा मे प्रियांशी बाजपेई, आकाश त्रिवेदी, योगेश सिंह रचना वर्मा, डाली सैनी, मानसी, सौम्या, वंदना, आस्था, दिव्यांशी, कार्तिकेय मिश्रा, अभय राम त्रिपाठी, अभय शुक्ला, विशाल, कामिल आदि मौजूद रहे ।एबीवीपी के तत्वाधान मे निकाली गई शोभायात्रा मे खुलेआम यातायात नियमो का उल्लंघन देखने को मिला। यातायात माह नवम्बर के अन्तर्गत पुलिस की मौजूदगी मे छात्रा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते हुये दिखाई दी।

## सरदार पटेल गृहमंत्री न होते तो कश्मीर होता पाकिस्तान का हिस्साः डॉ. अमित सिंह चौहान



**सोहावल-अयोध्या।** सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में निकली यात्रा की अगुवाई करते बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह चैहान ने कहा कि अखंड भारत के प्रणेता, राष्ट्रवादी गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल उस समय गृहमंत्री पद पर मौजूद नहीं होते तो जम्मू कश्मीर उस समय पाकिस्तान में हो जाता। लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल के आइडियल रवैया के चलते प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तथा पाकिस्तान का मंसूबा सफल नहीं हो सका। यह बातें मसौधा के सावित्री मैरिज लाल में भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर विधायक डा. अमित सिंह चैहान की अगुवाई में पदयात्रा वर्कशाप से निकलकर हजारों लोगों की भारी भीड़ के साथ सावित्री मैरिज लान पर पहुंच कर सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी। लगभग 5000 लोगों की उमड़ी भारी भीड़ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद बैज नाथ रावत, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या धाम में 25 से गूंजेगी राम धुनः गिरीशपति

**अयोध्या।** नगर निगम ने आगामी 25 नवंबर को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्रस्तावित धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम को भव्य बनाने की पूरी तैयारी की है। नगर निगम के पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से भगवान राम के भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर प्रसारित किया जाएगा। नगर के सभी चौराहों एवं अंडर पास को फूलों से सजाया जाएगा। यह जानकारी महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दी। वह बुधवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब थे।उन्होंने बताया कि प्रत्येक चौराहे को फूलों से सजाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा, ताकि अयोध्या आने वाले अति विशिष्ट जन, श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक सुखद अनुभूति कर सकें। उन्होंने बताया कि पूरे एक सप्ताह तक अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता की मुहिम से जोड़ा जाएगा। नगर निगम ने सफाई के लिए 1546 स्वच्छता कर्मी लगाया गया है।

- सजाये जायेंगे चौक -चौराहे, सप्ताह भर चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान



अयोध्या धाम में 470 अस्थाई एफआरपी टॉयलेट 29 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार से एक सप्ताह के लिए नगर क्षेत्र के 60 वार्डों में विशेष सफाई एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान छेड़ा गया है। गुरुवार को सुबह 7:00 बजे सरयू घाट एवं राम की पैड़ी की विशेष सफाई की जाएगी। दोपहर एक बजे जिले के शिक्षाविद से ऑनलाइन व संतों के साथ रामकथा पार्क में बैठक की जाएगी। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को सुबह 8:00 बजे लता चैक से छोटी देवकाली तक एक हजार बच्चों की स्वच्छता रैली निकाली जाएगी, 11 बजे रामकथा पार्क तथा 12 बजे जोनल कार्यालय अयोध्या में वेंडर्स के साथ बैठक होगी। इसी दिन चार बजे होटल अरुंधति में होटल संचालकों के साथ तथा 5:00 बजे व्यापारियों के साथ बैठक की जाएगी। नगर आयुक्त ने बताया कि 22 को सुबह 8:00 बजे लता चैक से साकेत अंडरपास तक वाकाथन होगा, जबकि 11 बजे होम स्टे के स्वामियों के साथ बैठक कर उन्हें स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को सुबह 8:00 बजे टेढ़ी बाजार से हनुमानगढ़ी तक ध्वजारोहण स्वच्छोत्सव रैली का आयोजन किया जाएगा। पेयजल व्यवस्था के लिए अयोध्या नगर क्षेत्र के नौ ओवरहेड टैंक, 983 इंडिया मार्का-टू हैंडपंपों को मरम्मत कर क्रियाशील कर दिया गया है। पाइपलाइन की लीकेज की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि नलकूपों का संचालन एवं इलेक्ट्रॉनिक 2000 के माध्यम से क्लोरीन क्लोरिनेशन कर शुद्ध जल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा 56 छोटी टंकियां की सफाई कराकर क्लोरिनेशन युक्त पेयजल की व्यवस्था की गई है ।

## मानव कल्याण एसो. ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के जन्मदिन पर बच्चों में बांटे उपहार




**बाराबंकी।** मानव कल्याण एसोसिएशन संगठन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में क्रांति का बिगुल बजाने वाली वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस पर संतशाला प्राथमिक विद्यालय नगरपालिका में गोष्ठी का शुभारम्भ संगठन अध्यक्ष हरिनाम वर्मा व मीड़िया प्रभारी आसिफ अहमद खान ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण किया। गोष्ठी मे बच्चो को रानी लक्ष्मीबाई द्वारा आजादी की लड़ाई में किये गये योगदान के बारे में बताया गया। इसके उपरान्त बच्चों को पेंसिल, रबर, कटर, कॉपी, बिस्किट, टाफी का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य उमा सिंह, समन्वयक अधिकारी पद्मजा त्रिपाठी, वेद प्रकाश पांडे, जुबैर खान, शेखर कांडपाल, हेमंत श्रीवास्तव, राम मनोहर, राजीव श्रीवास्तव, सरदार गुरमीत सिंह, अरीब अहमद मौजूद रहे।

# जनेस्मा डिग्री कॉलेज परिसर में प्रबंध समिति के साथ डीएम ने की बैठक

**बाराबंकी।** जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति अध्यक्ष व जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कालेज परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक मे समिति अध्यक्ष/जिलाधिकारी ने नियमित कक्षाएँ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, छात्र परामर्श व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, कॉलेज को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम,

- शैक्षणिक विस्तार और अवसंरचना विकास पर विशेष जोर दे: डीएम

आधुनिक पुस्तकालय, डिजिटल संसाधनों और उन्नत प्रयोगशालाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। साथ ही परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता और छात्र-अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुधारों पर चर्चा की। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत कार्यरत शिक्षको एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानदेय शासनादेश के अनुसार समयान्तर्गत भुगतान किये जाने, कॉलेज की सभी विकास योजनाएँ चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाई जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में प्रबंध समिति के सचिव/एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, प्राचार्य सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## उच्चाधिकारियों ने पुलिस मॉडर्न स्कूल का किया निरीक्षण

**बहराइच।** अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार पीएसी संस्थापना दिवसह्र2025 के अवसर पर सर्वोत्तम वाहिनी, अतिउत्तम वाहिनी, उत्तम वाहिनी तथा प्रदेश के सभी पुलिस मॉडर्न स्कूलों में से ह्लवेस्ट परफॉरमेंस पुलिस मॉडर्न स्कूल (ढटर)ह्व के चयन हेतु प्रदेशव्यापी निरीक्षण अभियान संचालित है। इसी क्रम में आज दिनांक 19.11.2025 को पुलिस मॉडर्न स्कूल, बहराइच का निरीक्षण सेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर श्री संतोष कुमार मीना (क्ढर), सहायक सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव एवं गोपनीय सहायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी श्री पुनीत कुमार की संयुक्त टीम द्वारा सम्पन्न किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन बहराइच श्री पवन कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह, सहायक अध्यापक श्री अमर नाथ यादव तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा ।निरीक्षण का आरम्भ आगंतुक अधिकारियों को बुके भेंट कर सम्मान करने से हुआ। इसके पश्चात निरीक्षण टीम ने विद्यालय के अभिलेखों, सभी कक्षाओं, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, म्यूजिक सेक्शन एवं पूरे विद्यालय परिसर का विस्तृत व व्यवस्थित अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों से विभिन्न शैक्षणिक प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सटीक उत्तर दिया। विशेष रूप से कक्षाझ1 के छात्र रणवीर सिंह द्वारा 25 का पहाड़ा सहज रूप से सुनाया जाना निरीक्षण टीम के लिए अत्यंत प्रभावी एवं सराहनीय रहा ।

- कक्षा 1 के छात्र रणवीर सिंह ने 25 का पहाड़ा सुनाकर अधिकारियों को प्रभावित किया
- सभी कक्षाओं, लैब, लाइब्रेरी व कैंपस की विस्तृत जाँच
- बच्चों ने पूछे गए प्रश्नों के प्रभावी उत्तर दिए
- विद्यालय की शिक्षा, अनुशासन व गतिविधियों की हुई सराहना



## मिहीपुरवा में इंडिया मार्का हैंड पंप भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा



**बहराइच।** मिहीपुरवा के गोपिया मे भ्रष्टाचार की जीती जागती मिसाल जिसमें ग्राम सभा के अंदर इंडिया मार्का हैंडपंप जिसकी हालत जर्जर थी जिसे बनवाने के लिए विभाग के पास पैसा नहीं था समाजसेवी से लिया गया ऐसा हम नहीं कहते हैं ऐसा एक ऑडियो कॉल में रिकॉर्ड है जिसमें वर्तमान सचिव इरशाद अहमद लगातार कहते हैं की नल में लगे पैसे की पेमेंट करवा देंगे उसके बाद उनका तबादला हो जाता है फिर से जिन्हें बनाया जाता है जो वो उससे पहले सस्पेंड चल रहे थे उन्हें ही सबसे बड़ी ग्रामसभा का सचिव बना दिया जाता है भ्रष्टाचार में बराबर का हाथ ग्राम प्रधान का भी है सूत्र यह बताते हैं कि .वर्तमान समय में ग्राम सभा के अंदर हो रहे निर्माण कार्य जैसे खड़ंजा कुआं रिपेयरिंग और कुछ अन्य काम जिसमें मनरेगा के मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही जिन लोगों की हाजिरी लगी है वह आज तक कभी काम करने नहीं गए हैं हमेशा की तरह पैसा आने पर बंदर बा ट कर लिया जाता है सूत्र यह भी बताते हैं कि पूरे मामले में एक समाजसेवी के तरफ से जो पैसा लगाया गया था वह भी वापस नहीं दिया गया जबकि पैसा निकाल कर उसे खत्म कर दिया गया इस तरीके से बंदर बा ट करके विभाग की मटिया मेंट कर रहे हैं माननीय मुख्यमंत्रीजी के आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है जिसकी पूरी जानकारी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार को दी गई लेकिन उनके द्वारा भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ना ही कोई जांच की गई आज जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई समय लगभग 12:00 बजे उनका फोन रिसीव नहीं हुआ ना ही कोई जवाब दिया गया इस संबंध में वर्तमान सचिव दयानंद से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा पूरे मामले में टीम गठित कर जांच करवा कर मामले का निस्तारण कर भ्रष्टाचार करने वाले ऐसे सभी अधिकारियों की पहचान करते हैं इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती




**अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने किया तथा संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया ।गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा इंदिरा गांधी एक ऐसी प्रधानमंत्री थी जिसमें साहस, कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ दूरदर्शी सोच थी, उन्होंने हमेशा भारत देश की उन्नति के लिए कार्य किया, उन्होंने पाकिस्तान से अलग कर बांगला देश की नींव रखी। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी की नीतियों के बदौलत ही भारत देश ने जो विकाश की ऊंचाई हासिल किया उसे देश में नफरत की बीज बोकर सत्ता में आई पार्टी देश को नुकसान पहुंचने की साजिश कर रही है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा श्रीमती इंदिरा गांधीने अपने प्रधान मंत्री पद से भारत को दुनिया में सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए विदेश नीति, आर्थिक प्रगति की नींव, विश्व शांति आदि को लागू किया। उन्होंने भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कृषकों के खातों में पहुंची सम्मान निधि की किश्त

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** कोयम्बटूर तामिलनाडू में आयोजित कार्यक्रम में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जिले के 4 लाख 54 हजार से अधिक किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त के रूप में रू. 90.84 करोड़ अन्तरित किये गये। कोयम्बटूर में आयोजित मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच एवं नानपारा, जिले के समस्त विकास खंडों, राजकीय कृषि बीज भंडारों, जन सेवा केन्द्रों एवं पंचायत भवनों पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान तथा कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्यों द्वारा प्रतिभागिता की गई।

- प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों के खातों में अन्तरित किये गये रू. 90.84 करोड़

कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र पंचायत प्रमुखों, सदस्य जिला पंचायत व भाजपा मण्डल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों एवं विकास खण्डों में प्रतिभाग कर किसानों को भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र/प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया तथा रबी बीज के मिनी किट का वितरण किया गया। विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत बी.आर.सी. कुण्डासर में आयोजित जनपद स्तरीय किसान मेले में प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह बिसेन, जरवल के विपेन्द्र वर्मा, ब्लॉक प्रमुख फखरपुर मुन्ना सिंह, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा सहित अन्य मणमान्य व संभ्रान्तजन, क्षेत्रीय कृषकों के साथ मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सजीव प्रसारण में सम्मिलित हुए।

मा. कृषि मंत्री श्री शाही ने 21वीं किश्त प्राप्त होने पर जनपद के कृषकों को बधाई देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कृषकों की आय को दोगुना करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कृषकों से अपील की कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपनी आय में इजाफा करें। श्री शाही ने कृषकों को वैज्ञानिक विधि से खेती करने तथा मृदा परीक्षण के अनुसार उर्वरक का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कृषकों को विष रहित एवं जैविक खेती के लिए भी प्रेरित किया।



किसान मेले को सम्बोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने रबी सीजन में किसानों में वितरण किये जाने वाले बीजों, कृषि विज्ञानं केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सीपीएन गौतम व डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ अरुण कुमार राजभर ने कृषि तकनीकि, मशरुम उत्पादन एवं वर्तमान रबी फसलों के उत्पादन, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों का आहवान किया कि विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

अपर कृषि निदेशक सामान्य जे.पी. चौधरी व संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मण्डल गोण्डा लोकेन्द्र सिंह ने किसानों से फसल अवशेष व पराली को खेतों में न जलाने की अपील करते हुए सुझाव दिया कि सभी कृषक शीघ्र से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें ताकि उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए पंकज सिंह, एडीओ कैसरगंज संतोष साहू, पंकज सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी और वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए

**कैसरगंज ।** पूर्व प्रधानमंत्री प्रदर्शनी इंदिरा गांधी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर आज कांग्रेस जनों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मझारा तौकली में जाकर पीड़ित जनों को सामान्य दवाएं बांटा तथा मुंह मीठा कराया ।इस आदमपुर रेवली से ककरी बोद्धवा तक तटबंध का नाम ठाकुर हुकुम सिंह जी के नाम से करने हेतु सामूहिक रूप से प्रस्ताव पारित किया ।इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि प्रियदर्शिनी इन्दिरा गांधी जी तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई जी के त्याग तपस्या संघर्ष और बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि वर्तमान समय में व्याप्त चुनौतियों का लामबंद होकर सामना किया जा सके। जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विष्णु यादव ने कहा कि 14दिसंबर से 28दिसंबर तक घाघरा घाट से गांधी पार्क नानपारा तक 115किलोमीटर पदयात्रा निकाल कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

जिसमें आप सबकी भागीदारी चाहता हूं। कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई की तरह हम सभी महिलाओं को भी देश समाज के लिए आगे आना होगा। संचालन कांग्रेस नेता रविंद्र स्वरूप ने किया।

इस अवसर पर अमिताभ वर्मा रंजीत यादव राम मोहन बृजेश यादव सुनीता गौतम राधा देवी बनवारी लाल रंजीत कुमार सिंह आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

संक्षेप

## मार्ग दुर्घटना में दो की मौत

**अमेठी।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर मार्ग पर स्थित बासुपुर गांव के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है। पेंटिंग का काम करने वाले फूलचंद पुत्र रामखेलावन अपने साथी राजकुमार पुत्र रामलाल निवासी पुरे शिवा मिश्र मजरे मऊ थाना कोतवाली गौरीगंज शाम को काम खत्म कर गौरीगंज से बाइक से अपने घर जा रहे थे। अभी वह जैसे ही वह बासुपुर गांव के पास पहुंचे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार फूलचंद (20) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजकुमार (42) को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस तरह एक ही गांव के दो युवकों की मृत्यु के पश्चात एक तरफ जहां दोनों के घरों में कोहराम मचा हुआ है वहीं दूसरी तरफ इस घटना से गांव के लोग स्तब्ध है।

## दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**रायबरेली।** शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवारों को लोडर ने टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। लालगंज कोतवाली के बहादुरगंज मजरे युसुफपुर गांव निवासी इरसाद (22) पुत्र नवी मो. अपने साथी सलमान (18) पुत्र उस्मान के साथ बाईक से अपने भाई की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा था। बछरावां मार्ग में साई ढाबे के निकट अनियंत्रित लोडर ने उसकी बाईक में ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगो की मदद से दोनो को सीएचसी पहुचांया गया जहां डॉक्टरों ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि सलमान की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना मिलते की कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जल जीवन मिशन की टंकी का काम अधूरा

**अमेठी।** भेंटुआ सरूवावां गांव में शुद्ध पेयजल की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। करीब 8 हजार की आबादी आज भी ह्यजल जीवन मिशन के तहत मिलने वाले सुरक्षित पानी का इंतजार कर रही है। गांव में पानी की बड़ी टंकी का निर्माण कार्य अक्टूबर 2021 में 475.98 लाख रुपये की लागत से शुरू हुआ था, लेकिन लगभग ढाई साल बीतने के बाद भी टंकी का काम अधूरा पड़ा है और पिछले एक वर्ष से निर्माण पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है। ग्रामीण रवि प्रकाश ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने काम बीच में छोड़ दिया, न तो टंकी का निर्माण पूरा हुआ और न ही पाइपलाइन बिछाने का काम आगे बढ़ रहा है। दिनेश कुमार ने बताया कि शुद्ध पेयजल के अभाव में लोग निजी हैंडपंपों पर निर्भर हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश का पानी दूषित निकल रहा है, जिससे ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी से एकता का संदेश




**रायबरेली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को सदर विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरती इस दौड़ में सैकड़ों युवाओं, महिलाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्र की एकता-अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने किया। उन्होंने फीता काटकर और ध्वजारोहण करके दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान प्रियंका रावत ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया था। आज देश के नौजवानों व महिलाओं को एकता के इसी सूत्र में मजबूती से बांधने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और हमें मिलकर इसे विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना होगा।

विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र को एकजुट करने का संकल्प है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चैहान ने कहा कि महिलाएं राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा लेकर हमें महिलाओं को आगे बढ़ाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, मंत्री विकास सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप, मंडल अध्यक्ष मंजेश, नवजीत सलूजा, आशुतोष पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा मोर्चा व आम नागरिक मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति व नैतिक मूल्यों के अनुरूप हो भारतीय शिक्षा : यतीन्द्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के बैनर तले गोरक्ष एवं काशी प्रांतों की चयनित विद्यालय प्रबंध समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र जी ने कहा कि भारतीय शिक्षा को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। इसी विशिष्टता के कारण समाज हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा युगानुकूल हो, इसके लिए विद्यालयों को आधुनिक संसाधनों और तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित करना आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वे सदैव अपने कर्तव्य एवं नैतिक दायित्वों के प्रति सजग रह सकें। कार्यक्रम में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मंत्री डॉ. सौरभ मालवीय ने प्रबंध समिति के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि विद्यालय प्रबंधन के श्रेष्ठ मानकों को अपनाकर शिक्षा की गुणवत्ता को और




विद्या भारती के विद्यालयों पर अटूट विश्वास रखता है।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय समाज द्वारा निर्मित व्यवस्था हैं, जो वैचारिक आधार पर संचालित होती है। समाज हमें सम्मान देता है और हम अपने कार्यों से समाज में विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते बेहतर बनाया जाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद्र, गोरक्ष प्रांत के मंत्री डॉ. शैलेश, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं श्रीफल देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

## नशा उन्मूलन योगी सरकार का सराहनीय कदम : डॉ. मोनिका




**लालगंज, रायबरेली।** नशा उन्मूलन को लेकर रघुवीर पैरामेडिकल साइंसेस के पैरामेडिकल स्टाफ और एएनएम जीएनएम के बच्चों के द्वारा लालगंज नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया और नशा उन्मूलन के संबंध पंपलेट भी बांटे गए। इस अवसर पर रघुवीर हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज महेश नगर लालगंज की प्रबंध निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा ने यूपी सरकार के नशा उन्मूलन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रही है। यह न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाती है। नशे की लत में फंसकर व्यक्ति अपने जीवन को बर्बाद कर लेता है और अपने सपनों को खो देता है। उन्होंने कहा कि नशा उन्मूलन के लिए इंस्टिट्यूट के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हम लोगों को नशे के नुकसान के बारे में बता रहे हैं और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ मोनिका मिश्रा ने कहा कि हमें युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने होंगे। उन्होंने सरकार के नशा उन्मूलन कदम की सराहना करते हुए कहा कि नशा उन्मूलन एक आवश्यक कदम है जो हमारे समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाने में मदद करेगा। आइए, हम सभी मिलकर नशा उन्मूलन के लिए काम करें। इस मौके पर डॉ धर्मेंद्र सिंह ,विवेक सिंह, बनवारी लाल, बुद्धि प्रकाश , अंशिका शुक्ला, सिम्मी सिंह, पूजा सहित एएनएम ,जीएनएम ओटी और ईटीसीटीके बच्चे मौजूद रहे।

## व्यापारी से की लाखों की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**संग्रामपुर, अमेठी।** क्षेत्र के थरिया बड़गांव के पास मंगलवार शाम बाइक सवार सात अज्ञात बदमाशों ने ज्वैलर्स व्यापारी का पीछा करकरीब 8 से 10 लाख रुपये के सोनेझचांदी के आभूषण लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी के सिर पर असलहे के बट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। बड़गांव निवासी जयप्रकाश उर्फ पुन्नू सोनी विशेषरगंज बाजार में जयप्रकाश ज्वैलर्स के नाम से दुकान चलाते हैं। उनका आरोप है कि वह मंगलवार की शाम करीब 5:30 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह थरिया बड़गांव गांव को पार कर सीमेंट मोरंग की दुकान के 50 मीटर पहले पहुंचे थे। तभी 3 बाइक पर सवार 7 बदमाशों ने उनका पीछा करउनकी बाइक की चाभी निकालकर वाहन बंद कर दिया। एक बाइक को आगे, दूसरी को डिग्गी के पास लगाकर बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। तीसरी बाइक से आए बदमाशों ने उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया और डिग्गी तोड़कर आभूषण निकालने लगे। व्यापारी ने विरोध किया तो एक बदमाश ने असलहे के बट से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाश गहनों से भरा बैग लेकर भागने लगे। व्यापारी ने पीछा कर एक बदमाश की बाइक का रियर पकड़ा, जिस पर बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए असलहा सटा दिया और धक्का देकर गिराते हुए फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने तुरंत विशेषरगंज में ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को घटना की जानकारी देते हुए संग्रामपुर पुलिस को घटना की तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद संग्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। बुधवार सुबह संग्रामपुर इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह, एसओजी टीम के साथ विशेषरगंज चौराहा व थरिया बड़गांव में मार्ग पर स्थित एक निजी मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते रहे। इंस्पेक्टर अखिलेश ने बताया कि तहरीर मिली है बदमाशों के पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे।

## बाइक-साइकिल में भिड़ंत, दो घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम बांसगांव के पास मोटरसाइकिल और साइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना बुधवार लगभग 4:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार बरौंसा से सुलतानपुर की ओर जा रहे बाइक सवार की साइकिल सवार से अचानक आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायल बाइक सवार की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के करनाईपुर निवासी मायाराम पुत्र रामसुख के रूप में हुई है, जो शाहपुर लपटा में एक मांगलिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। वहीं जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के साइकिल सवार जगत नारायण पुत्र गया प्रसाद मिश्रा, निवासी आयुपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराकर मानवता का परिचय दिया।

## पिता की स्मृति में बनवाया भव्य प्रवेश द्वार



**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** दिवंगत पिता की स्मृति में बेटों द्वारा गांव में एक भव्य प्रवेश द्वार बनवाकर लोकार्पण किया गया एवं सरकारी स्कूल के बच्चों को स्कूली बैग, पेन, पेंसिल व रबर वितरित कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। लंभुआ तहसील क्षेत्र के गोपीनाथपुर निवासी विवेक दुबे, दुर्गेश दुबे व राकेश दुबे ने अपने दिवंगत पिता त्रिवेणी प्रसाद दुबे की दूसरी पुण्यतिथि पर पिता की स्मृति में गांव में एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जिसका उद्घाटन मां प्रमिला दुबे व बेटों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर किया एवं प्राथमिक विद्यालय गोपीनाथपुर स्कूल के बच्चों को स्कूली बैग, पेन, पेंसिल व रबर वितरित कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस पुनीत कार्य की पूरे क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। राकेश दुबे ने कहा कि यह कार्य ग्राम प्रधान व गांव के लोगों की आशीर्वाद व सहयोग से पिता जी की स्मृतियों को सहेजने के लिए गाँव के मुख्य द्वार का निर्माण कराया गया है। भविष्य में पिता जी के दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए अन्य सामाजिक कार्य किये जायेंगे। ग्राम प्रधान संतोष अग्रहरि ने बताया कि बेटों की इन कार्यों में पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए भावना और समर्पण दिखता है और ये समुदायों को लाभ पहुंचाते हैं। इस मौके पर वार्ड नंबर 43 के भावी जिला पंचायत प्रत्याशी जितेंद्र शर्मा, राम केवल दुबे, सिंटू दुबे, कपिल देव तिवारी व कल्लू यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी की जयंती मनी




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आजादी के इतिहास व राष्ट्रनिर्माण में अहम योगदान देने वाली रानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ दोनों महान हस्तियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में छात्रा काव्यांशी ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई मराठा शासित राज्य झाँसी की रानी और 1857 की राज्य क्रांति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई। छात्रा आरोही ने बताया कि इंदिरा गांधी स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थी, उनकी दृढ़-इच्छाशक्ति और कार्यों की वजह से उन्हें आयरन लेडी उपनाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लिया और पृथक बांग्लादेश के गठन एवं मैत्री और सहयोग संधि करने में सफलता प्राप्त की। इंदिरा जी की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते पूरे देश में इंदिरा इज इंडिया,इंडिया इज इंदिरा का नारा गूंजने लगा। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल,शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजयराज सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव और गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एनएसबीवीएम में मनी लक्ष्मीबाई एवं इन्दिरा की जयंती :** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई और भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों में से दिव्यांका ने रानी लक्ष्मीबाई, स्वर्णिका ने इन्दिरा गांधी के किरदारों को जीवन्त रूप में दशार्या। विद्यालय की शिक्षिका नीतू सिंह ने अंग्रेजो के विरूद्ध 1857 के विद्रोह एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता पूर्ण जीवन गाथा सुनाते हुए भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालकर नारी शक्ति एवं उसके महत्व को उपस्थित सभी के मन में देश-प्रेम का संचार कर दिया।

# गांव से निकलकर जिला स्तर तक पहुंचे हैं बच्चे, आगे बढ़कर करेंगे नाम रोशन

● बेसिक शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को पुलिस लाइन के मैदान में डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने किया। प्रतियोगिता में पहले दिन खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन व कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए डीएम ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे आज नेशनल स्तर तक पहुँचकर विभाग और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ ही साथ अब बच्चे शिक्षकों के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता स्तर पर भी बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि यहां पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों को हमेशा ही यह सोचकर खेलना चाहिए कि हम मैदान को फतेह करके ही रहेंगे। आज यहां पर आप जीतेंगे या फिर कोई और लेकिन मैदान से बहुत ही कुछ सिखकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास के साथ ही साथ भविष्य में प्रतियोगिता में भाग लेने का एहसास भी होता है।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल सिंह और डीआईओएस संजीव सिंह ने कहा कि यहां से जीतने वाले बच्चे ही आगे चलकर प्रदेश और नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों का जहां विकास होता है तो वही उनके अंदर की प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। उन्होंने जीत-हार की भावना से नहीं बल्कि खेल के प्रति समर्पण के माध्यम से प्रतियोगिता में खेलने की अपील की। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा डीएम हर्षिता माथुर ने की। विगत वर्ष की विजेता पूर्व मा. विद्यालय पूरे मौहारी खिलाड़ी नैंसी मशाल लेकर दौड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सरस्वती वंदना प्राथमिक विद्यालय जमुनिहा , स्वागत गीत उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय मुंगला, कबिलाई नृत्य कम्पोजिट विद्यालय रोझिया भीखमशाहपुर के बच्चों ने प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का संचालन मुन्नालाल व डॉ. अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बीईओ राही बृजलाल वर्मा, डॉ. सत्यप्रकाश यादव, वीरेंद्र द्विवेदी, धर्मप्रकाश, सत्य प्रकाश सिंह, अनिल मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, सुधा वर्मा, अश्वनी गुप्ता, राजीव ओझा, शीतल, नंदलाल रजक, शिक्षक संघ से समर बहादुर, राघवेंद्र, बीरेंद्र सिंह, मधुकर सिंह, संजय सिंह, राजेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

**पहले दिन खेल प्रतियोगिता का परिणाम :** पुलिस लाइन के मैदान में चल रही प्रतियोगिता में पहले दिन कुश्ती में बालक व बालिका में क्रमशः 25 से 30 किलो में पहला स्थान उच्च प्रा. विद्यालय अचलेष्वर के महेंद्र व पलक, दूसरे स्थान पर विजय व शिवांशी, 30 से 35 किलो में पहला स्थान सचिन व संध्या, दूसरे स्थान पर ताज मोहम्मद व अनवी, 35 से 40 किलो में पहला स्थान हिमांशु व सौम्या, 40 से 45 किलो में पहला स्थान अनुज व मधु, दूसरे स्थान पर मो. साहिल व अंशिका, 45 से 50 किलो में पहले स्थान पर शिवम यादव व श्वेता, दूसरे स्थान पर लवकुश व अनामिका रही। प्राथमिक स्तर कबड्डी बालक बालिका में क्रमशः सलोन व ऊंचाहार प्रथम, दूसरे स्थान पर सतांव व छतोह रही। खो-खो में बालक व बालिका में क्रमशः महराजगंज प्रथम व दूसरे स्थान पर सतांव रहा। इसके साथ ही कबड्डी बालक व बालिका वर्ग जूनियर में बछरावां व ऊंचाहार प्रथम व डलमऊ व गौरा दूसरे स्थान पर रही। बॉलीबॉल बालक व बालिका में क्रमशरू सलोन व ऊंचाहार प्रथम, दूसरे स्थान पर अमावां की टीम रही। बैडमिंटन बालक वर्ग में विजेता अजय व दिव्यांशी, उपविजेता अनुज व अनीसा रहीं। युगल में बालक वर्ग में अनुज व दीपक व बालिका वर्ग में दिव्यांशी व शिवांशी विजेता रहीं।

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लालगंज, रायबरेली।** बुधवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लालगंज में रानी लक्ष्मी बाई जी की जयंती के अवसर पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा अनुसार विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता सिंह, प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, डॉ. शालिनी साहू, डॉक्टर गीता अवस्थी, इंदु बाजपेई, अमिता के कर कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम की प्रथम मुख्य वक्ता बैसवारा डिग्री कॉलेज की डॉ. पुष्पा बर्नवाल थीं, जिन्होंने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शालिनी साहू ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय पर चर्चा के माध्यम से सभी को उत्साहित एवं प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गीता अवस्थी विद्यालय की अध्यक्षा इंदु बाजपेयी तथा सम्मानित विशिष्ट पाँच माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आचार्या दिव्या पांडेय द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन का कार्य माया द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम प्रधानाचार्या ममता सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मंच पर उपस्थित सप्तशक्ति स्वरूप छात्रा बहनों ने अपने किरदार की कुछ प्रमुख वचनों से सभी को भावविभोर किया।

## मामूली कहासुनी में पत्नी की नाक दांत से काटने वाला आरोपी राजेंद्र गिरफ्तार

**बाजारशुकुल, अमेठी।** जिले के थाना बाजारशुक्ल क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें मामूली विवाद के बाद पति ने पत्नी पर बर्बरता पूर्वक हमला कर उसकी नाक दांत से काटकर अलग कर दी। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी राजेन्द्र साहू (32) को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। उसे ग्राम पूरे लदई, मजरा दक्खिन क्यार, अरही नाला के पास से पकड़ा गया। घटना ग्राम पूरे लदई दुबे मजरा दक्खिन गांव क्यार की है, जहां आरोपी राजेन्द्र साहू की अपनी पत्नी सुनीता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि राजेन्द्र ने पहले पत्नी को गाली-गलौज की और फिर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अचानक अपना आपा खोते हुए पत्नी की नाक अपने दांतों से काटकर शरीर से अलग कर दी। इस दंपति के तीन नाबालिग बच्चे भी मौजूद थे, जो भय से रोते-बिलखते रहे। गंभीर रूप से घायल सुनीता को परिजनों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद जिला अस्पताल से उसे एम्स रायबरेली भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के मां की तहरीर पर थाना बाजारशुक्ल में मुकदमा अपराध संख्या 309/25, धारा 115(2), 352, 118(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार रात 8:32 बजे दबोच लिया। कार्रवाई उप निरीक्षक साबिर अली एवं कांस्टेबल जंग बहादुर यादव की टीम ने की। बाजार शुकुल थानध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक करवाई कर जेल भेज दिया गया।

# चार किमी. लंबी एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

● सरदार पटेल की जयंती पर जोरदार उत्साह



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य एकता यात्रा निकाली गई। मुईली चैराहा स्थित सदर विधायक के पार्टी एवं जनसंपर्क कार्यालय से शुरू हुई यह यात्रा पंडित जुग्गीलाल शिक्षण संस्थान, डी हालमार्क स्कूल, बगिया चैराहा होते हुए पुरानी तहसील तिराहे के समीप स्थित बाग में जाकर संपन्न हुई। करीब चार किलोमीटर लंबी इस यात्रा में हजारों की संख्या में आमजन, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के आदर्शों और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक नारे लगाए। वृज बहादुर ने बिहार चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की बहनों ने भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन दिया है, और जनता का आशीर्वाद आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मजबूती से खड़ा है। कार्यक्रम को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राज बाबू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील मिश्र सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने सरदार पटेल की कठोर इच्छाशक्ति, राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और देश को एकसूत्र में बांधने की भावना को याद करते हुए लोगों से एकता और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संत बख्श सिंह उर्फ चुन्नू, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. आर.ए. वर्मा, डा. सीतासरन त्रिपाठी, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, यात्रा प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, सह यात्रा प्रमुख आनंद दुबे, विपिन सिंह उर्फ विवेक सिंह, जिला मंत्री राजेश सिंह, नरेंद्र सिंह, मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह उर्फ चंदर, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल, यात्रा मीडिया प्रभारी रमेश अग्रहरि, रत्नेश तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, पंडित दिलीप चतुवेर्दी, परिक्रमा सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और सरदार पटेल की एकता की भावना को लोगों ने श्रद्धापूर्वक याद किया।

## बिजली बिल राहत योजना पर काम तेज

**अमेठी।** ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शुरू की गई बिजली बिल राहत योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर धर्म विजय ने अधीनस्थ अभियंताओं के साथ बैठक कर उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जरूरत के अनुसार बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए उपखंड वार कैम्प भी लगाए जा सकते हैं। विद्युत वितरण खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ने बताया कि उप्र पावर कारपोरेशन लि0 लखनऊ द्वारा प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी एक नई योजना बिजली बिल राहत योजना 2025-26 (ओटीएस) योजना लागू की गयी है। 100 प्रतिशत ब्याज के अतिरिक्त मूलधन में क्रमशः प्रथम चरण 1 से 31 दिसम्बर 2025 तक 25 प्रतिशत एवं द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक 20 प्रतिशत तथा तृतीय चरण 1 से 28 फरवरी 2026 तक 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

संक्षेप

## दो शातिर चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम ने चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। थाना नारखी पुलिस टीम ने बुधवार को चेकिंग के दौरान चोरी करने वाले दो अभियुक्त अंशुल कुमार पुत्र जयकिशन निवासी हरदासपुर कोटला थाना नारखी व लवकुश पुत्र रमेश चंद्र निवासी हरदासपुर कोटला थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को चोरी की बाइक ा सहित राजारामपुर मोड से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तों को आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटक की तबीयत बिगड़ी

**आगरा।** ताजमहल देखने आए पर्यटक की अचानक तबीयत खराब हो गई। पर्यटक चक्कर खाकर ताजमहल के अंदर ही गिर गया। तुरंत पर्यटक को ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। कर्नाटक के बीजापुर से ताजमहल देखने आए पर्यटक बासुराज पुत्र सुभाष ताजमहल देखने के बाद ताजमहल के पश्चिमी गेट पर स्थित फतेहपुरी मस्जिद की तरफ जा रहे थे। दोपहर 12:30 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे चक्कर खाकर वहीं गिर गए। पर्यटक के साथी घबरा गए। पर्यटक के साथियों द्वारा पर्यटक के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी को दी। सूचना पर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में ताजमहल पश्चिमी पार्किंग पर्यटन सुविधा केंद्र से तत्काल एम्बुलेंस बुलाई गई। पर्यटक को जिला अस्पताल भेजा गया। पर्यटक के साथी भी साथ में गए। पर्यटक को भर्ती कर लिया गया। जहां पर्यटक का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों द्वारा जांच की जा रही है कि पर्यटक की तबीयत अचानक क्यों खराब हुई। पर्यटक के साथियों से भी मेडिकल जानकारी ली जा रही है। पर्यटक के साथ आए पर्यटकों द्वारा आगरा पुलिस की सहायता के लिए, आभार व्यक्त किया कि उनके साथी को समय से अस्पताल पहुंचाया गया।

## डोनाल्ड ट्रंप जूनियर 20 को देखेंगे ताजमहल

**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेटा डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ताजमहल का दीदार करने पहुंचेगा। गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के अलावा 40 देशों के 126 विशेष मेहमान भी ताजमहल देखने पहुंचेंगे। इसके लिए प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। विशेष विमान से डोनाल्ड ट्रंप जूनियर दोपहर 1.30 बजे खेरिया हवाई अड्डे पहुंचेंगे। इसके बाद वे ताजमहल देखने के लिए जाएंगे। 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी के साथ ताजमहल देखा था। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की ताजमहल पर यह पहली विजिट है। वहीं, नई दिल्ली के सिटी मॉटेसरी स्कूल सोसाइटी द्वारा 26वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ जस्टिस ऑफ द वर्ल्ड का आयोजन कराया जा रहा है। 19 से 4 नवंबर तक होने वाले इस आयोजन के तहत 40 देशों के 126 मेहमान आगरा आएंगे। इनमें कई पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस शामिल हैं। यह सभी सुबह 10 बजे आगरा आएंगे। दिल्ली से सभी मेहमान लग्जरी बसों से आगरा आएंगे। प्रशासन द्वारा इन सभी मेहमानों के लिए तैयारी की जा रही है। विशेष सचिव गृह अभय कुमार ने डीएम को पत्र लिखकर व्यवस्थाएं कराने को कहा है। सभी अतिथियों के लिए विशेष प्रोटोकॉल रहेगा।

# मां-बेटे ने मंत्री आवास के सामने खाया जहर

**मथुरा।** सीएम आवास के समीप बुधवार को मथुरा जनपद के बरसाना निवासी मां और बेटे ने जमीन के एक प्रकरण में जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। अपनी जमीन पर एक बिल्डर पर कब्जा करने और स्थानीय प्रशासन पर सुनवाई न करने के आरोप लगाकर बुधवार को लखनऊ में मां और बेटे ने विक्रमादित्य मार्ग पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उनको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर शासन ने मथुरा के जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। बताया जाता है लखनऊ के गौतमपल्ली स्थित विक्रमादित्य मार्ग पर बुधवार सुबह मुनेश सिंह (55) और उनके बेटे बलजीत सिंह (38) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को पुलिस ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों मथुरा जनपद के बरसाना राधारानी टाउनशिप एफ49 के रहने वाले हैं। बुधवार सुबह मुनेश सिंह बेटे बलजीत सिंह के साथ विक्रमादित्य मार्ग पहुंची। वहीं पर दोनों ने सल्फास खा लिया। दोनों की हालत गम्भीर होते देख चौकी प्रभारी बंदरिया बाग और पुलिसकर्मियों ने उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पुलिस को पता चला है कि पीड़ित मां बेटे के प्लॉट पर बिल्डर के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। अपनी फरियाद लेकर शासन स्तर के अधिकारियों ने मिलने के लिए आए थे। एकाएक विक्रमादित्य मार्ग पर पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गौतमपल्ली थाने के इंस्पेक्टर रबेश कुमार सिंह ने बताया मथुरा पुलिस और बलजीत के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मथुरा पुलिस व परिजन लखनऊ आ रहे हैं। दोनों लोगों की हालत खतरे से बाहर है। सूत्रों का कहना है पीड़ितों के पास दो पत्रो का एक पत्र मिला है जिसमे लिखा है कि जय प्रकाश त्यागी नरेश त्यागी पुष्पेंद्र त्यागी अभय शर्मा हरी नारायण ने 47 लाख रु लेकर एक मकान अपनी कालोनी में दिया था जिसकी कोई रजिस्ट्री आज तक नहीं की। बार बार कहने पर उक्त लोग कैबिनेट मंत्री से पहलवाने की धमकी देते थे। मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत के बाद इन लोगो ने कुपित होकर मकान से बहार निकाल कर सामान सड़क पर पटक दिया। इसके बाद उन्होंने लखनऊ आकर ये आत्मघाती कदम उठाया है। चचाओं में कहा जा रहा है कि उक्त आरोपी एक ग्रुप के नाम पर बरसाना और उसके आसपास जमीन की खरीद पोख्त का काम लम्बे समय से करते आ रहे है।

## खतौनी से नाम हटाने पर किसान परेशान

**मथुरा/छाता।** बुधवार को तहसील छाता में किसान बच्चू निवासी तरौली जनूबी तहसील छाता अपनी नकल खतौनी में से नाम हटाए जाने के कारण न्याय पाने के लिए तहसील में पहुंचा। किसान का लक्ष्य है कि जल्द से अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा वर्तमान नकल खतौनी में अपना नाम बहाल कराए। किसान ने तहसीलदार छाता से भू राजस्व रिकॉर्ड में वर्तमान स्थिति को जांचने और सही के लिए कहा। और धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। नकल खतौनी में नाम न होने की वजह से किसान बहुत परेशान है, किसान ने गलत कदम उठाने की चेतावनी दी परेशान किसान और उसके साथ आए अधिवक्ता श्याम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छाता तहसील में ज्यादातर किसानों की खतौनी में गड़बड़ी के कारण किसानों की मुश्किल बढ़ रही है। ऐसे अनेकों किसान तहसील के चक्कर लगा रहे हैं।

## जीएम ने किया टूंडला, फिरोजाबाद और शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**टूंडला।** उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने प्रयागराज मंडल अंतर्गत टूंडला कानपुर खंड में स्थित टूंडला, फिरोजाबाद शिकोहाबाद एवं इटावा स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी विभिन्न विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे शरद चंद्रायन मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति यूनिट मनीष वर्मा तथा मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल, रजनीश अग्रवाल, सचिव महाप्रबंधक अखिल शुक्ला वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आकांशु गोविल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हरिमोहन सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने निरीक्षण की शुरूआत टूंडला स्टेशन से की। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही टूंडला रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर कर्मियों के आवासीय सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। महाप्रबंधक ने उपमंडलीय रेलवे चिकित्सालय, टूंडला का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं, उपकरणों एवं सुविधाओं का आकलन करते हुए सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित फिरोजाबाद स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य प्रवेश एवं द्वितीय प्रवेश द्वार पर चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति जानी तथा सकुर्लेटिंग एरिया को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से तथा उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ। इसके बाद शिकोहाबाद स्टेशन का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों का गहन निरीक्षण करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में एवं सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह द्वारा निरीक्षण विशेष यान से टूंडला कानपुर खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया गया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण निरीक्षण है, जिसमें चलती ट्रेन से निरीक्षण कार की पिछली खिड़की से ट्रैक, ओएचई, सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म, समपार फाटक, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है। इस दौरान ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स टीजी आई स्टेशनों की साफ-सफाई, सवारी गुणवत्ता एवं अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटरों का गहन परीक्षण किया गया।

## डीएम ने नवीन मंडी परिषद बाजरा व धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने एडीएम विशु राजा के साथ नवीन मंडी परिषद सिरसागंज स्थित बाजरा क्रय केंद्र और धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ईपीओपी मशीन को देखा, साथ ही साथ मॉश्चराइजर रीडर को भी देखा, जहां उन्हें बताया गया कि मॉश्चराइजर बाजरा में 13 से कम व धान में 17 से कम पाया गया, जो मानक के अनुरूप है, डीएम को अवगत कराया गया कि यहां अब तक 22 किसानों से 1688 कुन्टल बाजारा खरीद हुई है, जबकि तीन किसानों से 200 कुन्टल धान खरीदा गया है, डीएम ने निर्देश दिए हैं कि बाजारा और धान के खरीद की गति को बढ़ाया जाए एवं लक्ष्य के अनुरूप किसानों से क्रय किया जाए, साथ ही डीएम ने निर्देशित किया कि क्रय करने के 48 घंटे में किसानों के खाते में धनराशि अवश्य पहुंच जाए, उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से वार्ता कर यह जानना चाहा कि उन्हें समय से धनराशि मिल रही है, अथवा नहीं, किसानों ने एक स्वर से कहा कि उनके खाते में धनराशि समय से पहुंच रही है, डीएम ने वहां उपस्थित किसान बलवीर सिंह को माला पहनाकर उनका स्वागत किया, साथ ही वहां उपस्थित वृद्ध किसान सिद्धा देवी से भी वार्ता की, उन्होंने किसानों से कहा कि आप क्रय केंद्र पर आप अपनी उपज का विक्रय करें, जिससे आपको आपकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। इसके बाद डीएम ने नगर पालिका परिषद, सिरसागंज सीमान्तर्गत ग्राम सिरसागंज में गाटा सं0 3863 में 50 टीपीडी के सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु चयनित की गयी भूमि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान 50 टीपीडी के सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के लिए नगर पालिका परिषद, सिरसागंज द्वारा चयनित की गयी भूमि उक्त प्लान्ट स्थापित किये जाने हेतु उपयुक्त नही पायी गयी, डीएम ने एसडीएम सिरसागंज एवं अधिशासी अधिकारी सिरसागंज को निर्देशित किया है कि बीडीओ से समन्वय स्थापित करते हुए 50 टीपीडी के सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु अन्य भूमि का चयन कर उनको अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## यूपी में जंगलराज पार्ट-2 नहीं आने देंगे

**आगरा।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक बार फिर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया है। आगरा में उन्होंने कहा- यूपी में जंगलराज पार्ट-2 नहीं आने देंगे। बिहार चुनाव रिजल्ट के बाद से अखिलेश यादव के पेट में मरोड़ हो रही है। ये सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। दिल्ली ब्लास्ट में चिकित्सक के रूप में डिप्टी सीएम ने कहा- जांच एजेंसियां सक्रिय हैं। वे कड़ी कार्रवाई करेंगी। यूपी में लगातार निगरानी बरती जा रही है। इससे पहले उन्होंने मंच से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा- कांग्रेस सरकार ने बल्लभ भाई पटेल जैसी शख्सियत को इगनोर किया। देश की जनता के सामने सही तथ्यों को नहीं रखा। पूर्व की सपा सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा- लखनऊ को पहले मुस्कुराने के लिए जाना जाता था, अब ब्रह्मोस मिसाइल के जाना जाता है। बुधवार को कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा निकाली गई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। मगर, वे अपने तय समय से 3 घंटे देर से आए। इसलिए डिप्टी सीएम के पहुंचने से पहले ही पदयात्रा निकाल ली गई। काफी इंतजार के बाद दोपहर लगभग 3 बजे डिप्टी सीएम कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जनसभा में पहुंचे। यहां उन्होंने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही विपक्षियों पर निशाना भी साधा। जनसभा के बाद प्रेसवार्ता के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- बिहार में जो प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है, उसके पीछे पीएम नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं और नीतिश जी का सुशासन है। जनता जंगलराज को नहीं चाहती थी। आज बिहार विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। बिहार तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। सब लोगों ने जाति धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर एनडीए के पक्ष में वोट किया। उन्होंने कहा-सपाके पेट में तभी से मरोड़ हो रहा है, जब से बिहार रिजल्ट आया है। उत्तर प्रदेश के लोग भी सपा का गुंडाराज कभी स्वीकार नहीं करेंगे। ये जंगलराज पार्ट-2 लाने वाले लोग हैं, उन्हीं की टोली के चट्टे बट्टे हैं। यूपी के लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे गुंडाराज को। दिल्ली ब्लॉस्ट में चिकित्सक की भूमिका सामने आने पर डिप्टी उट ने कहा-सफेदपोश में जिस तरह से इन लोगों ने कृत्य किए हैं, इन्होंने डाक्टर जैसे सम्मानित पेशे को कलंकित किया है।

## रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मिले रेल सलाहकार समिति सदस्य श्री कृष्ण गौतम



**टूंडला।** मैनपुरी रेलखंड की गति क्षमता बढ़ाने व यात्रियों की सुरक्षित तेज और सुगम रेल सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार से मुलाकात कर पत्र सौंपकर बताया कि शिकोहाबाद मैनपुरी रेलखंड पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन संचालन की अनुमति होने के बावजूद कई तकनीकी बाधाओं के कारण ट्रेनें अभी भी कम गति से संचालित हो रही हैं। श्री गौतम ने पुराने रेलवे पुलों के गर्डर अत्यधिक जर्जर हो चुका है, जिनके कारण ट्रेनों को कॉशन लेकर गुजरना पड़ता है। इन पुलों की संपूर्ण तकनीकी जांच कराकर मजबूती प्रदान करने की मांग की गई है। ट्रैक के कई हिस्सों में कर्व घुमावदार ट्रैक होने के कारण गति सीमा प्रभावित होती है इन कर्व को यथासंभव सीधा कराकर उच्च गति संचालन की स्थिति निर्मित करने की जरूरत है। रेलखंड पर तीन समपार फाटक मैन्युअल प्रणाली से चलते हैं। मैनपुरीसिरसागंज सड़क मार्ग के फाटक पर भारी ट्रैफिक को देखते हुए रोड ओवर ब्रिज निर्माण कराया जाय। समपार फाटकों को मैन्युअल संचालन से ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली में परिवर्तित कर संचालन करने तथा आवश्यकतानुसार सीमित ऊंचाई वाले अंडर ब्रिज निर्माण कराने का भी सुझाव दिया गया है। अरांव स्टेशन पर लूप लाइन बनने से गाड़ियों को कम अंतराल पर संचालित करना संभव होगा, जिससे पूरी लाइन की क्षमता बढ़ेगी। श्री गौतम ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल रेलखंड की गति क्षमता बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और समयबद्धता में भी सुधार होगा। उन्होंने टूंडला रेलवे स्टेशन पर रोड ओवर ब्रिज के शटरिंग निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराये जाने तथा एटा कासगंज नई रेल लाइन पर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाने का भी अनुरोध किया।

## वृहद सामूहिक विवाह 23 दिसम्बर को

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चल वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिलाधिकारी महोदय मथुरा के आदेशानुसार वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 दिसम्बर को सेठ बीएन पोद्धार इण्टर कालेज मथुरा में समय प्रातः 09 बजे से आयोजित किया जायेगा। उपरोक्त के क्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिन आवेदकों द्वारा अपना आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भरा गया है, वह तत्काल अपने विकास खण्ड / नगर निकाय कार्यालय से सम्पर्क कर लें।

## आगरा में 11वीं की लापता छात्रा एक महीने से नहीं लौटी घर, पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र स्थित अंजनी विहार, बजरंग नगर टेढ़ी बगिया में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा के गायब होने का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। छात्रा करीब एक महीने से लापता है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग न लगने से परिवार और स्थानीय लोग बेहद आक्रोश में हैं। परिजनों का आरोप है कि बेटी घर से किसी बात पर नाराज होकर निकली थी, लेकिन पुलिस की ढीली कार्यवाही, अनदेखी और लापरवाही के कारण अब तक उसकी तलाश में कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। मां-बाप का बुरा हाल, पुलिस पर निशाना लापता छात्रा की मां-बाप की हालत रो-रोकर खराब हो चुकी है। पिता का कहना है अगर मेरी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो गई, तो इसकी जिम्मेदार लापरवाह पुलिस होगी। परिजन लगातार इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि नारी सुरक्षा और नारी सम्मान के बड़े-बड़े दावों के बीच हमारी बेटी कहां है? एक महीने से पुलिस हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी है? बेटी का पता न चल पाने से परेशान पिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाते हुए कहा है कि योगी जी, मेरी बेटी मुझे वापस करा दीजिए, पुलिस से कोई उम्मीद नहीं बची है। परिवार का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस सक्रियता दिखाती, तो उनकी बेटी को खोजा जा सकता था। स्थानीय लोगों का भी आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद न तो प्रभावी तलाश अभियान चलाया गया और न ही संभावित जगहों पर छानबीन तेज की गई। परिजनों का कहना है कि मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज, दोस्त-रिश्तेदारों से पूछताछ, इन सभी प्रक्रियाओं में पुलिस बेहद धीमी गति से काम कर रही है, जिससे केस ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। फिलहाल परिवार बेटी की सुरक्षित वापसी के लिए जनता और प्रशासन दोनों से मदद की अपील कर रहा है।

## संस्कृति विवि की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुई कृषि के नवोन्मेष की बात



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से ह्यसतत कृषि के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रह्न विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवश्यक परिस्थितियों, इनोवेशन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षकों ने संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को नई सोच, नई खोजों से अवगत कराया। संगोष्ठी में सतत कृषि विकास के लिए नवीन दृष्टिकोणों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि लेथब्रिज विश्वविद्यालय, कनाडा के अध्यक्ष एवं कुलपति प्रो. दिगवीर एस. जायस जो कृषि-खाद्य अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तर पर विख्यात अकादमिक हस्ती हैं ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को मजबूत करने के लिए एक नवाचार-संचालित स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पीआई इंडस्ट्रीज एंड एफ्रिन जीएमबीएच, डसेलडोर्फ और बर्लिन, जर्मनी के प्रबंध निदेशक, डॉ. क्लॉस कुंज ने सटीक कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, पुनर्योजी खेती और मूल्य-श्रृंखला संवर्धन में स्टार्टअप के लिए उभरते अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि-स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सहयोग, अनुसंधान-संचालित नवाचार और सहायक नीतिगत ढाँचों के महत्व पर बल दिया। पीआई इंडस्ट्रीज, मुंबई में कॉर्पोरेट मामलों और स्थिरता (कृषि) के प्रमुख, डॉ. के. एस. त्यागराजन ने भारत के कृषि-रसायन उद्योग के उभरते परिदृश्य पर जोर दिया। जर्मनी स्थित पीआई इंडस्ट्रीज के ग्लोबल फील्ड डेवलपमेंट लीड (कीटनाशक) डॉ. चक्रधर पाल ने मृदा स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण महत्व पर एक गहन व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मृदा टिकाऊ कृषि और दीर्घकालिक उत्पादकता की नींव है। डॉ. प्रफुल्ल भामरे ने भारत में कीटनाशक पंजीकरण और उससे जुड़े सुरक्षा मुद्दों को नियंत्रित करने वाले नियामक दिशानिर्देशों पर बात की।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महाविद्यालय में लगाया जागरूकता शिविर



**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज डॉ. बब्बू सारंग के निर्देशन में दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय फिरोजाबाद में छात्राओं हेतु विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव अतुल चौधरी ने उपस्थित समस्त छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी पात्र व्यक्तियों विशेष रूप से महिलाओं बच्चों और कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें मुकदमे की पैरवी के लिए वकील की नियुक्ति, कागजी कार्यवाही और कानूनी सलाह शामिल है। यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और कानूनी मदद का खर्च वहन नहीं कर सकते। इसी क्रम में छात्राओं को पोश एक्ट के बारे में भी जागरूक किया, जो कार्यस्थलों और शिक्षा संस्थानों में यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु लागू किया गया है। इस कानून के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए सख्त प्रावधान हैं, और किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। आगे बताया कि प्राधिकरण समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करता है, जिनमें लोगों को उनके कानूनी अधिकारों सुरक्षा उपायों, और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य समाज में विधिक जागरूकता फैलाना है, ताकि लोग अपने अधिकारों के बारे में जागरूक रहें और उन्हें लागू करने में सक्षम हों। प्राधिकरण यह सुनिश्चित करता है कि समाज के हर वर्ग को समान और त्वरित न्याय मिले, खासकर उन लोगों को जो न्यायालयों तक पहुँचने में असमर्थ हैं। उन्होंने विशेष रूप से आज के डिजिटल युग में महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जहां इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ा है, वहीं महिलाओं और बच्चों के साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हो रही है। छात्राओं को साइबर अपराधों जैसे कि साइबर स्टॉकिंग ऑनलाइन उत्पीड़न, फर्जी पहचान बनाना, और सोशल मीडिया पर असमान्य या धमकी देने वाली गतिविधियों से बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि फोटो मोबाइल नंबर पता आदि को सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बचना चाहिए, क्योंकि ये जानकारी गलत हाथों में जा सकती है और अपराधी इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी महिला के साथ साइबर उत्पीड़न या अन्य कोई साइबर अपराध घटित हो तो उसे तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करनी चाहिए। प्राधिकरण महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा के संबंध में कानूनी मदद और मार्गदर्शन भी प्रदान करता है, ताकि वे साइबर अपराधों से बच सकें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने छात्राओं से यह अपील भी की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण से संपर्क करें। इसी क्रम में मुख्य न्याय रक्षक मनोरमा मसीह ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निषेध कानून के बारे में छात्राओं को विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह कानून कार्यस्थलों और शिक्षा संस्थानों में महिलाओं के यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु लागू किया गया है। इसके तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए सख्त प्रावधान हैं, और किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की सलाह दी और यह बताया कि यदि किसी छात्रा या महिला को कार्यस्थल या शिक्षा संस्थान में यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़े, तो वह तत्काल इस कानून के तहत कार्यवाही कर सकती है। न्याय रक्षक सुश्री स्वाति मिश्रा ने घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उ

## मथुरा विजन(2030): 34 हजार करोड़ की मेगा योजनाओं से ब्रज में विकास का नया अध्याय

**मथुरा।** जनपद मथुरा की अवस्थापना सुविधाओं के समग्र विकास की कार्ययोजना (मथुरा विजन-2030) के अंतर्गत 258 परियोजनाओं से होगा जनपद मथुरा का विकास। वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में स्वीकृत 33 परियोजनाएं है, जिसकी कुल लागत रुपए 4327.98 करोड़ है। मुख्यमंत्रीजी द्वारा अन्य 65 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी लागत रुपए 7472.39 करोड़ है। 2025-26 के उपरांत प्रस्तावित होने वाली 160 परियोजनाएं है, जिसकी लागत रुपए 22967.57 करोड़ है। कुल परियोजनाएं 258 है, जिसकी कुल लागत रुपए 34767.94 करोड़ है। वर्ष 2025-26 की 33 स्वीकृत परियोजनाओं में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 5, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की 1, लोक निर्माण विभाग की 5, सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की 1, मथुरा वृन्दावन नगर निगम की 19, सिंचाई विभाग की 1 तथा पशुपालन विभाग की 1 परियोजना शामिल है। उक्त 33 परियोजनाओं की कुल लागत रुपए 4327.98 करोड़ है। उक्त कार्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं में वृन्दावन बाईपास (जैत-यमुना एक्सप्रेस-वे) की परियोजना, ग्राम रहीमपुर (निकट फरह) में टाउनशिप का विकास, ग्राम छाता में टाउनशिप का विकास, गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग (अन्यौर) के निकट नाले का निर्माण कार्य, बरसाना में राधारानी मन्दिर के बह्मांचल पर्वत स्थित प्रवेश द्वार / मार्ग का विस्तारीकरण, मथुरा में एकीकृत नियंत्रण केन्द्र (ष्ब्ब्ब) का निर्माण, कृष्णा नगर में वाणिज्यिक प्लाजा सहित बहुस्तरीय कार पार्किंग का निर्माण कार्य, जवाहर बाग में श्री कृष्ण लीला पर आधारित ह्यकृष्णलोकह्न थीम पार्क का विकास, मसानी से गोकुल रेस्टोरेंट तक सड़क का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, ब्रज अर्बन हाट का निर्माण, मथुरा बांगर में नगर निगम की भूमि पर मिनी स्टेडियम का निर्माण आदि शामिल है।

# किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया



**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विधायक टूण्डला प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा कृषकों को बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 21वीं किस्त का हस्तानांतरण जनपद के कृषकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे किया जा रहा है। साथ ही किसान सम्मान दिवस में उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पशुओं का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, एवं समस्त अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित लाभकारी योजनाऐं पम्पलेट के माध्यम से कृषकों को वितरित करें जिससे उन्हे विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सकें। समस्त कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनपदीय अधिकारी किसान समाधान दिवस में उपस्थित होकर कृषकों की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह को अवगत कराया गया कि समस्त कृषक फार्मर रजिस्ट्री जनसेवा केंद्र पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं कृषि कार्मिक के माध्यम से अनिवार्य रूप कराये जिससे कृषकों को केसीसी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अविरत रूप से मिलता रहें। साथ ही कृषकों से अपील की कोई भी कृषक फसल अवशेषों को खेत में न जलायें अन्यथा की दशा में जुमार्ना की कार्यवाही की जायेगी। एवं कृषकों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभकारी परिणाम से अवगत कराया गया। मुख्य पशुचिकित्सा धिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह द्वारा कृषकों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ सवर्धन योजना मिनी नन्दनी कृषक समृद्धि योजना एवं राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही पालतू पशुओं को गला घोटू-खुरपका-मुँहपका बीमारी से वचाव के लिए टीकाकरण कराने की सलाह दी गयी। सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, रवीन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे मे बताया कि वर्तमान में विकास खण्ड एका जसराना एवं मदनपुर में उथले नलकूप योजना मध्यम गहरे नलकूप गहरे नलकूप योजना संचालित है। साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए रूफ-टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विषय में जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गौरव सिन्हा द्वारा कृषकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सघन मत्स्य पालन में ऐरेसन सिस्टम के महत्व को बताया। सहायक उद्यान निरीक्षक बृजेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना माइक्रो इरीगेशन योजनान्तर्गत ड्रिप मिनी स्प्रिंकलर माइक्रो स्प्रिंकलर पर विभाग द्वारा देय अनुदान के विषय में बताया गया।

## आगरा में मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से एक घायल, लूटपाट करते थे

**आगरा।** थाना एत्मादपुर क्षेत्र में युवक को झांसा देकर अपनी गाड़ी में बैठाकर लूटपाट करने की घटना में संलिप्त 4 अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में एक अभियुक्त वसीम के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 तमंचा 1 जिंदा और 1 खोखा कारतूस और लूटे गए 7600 रूपए 2 एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल फोन, और घटना में प्रयुक्त 20 कार बरामद की है। सहायक पुलिस आयुक्त, एत्मादपुर कमिश्नरेट आगरा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि ये अभियुक्त युवक को झांसा देकर अपनी गाड़ी में बैठाकर लूटपाट करने की घटना में संलिप्त थे। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है और उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उनके साथ भी ऐसी कोई घटना हुई है, तो वे पुलिस से संपर्क करें।

संक्षेप

## निसान का देशभर में टेस्ट ड्राइव कार्निवल शुरू

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने देशभर में टेस्ट ड्राइव कार्निवल की लॉन्चिंग के साथ त्योहारी उत्साह को बनाए रखा है। इस पहल को ग्राहकों का उत्साह बनाए रखने और देशभर में डीलरशिप में लगातार ग्राहकों की आवाजाही कायम रखने के लिए डिजाइन किया गया है। अक्टूबर, 2025 में निसान ने नवरात्रि, दशहरा और दिवाली के दौरान निसान मैग्नाइट के लिए जबर्दस्त त्योहारी मांग देखी थी। भारत सरकार की तरफ से जीएसटी की दरों में कटौती की घोषणा से भी इस मांग को समर्थन मिला था। नए कैंपेन में ग्राहकों को जीएनसीएपी से 5-स्टार रेटिंग प्राप्त नई निसान मैग्नाइट समेत निसान की लाइनअप का व्यापक अनुभव लेने का मौका मिलेगा।

## 3डी कंक्रीट प्रिंटेड मिलट्री इनसीगनिया आर्क शुरू

बंगलुरु। हैदराबाद स्थित डीपटेक कंपनी सिंप्लिफोर्ज ने आईआईटी हैदराबाद के सहयोग से देश के पहले और सबसे बड़े मिलट्री इनसाइनिया आर्च का निर्माण किया है। यह भारत की सैन्य विरासत और डिजिटल निर्माण के भविष्य को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, शक्ति और अदम्य साहस के प्रतीक बाघ के चेहरे को प्रभावशाली रूप में डिजाइन किया गया है। यह शानदार ढांचा अब झांसी कैंटोनमेंट में शान से खड़ा है। यह डिफेंस निर्माण इनोवेशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाघ-थीम वाला यह आर्क कैंटोनमेंट के भीतर स्थित इनडोर स्पोर्ट्स एरीना की ओर भी जाता है।

## एमवे इंडिया का न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च

बंगलुरु। आज की तेज और व्यस्त जीवनशैली में पोषण की कमी चुपके-चुपके नुकसान पहुँचाने वाली एक समस्या बनती जा रही है। इसी वजह से लोग अब अपने संपूर्ण स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। विटामिन डी की कमी भी ऐसी ही एक समस्या है, जो अलग-अलग आयु समूहों के लोगों में देखने को मिलती है और यह साफ दिखाता है कि समय रहते पोषण की कमी पूरी करना क्यों जरूरी है। इसी आवश्यकता को देखते हुए और पोषण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को और मजबूत करते हुए, एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च किया।

## 30 नवंबर तक होगा एसएलएटी का आवेदन

नयी दिल्ली। सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) 2026 के ऐप्लीकेशन्स 30 नवम्बर को बंद हो रहे हैं। ऐसे में वे उम्मीदवार जो लीगल प्रोफेशनल बनने की इच्छा रखते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि जल्द से जल्द इस एप्लीकेशन प्रक्रिया को पूरा कर लें। परीक्षा की दिनांक 20 दिसम्बर 2025 (शनिवार) और 28 दिसम्बर 2025 (रविवार) हैं। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल द्वारा संचालित एसएलएटी के जरिए उम्मीदवार पुणे, नोएडा, हैदराबाद में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों के प्रीमियर अंडरग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं।

## प्रेस्टीज का ट्राई-प्लाई डिजाइनर सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। किचन अप्लायंसेज और कुकवेयर सेगमेंट का भरोसेमंद नाम टीटीके प्रेस्टीज ने अपना नया इनोवेशन—ट्राई-प्लाई डिजाइनर कुकवेयर सीरीज—लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नई रेंज मजबूती, आकर्षक डिजाइन और श्रेष्ठ परफॉर्मेंस का अनोखा संयोजन है, जिसे आज की मॉडर्न इंडियन किचन की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस नई सीरीज में दो मुख्य प्रोडक्ट शामिल हैं—ग्लास लिड वाली कड़ाही और ग्लास लिड वाली फ्राई पैन। ट्राई-प्लाई डिजाइनर सीरीज की सबसे खास विशेषता है इसका हनीकॉम्ब-टेक्सचर इंटीरियर और मजबूत ट्राई-प्लाई निर्माण।

## रूपांतरण यात्रा में लाखों नवोद्यमियों की सहभागिता

सुल्तानपुर। आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं। यात्रा का नवीनतम पड़ाव सुल्तानपुर रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।



सुल्तानपुर और इससे पहले आयोजित 20 शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 23 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुँच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है।

# सेंसेक्स में 513 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक एक समय 563.75 अंक तक चढ़ गया था। वहीं पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी 142.60 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाले शेयर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आप अच्छी खबर सुनेंगे जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला। मंगलवार की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी। बाजार को मुख्य रूप से आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से समर्थन मिला। इस तेजी की अगुवाई इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी आईटी कंपनियों ने किया। इन्फोसिस की 18,000 करोड़ रुपये के शेयर पुनर्खरीद की घोषणा के बाद धारणा में सुधार हुआ। इसके अलावा संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने भी धारणा को मजबूत किया...। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के चलते आईटी क्षेत्र में तेजी आई। इसे अमेरिका के कमजोर श्रम आंकड़ों और मुद्रा की अनुकूल परिस्थितियों का समर्थन मिला, जबकि विलय से जुड़ी खबरों और बेहतर होते बुनियाद के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को फायदा हुआ। अब आगे के नीतिगत संकेतों के लिए कल (बृहस्पतिवार) के एफओएमसी (फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों का ध्यान है। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 728.82 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,156.83 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सोना 1500 रुपये बढ़कर 127300 रुपये पर, चांदी 4000 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत ।,500 रुपये बढ़कर ।,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत ।,500 रुपये बढ़कर ।,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुँच गई।

चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर ।,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोने ने लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी और 46.32 डॉलर बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। निवेशकों को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अक्टूबर बैठक के आज रात जारी होने वाले ब्योरे का इंतजार है, जिससे हाजिर सोना 4,084 डॉलर के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी और जिंस शोध विश्लेषक कायनात चैनवाला ने बताया कि मंगलवार को सोना एक सप्ताह के निचले स्तर से उबरकर 4,065 डॉलर प्रति औंस से ऊपर बंद हुआ। इसे अमेरिका में रोजगार के कमजोर आंकड़ों और कई विलंबित वृहद आंकड़ों से पहले सतर्कता का समर्थन मिला। विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## वाहन उद्योग ने बजट पूर्व बैठक में क्षतिपूर्ति उपकर का मुद्दा उठाया

नयी दिल्ली। ऐसा समझा जाता है कि वाहन उद्योग के प्रतिनिधियों ने बजट तैयारियों के सिलसिले में आयोजित बैठक में जीएसटी 2.0 व्यवस्था से उत्पन्न 2,500 करोड़ रुपये के क्षतिपूर्ति उपकर क्रेडिट का मुद्दा सरकार के समक्ष उठाया। सूत्रों ने यह कहा है। मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) सहित वाहन उद्योग के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपनी बैठक में इस मुद्दे को उठाया और डीलरों की वास्तविक चिंताओं का हवाला देते हुए मामले के समाधान का आग्रह किया। नए जीएसटी मानदंड लागू होने के साथ संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो गया। इस वर्ष अक्टूबर में, फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने 2,500 करोड़ रुपये के क्षतिपूर्ति उपकर क्रेडिट पर राहत की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। फाडा ने तब कहा था कि न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाना सुधार के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्षता और विश्वास के लिए है। इसका कारण हजारों एमएसएमई वाहन डीलरों को नुकसान हो रहा था और कर-भुगतान किए गए 2,500 करोड़ रुपये के वास्तविक क्षतिपूर्ति उपकर क्रेडिट अब समाप्त होने का जोखिम है।

## रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 88.58 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे बढ़कर 88.58 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में लिवाली गतिविधियों में आई तेजी और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों के गिरावट के कारण रुपये में यह तेजी देखी गई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया, जबकि निवेशक प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रगति को लेकर चिंतित थे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 88.57 पर खुला और इसने डॉलर के मुकाबले 88.41 के दिन के उच्चतम स्तर को छुआ। अंत में रुपया दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 88.58 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो अपने पिछले बंद स्तर से दो पैसे की मामूली बढ़त है। मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 88.60 पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने और व्यापार समझौतों को लेकर आशावाद के चलते रुपया थोड़े सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, मजबूत डॉलर और ब्याज दरों में कटौती की कम होती उम्मीदें इस बढ़त को सीमित कर सकती हैं। आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी से रुपये पर उच्च स्तर पर दबाव पड़ सकता है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 88.25 रुपये से 88.70 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.18 प्रतिशत बढ़कर 99.63 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.46 प्रतिशत गिरकर 64.58 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

## आयकर अधिकारियों ने वारी एनर्जीज के कार्यालयों, प्रतिष्ठानों की जांच-पड़ताल की

एजेंसी

नयी दिल्ली। आयकर अधिकारियों ने वारी एनर्जीज के कार्यालयों और प्रतिष्ठानों की जांच-पड़ताल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी। गुजरात स्थित यह कंपनी सौर ऊर्जा आयात पर शुल्क चोरी के आरोप में अमेरिका में भी जांच का सामना कर रही है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कहा कि वह आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। वारी एनर्जीज ने कहा, ...आयकर (आईटी) विभाग के कुछ अधिकारियों ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत जांच-पड़ताल करने के लिए भारत में कंपनी के कुछ कार्यालयों और इसकी सुविधाओं का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कार्यवाही जारी है और अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया जा रहा है। वारी एनर्जीज ने सितंबर में कहा था कि वह सौर ऊर्जा आयात पर शुल्क की कथित चोरी के लिए कंपनी के खिलाफ जारी जांच में अमेरिकी सरकार के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। कंपनी की अनुषंगी कंपनी वारी सोलर अमेरिकाज की टेक्सास में 1.6 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा है, जिसे 3.2 गीगावाट तक विस्तारित किया जा रहा है।

# केंद्र ने राजस्थान के पीएसएस और एमआईएस के प्रस्तावों को मंजूरी दी

जयपुर। केंद्र सरकार ने खरीफ 2025-26 के लिए राजस्थान से प्राप्त मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इन प्रस्तावों के तहत राज्य में लगभग 9,436 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य से मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की रिकॉर्ड खरीद सुनिश्चित होगी। इसके अनुसार, मुख्यमंत्री शर्मा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। एक बयान में शर्मा ने कहा कि यह स्वीकृति राज्य के किसानों के लिए देश की सबसे बड़ी खरीद पहल में से एक है। इससे किसानों को अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित होगा, जो उन्हें बाजार जोखिमों से भी संरक्षण प्रदान करेगा। साथ ही, पॉस आधारित आधार प्रमाणीकरण और डीबीटी के माध्यम से पारदर्शी भुगतान व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा, हमारी डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। केंद्र सरकार द्वारा किया गया यह निर्णय किसान-कल्याण के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा।

## जेएसडब्लू एमजी मोटर ने बेची एमजी विंडसर की 50000 यूनिट्स

नयी दिल्ली। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने एक साल से कुछ अधिक समय में एमजी विंडसर की 50,000 यूनिट्स बेचने की उपलब्धि हासिल की है। यह कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक कामयाबी है। इस कामयाबी के साथ एमजी विंडसर भारत की पहली इलेक्ट्रिक कार बन गई है, जिसकी रिकॉर्ड समय में 50,000 यूनिट्स बिक चुकी हैं। इससे इलेक्ट्रिक कार की श्रेणी में कंपनी का नेतृत्व प्रदर्शित होता है। हमने एक सरल व महत्वाकांक्षी मिशन के साथ विंडसर ईवी का लॉन्च किया था। हम एक व्यवहारिक, स्टाईलिश और मूल्य-संचालित मोबिलिटी समाधान पेश करना चाहते थे।

## बीओबी ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा और प्रमुख वित्तीय संस्थान भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने आज विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एमएसएमई और स्टार्टअप को प्रोत्साहन, फायनांस और उनके विकास को गति प्रदान करने हेतु साथ मिलकर पूरे भारत में एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए ऋण प्रवाह को बढ़ाने, कार्यशील पूंजी की उपलब्धता में वृद्धि करने और वित्तीय सहायता को सुदृढ़ बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। जिनकीगरिमामयी उपस्थिति में इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए इस समारोह में मनोज अयप्पन, संयुक्त सचिव, डीएफएस, बैंक ऑफ बड़ौदा और अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के शीर्ष कार्यपालकों ने प्रतिभागिता की।

# ट्राई ने वित्तीय संस्थानों की सेवा संबंधी कॉल के लिए 1600 श्रृंखला को अपनाने की समयसीमा तय की



नयी दिल्ली। ट्राई ने बुधवार को बैंकों, एनबीएफसी, म्यूचुअल फंड और अन्य विनियमित संस्थाओं के सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए विशेष 1600 नंबरिंग श्रृंखला को चरणबद्ध तरीके से अपनाने के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की।

यह कदम वॉयस कॉल के माध्यम से होने वाले वित्तीय धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। ट्राई ने स्पष्ट समयसीमा निर्धारित करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों को एक जनवरी, 2026 तक इसे अपनाना होगा। दूरसंचार नियामक ने बयान में कहा, ट्राई ने आज एक निर्देश जारी किया है जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा 1600 नंबरिंग श्रृंखला को अपनाने की अंतिम तिथियां बताई गई हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आगे कहा कि 1600 श्रृंखला को उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने, स्पैम पर काबू पाने और वॉयस कॉल के जरिये होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए लाया गया है। गौरतलब है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र की इकाइयों और सरकारी संगठनों को 1600 नंबरिंग श्रृंखला आवंटित की है। इसका मकसद उनकी सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल को अन्य वाणिज्यिक संचार से अलग करना है। ट्राई के अनुसार, सभी म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों को इसे 15 फरवरी, 2026 तक अपनाना होगा। इसी तरह सभी पात्र स्टॉक ब्रोकर को 15 मार्च, 2026 तक इसे लागू करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

पेज एक का शेष

### 11 दिन

सिद्धू मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को मंगलवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया। उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। वर्ष 2022 से फरार अनमोल अमेरिका में रह रहा था और जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले आतंकी-सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वां आरोपी है। एनआईए ने एक बयान में कहा, अनमोल के खिलाफ एनआईए ने मार्च 2023 में उस वक्त आरोप-पत्र दाखिल किया था, जब मामले की जांच में यह बात सामने आई थी कि उसने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में घोषित आतंकवादी गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी।

### योगी ने की

जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है जिनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इसमें कहा गया है कि इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। बैठक में बताया गया कि पहले चरण की कार्ययोजना के रूप में वर्ष 2025-26 में मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 प्राथमिक परियोजनाओं पर कार्य किया जाए। इन परियोजनाओं में यातायात सुधार, चौराहों का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, सड़क और फुटपाथ में सुधार, बिजली लाइनों का भूमिगतकरण, जल प्रबंधन, पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन और शहरी सौंदर्यीकरण जैसी जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक में बताया गया कि मेरठ में यातायात सुगमता के लिए बिजली बम्बा बाइपास, लिंक रोड, हापुड़ अड्डा से गांधी आश्रम तक चौड़ीकरण, ईस्टर्न कचहरी रोड, सूरजकुंड चौराहा, क़य्यम नगर पार्क, 19 प्रमुख चौराहों पर सुधार, संजय वन, शताब्दी नगर एसटीपी से मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र तक जल पुनर्चक्रण व्यवस्था, स्मार्ट रोड और यूनिवर्सिटी रोड क्षेत्रीय पुनर्विकास जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। कानपुर के संबंध में बताया गया कि विकास का आधार अपनी विरासत से जुड़ते हुए लेकिन भविष्य की ओर बढ़ते हुए की अवधारणा होगी। बयान के मुताबिक, मैनावती मार्ग चौड़ीकरण, मल्टीलेवल पार्किंग, सड़कों का निर्माण, ग्रीन पार्क के आसपास शहरी डिजाइन में सुधार, मकसूदाबाद सिटी फॉरेस्ट, बोटेनिकल गार्डन, वीआईपी रोड, रिवरफ्रंट लिंक, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार और ग्रेटर कानपुर के रूप में नए विस्तार क्षेत्र की दृष्टि इस योजना में शामिल है। बयान में कहा गया है कि मथुरा-वृंदावन के लिए प्रस्तुत मास्टर प्लान के तहत शहर को विजन-2030 के रूप में विकसित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए मल्टीलेवल पार्किंग, बस पार्किंग, प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, नए मार्गों का निर्माण, बरसाना-गोवर्धन-राधाकुंड कॉरिडोर में सुधार, परिक्रमा मार्ग पर सुविधाएं और नगर प्रवेश से धार्मिक स्थलों तक संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था की योजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व साझा मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मॉडल अपनाने के निर्देश दिए। आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के लिए यदि अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होगी तो उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

### किसानों के

में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित 'दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन-2025' में देश भर के 9 करोड़ से अधिक किसान बंधुओं को 18,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त हस्तांतरित कर सशक्त कृषि और आत्मनिर्भर किसान के संकल्प को और दृढ़ किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों को भी इस किस्त का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे राज्य के कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

### नीतीश आज

विधायकों ने नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना है। उन्होंने बताया कि बैठक में जदयू नेता विजय चौधरी और उमेश कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा, जिसका जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र यादव ने समर्थन किया और बाद में इस प्रस्ताव का समर्थन जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन ने भी किया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए राज्य के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। पार्टी नेता श्रवण कुमार ने बताया कि जदयू प्रमुख नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उधर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक में नव-निर्वाचित विधायकों ने सम्राट चौधरी को नेता चुना। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक केशव प्रसाद मौर्य ने बताया, भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उपनेता चुना है। यह सर्वसम्मत निर्णय है। बैठक में केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। भाजपा के एक नेता ने बताया कि कुल 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के नाम क्रमशः नेता और उपनेता के रूप में प्रस्तावित किए, जिन्हें सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। पार्टी विधायक दल का उपनेता चुने जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सिन्हा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। हम सुशासन से समृद्धि के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पत्रकारों से कहा निर्णय इसी तरह प्रेम और सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। जनता ने पहले भारी बहुमत देकर सरकार चुनी और अब विधायक दल ने अपना नेता चुना है। कुल 243 सदस्यीय विधानसभा में राजग ने 202 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। चुनाव में भाजपा को 89, जदयू को 85, लोजपा(रामविलास) को 19, हम को पांच और रालोमो को चार सीटें मिली हैं। भाजपा विधानसभा में पहली बार सबसे बड़े पार्टी बनी है।

### संभल में हरिहर

कार्यक्रम मंदिर परिसर के भीतर आयोजित करने की अपील की थी। महंत गिरि ने कहा कि यात्रा के लिये श्रद्धालुओं, हिंदू समुदाय और मीडिया से मिला व्यापक समर्थन काफी उत्साहजनक है तथा आज की पदयात्रा स्थगित कर दी गई है लेकिन कैला देवी धाम में एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पदयात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी और कहा कि मंदिर में दर्शन के लिए प्रशासनिक अनुमति की आवश्यकता नहीं होती।

### मुठभेड़ के

सम्मेलन में कहा कि मृतकों में तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं, और उनकी पहचान की जा रही है। लड्ढा ने कहा क्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार के अभियान के क्रम में अब (बुधवार) तक सात माओवादी मारे गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की कार्वाई मंगलवार को हुई पहली मुठभेड़ (ईओएफ) की जगह से लगभग सात किलोमीटर दूर हुई। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सात माओवादी आज सुबह करीब सात बजे अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के मारेडुमिल्ली में मारे गए। उन्होंने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बताया कि एक व्यक्ति की पहचान श्रीकाकुलम निवासी मेतुरी जोखा राव उर्फ शंकर के रूप में हुई है, जो आंध्र ओडिशा सीमा (एओबी) का प्रभारी (एसीएम) था और तकनीकी चीजों, हथियार निर्माण, संचार में विशेषज्ञता रखता था। लड्ढा के अनुसार, शंकर लगभग 20 वर्षों से माओवादी आंदोलन का हिस्सा था और लगातार जारी सुरक्षा अभियानों के कारण उसे स्थानांतरित होना पड़ा। इसके अलवा, लड्ढा ने कहा कि शंकर संभवतः माओवादी आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए दक्षिणी राज्य में आया होगा। मारेडुमिली मंडल के जंगली इलाके में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली कमांडर माडवी हिडमा समेत छह माओवादी मारे गये थे।

### रूस में दो

पर कार्य किया था।

विदेश मंत्री ने कहा यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास खोल रहे हैं, इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए पिछले कुछ महीनों से लगातार काम किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत रूसी सरकार से मिले समर्थन का सम्मान करता है। जयशंकर ने कहा कि येकातेरिनबर्ग को इसके औद्योगिक महत्व के कारण अक्सर रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, वाणिज्य दूतावास के खुलने से भारतीय और रूसी उद्योगों के बीच तकनीकी, वैज्ञानिक, आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। रूस में सबसे ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शहरों में शुमार कजान ने 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भाग लिया था।

### उत्तराखण्ड को

जिसने आम नागरिक को अभिव्यक्ति की नई स्वतंत्रता दी है। बड़े वैश्विक मामलों से लेकर किसी गांव की छोटी समस्या तक सभी मुद्दे अब कुछ ही पलों में लाखों लोगों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस शक्ति का सकारात्मक उपयोग राज्य की छवि को नई ऊंचाई दे सकता है।

### वैश्विक निवेशकों

मिल रही है। आगामी भूमि पूजन समारोह के लिए सरकार 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी कर रही है। इससे पहले आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कराया है। वर्ष 2018 से अब तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, रक्षा, कौशल विकास, आवास और विनिर्माण समेत विभिन्न क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को मूर्त रूप दिया जा चुका है, जो राज्य की नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण का प्रमाण है।

### अल-फलाह

के तर्कों को सुनने के बाद साकेत कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) शीतल चौधरी प्रधान ने बुधवार रात करीब एक बजे अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए आरोपित जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। रिमांड मिलने के बाद ईडी की टीम उनसे नैक के फर्जी दावों और शेल कंपनियों में पैसों के ट्रांसफर को लेकर भी पूछताछ कर रही है।




# गिल दूसरे टेस्ट के लिए जायेंगे गुवाहाटी



नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी।

वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। उन्होंने कहा बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा। गिल की दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बेहद कम होने के कारण ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को राजकोट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चल रही भारत ए की श्रृंखला से वापस बुला दिया गया है।

वह सोमवार की शाम को कोलकाता में टीम से जुड़ गए थे लेकिन उन्होंने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था।

# रोहित शर्मा को पछाड़ न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल बने दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज



दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बुधवार को जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूज़ीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं।

इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान भी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए। भारत के शुभमन गिल (चौथे), विराट कोहली (पांचवें) और श्रेयस अय्यर (आठवें) शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल हैं। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली है। मोहम्मद रिजवान (पांच स्थान ऊपर 22वें स्थान पर) और



फखर जमां (पांच स्थान ऊपर 26वें स्थान पर) की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पाकिस्तान ने अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अबरार अहमद (11 स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर) और तेज गेंदबाज हारिस राऊफ़ (पांच स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर) को एकदिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं। इस बीच कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने करियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं।

## संक्षेप

### हिमांशु नंदल ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी में जीते तीन स्वर्ण

हैदराबाद। हिमांशु नंदल ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में एस11 वर्ग में तीन स्वर्ण के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार भी जीता। यह टूर्नामेंट यहां 15 से 18 नवंबर के बीच खेला गया था। नंदल ने एस11 श्रेणी में रफ्तार, अनुशासन और नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण अपने नाम किये। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में पीला तमगा अपने नाम किया।

### साबरे, एसएससीबी ने पुरुष इपी में खिताब जीते

नयी दिल्ली। हरियाणा और तमिलनाडु ने यहां 36वीं राष्ट्रीय सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में क्रमशः महिला साबरे और फोइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि एसएससीबी ने पुरूष ईपी में खिताब अपने नाम किया। महिला साबरे टीम वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने पंजाब को 45 . 44 से मात दी। महाराष्ट्र और तमिलनाडु को कांस्य पदक मिला। सेमीफाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 45 . 43 से और पंजाब ने तमिलनाडु को 45 . 33 से मात दी। पुरूष इपी फाइनल में एसएससीबी ने जम्मू कश्मीर को 45 . 29 से हराया। पंजाब और मणिपुर को कांस्य पदक मिले। सेमीफाइनल में एसएससीबी ने पंजाब को 45 . 29 से जबकि जम्मू कश्मीर ने मणिपुर को 45 . 32 से हराया। महिला फोइल फाइनल में तमिलनाडु ने मणिपुर को 45 . 36 से मात दी। चंडीगढ और छत्तीसगढ ने कांस्य पदक जीते।

### निकहत, जैसमीन और चार मुक्केबाज फाइनल में

ग्रेटर नोएडा। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन , जैसमीन लंबोरिया और भारत के चार अन्य मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के चौथे दिन बुधवार को फाइनल में प्रवेश कर लिया। जादुमणि सिंह एम (50 किलो), पवन बर्तवाल (55 किलो), सचिन सिवाच (60 किलो) और हितेश गुलिया (70 किलो) भी खिताबी मुकाबले में पहुंच गए। भारत के 15 मुक्केबाज बृहस्पतिवार को स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलेंगे। कंधे की चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने वाली निकहत ने 51 किलो वर्ग में कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की जानीवा गुलसेवर को हराया। निकहत आखिरी बार 20 महीने पहले पिछले साल फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में पोडियम तक पहुंची थी। दिल्ली में दो साल पहले विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली निकहत ने कहा, मुझे खुशी है कि पेरिस ओलंपिक के बाद मेरे पदकों का खाता खुला है। यहां से आगे ही जाना है। मैं यहीं पर विश्व चैम्पियन बनी थी और आज मैने सेमीफाइनल जीता है। अब उनका सामना चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन से होगा।

### फिडे विश्व कप : वेई यी से हारे एरिगेसी

पणजी। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को बुधवार को यहां क्वार्टर फाइनल के टाईब्रेक में चीन के वेई यी के खिलाफ 1.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा जिससे फिडे शतरंज विश्व कप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। रेपिड टाईब्रेक बाजियों में भाग्य ने एरिगेसी का साथ नहीं दिया। चीन के खिलाड़ी ने एरिगेसी पर लगातार दबाव बनाए रखा। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहली टाईब्रेक बाजी ड्रॉ रही लेकिन दूसरी बाजी में एरिगेसी ने नियंत्रण गंवाने के साथ मुकाबला भी गंवा दिया।

# मुंबई व जम्मू कश्मीर की आसान जीत

## पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े

एजेंसी



मुंबई। मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के मैच के अंतिम दिन बुधवार को यहां सिर्फ आधे घंटे में जीत की औपचारिकता पूरी की तथा पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन सुबह 8.3 ओवर में अपने बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े और इस तरह से उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 276 रन पर आउट हो गई।

पुडुचेरी की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की और उसकी हार तय लग रही थी। मुंबई की तरफ से चौथे दिन तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान शार्दुल ठाकुर और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला, जिससे मुंबई ने जल्दी ही जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। देशपांडे और ठाकुर दोनों ने पांच-पांच विकेट लेकर मैच का अंत किया, जबकि सिद्धेश लाड और आकाश आनंद ने शतक बनाए जिससे मुंबई ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन बनाकर पारी घोषित की। पुडुचेरी की टीम पहली पारी में 132 रन ही बना पाई थी। मुंबई ने अपनी तीसरी जीत से सात अंक जुटाए जबकि पुडुचेरी को कोई अंक नहीं मिला। मुंबई ग्रुप डी में 24 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। वह पांच-पांच मैच खेलने के बाद जम्मू-कश्मीर (20 अंक) से आगे रहा। जम्मू में आबिद मुश्ताक की शानदार गेंदबाजी के दम पर जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद को 281 रन से हराया। हैदराबाद की टीम 472 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 190 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर आबिद ने 68 रन देकर सात विकेट लिए। चौथे दिन सुबह मैच जल्दी खत्म हो गया जब हैदराबाद ने 5.2 ओवर में अपनी दूसरी पारी के बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए और इस दौरान सिर्फ़ 21 रन जोड़े। हैदराबाद ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 169 रन से की थी। जम्मू कश्मीर की यह तीसरी जीत थी जिससे उसे छह अंक मिले। वहीं दूसरी ओर युवा बल्लेबाज हुआन ड्रे प्रिटोरियस के शानदार शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ए ने तीसरे अनधिकृत वनडे में भारत ए को 73 रन से हराकर श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने से बचाया। भारत ए ने पहले दोनों मैच जीते थे। प्रिटोरियस (98 गेंद में 123 रन) के अलावा सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी (130 गेंद में 107 रन) ने भी शतक लगाया और दोनों ने 241 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवरों में छह विकेट पर 325 रन तक पहुंचाया। भारत के लिये हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और खलील अहमद ने दो दो विकेट लिये। जवाब में भारत ए टीम 49 .1 ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। भारत ए के लिये सिर्फ आयुष बडोनी 66 गेंद में 66 रन बना सके। ईशान किशन ने 67 गेंद में 53 रन बनाये जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। एक समय भारत ए के चार विकेट 82 रन पर गिर चुके थे। इसके बाद ईशान 88 रन की साझेदारी निभाने के बाद एन पीटर की गेंद पर आउट हो गए। पीटर ने 48 रन देकर चार विकेट लिये। भारत ए ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये और फिर मैच में लौट नहीं सकी। वहीं दूसरी ओर भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई के कप्तान शारदुल ठाकुर ने बुधवार को कहा कि घरेलू सत्र के दौरान लाल गेंद के मैचों के बीच कुछ सीमित ओवरों के मैच खेलने से खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तरोताजा रहने में मदद मिलती है। शारदुल ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा कार्यक्रम की भी सराहना की जो लगातार दूसरे सत्र में दो चरण में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने पहले इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम की आलोचना की थी जिसमें मैचों के बीच केवल तीन दिन का अंतराल होता था।

### भूत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने गोवा को हराया

राजकोट। बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत ने दूसरी पारी में सात विकेट चटकाये जिसकी मदद से सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में गोवा को एक पारी और 47 रन से हराया। भूत ने मैच में 127 रन देकर नौ विकेट चटकाये। उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से सौराष्ट्र ने फॉलोआन खेल रहे गोवा को 54 . 5 ओवर में 180 रन पर आउट कर दिया। दूसरी पारी में दो विकेट पर 77 रन से आगे खेलते हुए गोवा की टीम भूत की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। कप्तान जयदेव उनादकट ने दो और धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाया। अर्जुन तेंदुलकर (13) भूत का आखिरी शिकार बने जो पगबाधा आउट हुए। सलामी बल्लेबाज मंथन कुमार (36), पहली पारी में शतक बनाने वाले अभिनव तेजराणा (34) और कप्तान स्नेहल कौथानकर (25) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन लंबी पारी नहीं खेल सके।

# अभिनव, प्रांजलि ने एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण




तोक्यो। अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बुधवार को यहां बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। इस तरह भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं। अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। अभिनव और प्रांजलि ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू से ही अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी और अपने प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में खुद के ही बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी। भारतीय जोड़ी ने कुल मिलाकर 569 का स्कोर बनाया जिसमें अभिनव ने 287 और प्रांजलि ने 582 अंक का योगदान दिया। इन दोनों ने क्वालीफिकेशन में भी पहला स्थान हासिल किया था। अभिनव और प्रांजलि ने सोमवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक भी जीते थे।

महिला व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुद्र विनोद कुमार की दूसरी भारतीय जोड़ी 553 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रही। ईरान की महला सामी और बिजन गफ़ारी ने यूक्रेन की सोफिया ओलेनिच और ऑलेक्ज़ेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। माहित संधू और नताशा जोशी गुरुवार को 50 मीटर थ्री पोजीशन महिला स्पर्धा में भाग लेंगी। माहित पहले ही 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीत चुके हैं।

# फ्रांस को हराकर बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

एजेंसी

बोलोग्ना (इटली)। जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा। बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। वहीं दूसरी ओर दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पांच भारतीय



एजेंसी

सिडनी। लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया।

कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा। मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया।

राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अनुभवी किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए।

# हरमनप्रीत कौर का ब्रांड पोर्टफोलियो बढ़ा

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्व कप जीतने के बाद विभिन्न ब्रांड भारतीय महिला क्रिकेटरों में भी दिलचस्पी दिखाने लग गए हैं। इन खिलाड़ियों में कप्तान हरमनप्रीत कौर भी शामिल हैं, जिनके विज्ञापन पोर्टफोलियो में आने वाले महीनों में तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में नादिन डी क्लार्क का कैच लेकर भारत को दक्षिण अफ्रीका पर जीत दिलाने वाली हरमनप्रीत विश्व कप से पहले आठ से ज़्यादा ब्रांड से जुड़ी थीं लेकिन उनकी मैनेजर नूपुर कश्यप ने बताया कि अब यह बदलाव आ रहा है।

कश्यप ने पीटीआई से कहा विश्व कप से पहले हरमनप्रीत आठ दस ब्रांड से जुड़ी थी लेकिन विश्व कप के बाद उनकी कीमत और ब्रांड की संख्या में तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। गैर-खेल पारंपरिक क्षेत्र के ब्रांड उनसे संपर्क कर रहे हैं और उनके साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। कश्यप ने कहा कि 2017 का फाइनल भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन आठ साल बाद खिताबी जीत ने खेल की लोकप्रियता और ब्रांड की रुचि को दूसरे स्तर पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा खिलाड़ियों की बिजनेस मैनेजर होने के कारण मैंने देखा है।

# अफगानिस्तान ने भारत बी को हराया

एजेंसी



बेंगलुरु। अफगानिस्तान ने बुधवार को यहां अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच में भारत बी को 71 रन से हरा दिया। भारत बी ने नमन पुष्पक (45 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान को 45.2 ओवर में 168 रन पर समेट दिया। भारत की ओर से इशान सूद ने भी 24 रन पर दो विकेट चटकाए।

अफगानिस्तान की तरफ से फैजल शिनोजादा (58 रन, 76 गेंद, सात चौके) ने अर्धशतक जड़ा जबकि अजीजुल्लाह मेखिल ने 42 रन की उम्दा पारी खेली जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इसके जवाब में भारत बी की टीम सलामी बल्लेबाज युवराज गोहिल की 80 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 60 रन की पारी के बावजूद 29.3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। युवराज के अलावा भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया। अफगानिस्तान की ओर से अब्दुल अजीज ने 36 रन देकर छह विकेट चटकाए जबकि सलाम खान (18 रन पर दो विकेट) और वहीदुल्लाह जादरान (12 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस जीत से अफगानिस्तान की टीम के भारत ए के समान चार अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह शीर्ष पर है।

### उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बनायी बढ़त

कोयंबटूर। टी20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने बुधवार को यहां प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन बुधवार को यहां तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए। तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला।

उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। निचले क्रम में शिवम मावी ने भी 54 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है।

# स्पेन, बेल्जियम व स्कॉटलैंड ने विश्व कप में बनायी जगह

एजेंसी



ग्लासगो। स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की।

मंगलवार को यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे डेनमार्क को 4-2 से पराजित करके शीर्ष स्थान हासिल किया। डेनमार्क को ग्रुप सी का विजेता बनने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। ऑस्ट्रिया ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान हासिल करके 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप में वापसी की, जबकि बेल्जियम ने लिचटेंस्टाइन को 7-0 से हराया।

स्विट्जरलैंड ने कोसोवो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मिकेल ओयारज़ाबल ने 62वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जिससे स्पेन ने घरेलू मैदान पर तुर्किए के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस तरह स्पेन का यूरोप में अजेय रहने का सिलसिला 31 मैचों तक पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।

# भारत बन रहा जैविक खेती का वैश्विक केंद्र : मोदी



कोयंबटूर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है। मोदी ने यहां दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि युवा तेजी से कृषि को एक आधुनिक और व्यापक अवसर के रूप में पहचान रहे हैं और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने यहां आगमन पर लोगों द्वारा गमछा लहराने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि बिहार की हवा उनसे पहले ही तमिलनाडु में आ गई है।

तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला राजग अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से मुकाबला करेगा। विपक्षी गठबंधन एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने नौ करोड़ किसानों को सहायता देने के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस किस्त की कुल राशि 18,000 करोड़ रुपये से अधिक है। मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक छोटे किसानों के बैंक खातों में सीधे चार लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं, जिससे वे विभिन्न कृषि जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत यह कहते हुए की कि प्राकृतिक खेती उनके दिल के बहुत करीब है। मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती का विस्तार 21वीं सदी की कृषि की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, बढ़ती मांग के कारण खेतों और कृषि से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में रसायनों के इस्तेमाल में तेजी से वृद्धि हुई है। मिट्टी की नमी प्रभावित हो रही है और साल दर साल खेती की लागत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि साथ ही जैविक खेती जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत का अपना स्वदेशी विचार है और यह देश की परंपराओं में निहित है तथा पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य प्राकृतिक खेती को पूरी तरह से विज्ञान समर्थित आंदोलन बनाना होना चाहिए। प्राकृतिक खेती एक स्वदेशी भारतीय अवधारणा है - कहीं और से आयातित नहीं है बल्कि परंपरा से जन्मी और पर्यावरण के साथ जुड़ी हुई है। भारत प्राकृतिक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि देश की जैव विविधता विकसित हो रही है और युवा अब कृषि को एक आधुनिक और व्यापक अवसर के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूरे कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है और सरकार ने कृषि के आधुनिकीकरण में किसानों की सहायता के लिए हरसंभव अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि अकेले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के माध्यम से ही इस वर्ष किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सात साल पहले पशुधन और मत्स्य पालन क्षेत्रों को केसीसी लाभों का विस्तार दिए जाने के बाद से, इन क्षेत्रों में कार्यरत लोग भी इसका व्यापक लाभ उठा रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान संरचना का पुनर्मूल्यांकन जरूरी : बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त राष्ट्र से संबंधित सुधारों की आवश्यकता पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि युद्ध, आतंकवाद, जलवायु संकट और डिजिटल चुनौतियों जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रहे विश्व में संवाद, सहयोग और समयबद्ध वैश्विक सुधार अनिवार्य हो गए हैं। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान संरचना के पुनर्मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया।

बिरला कहा कि भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम और संविधान में निहित शांति, सौहार्द और समता के सिद्धांत देश की वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत की सक्रिय भूमिका, 3,00,000 से अधिक शांति सैनिकों के योगदान और कोविड-19 महामारी के दौरान 150 से अधिक देशों को दी गई वैक्सीन सहायता का उल्लेख किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने लगातार ज़िम्मेदारी से वैश्विक सहयोग की भावना के साथ काम किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायपालिका के समक्ष पर्यावरणीय न्याय, सतत विकास, डिजिटल सुरक्षा और कृत्रिम मेधा (एआई) के नैतिक उपयोग जैसी उभरती चुनौतियों पर केन्द्रित यह सम्मेलन विश्व शांति, न्याय और स्थिरता को और सुदृढ़ करेगा।

## संक्षेप

### इंदिरा ने देश का कायाकल्प किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर कहा कि इंदिरा ने गरीबी, अभाव और असमानता को दूर करने के लिए समर्पित अपनी नीतियों से देश का कायाकल्प किया तथा उनकी उपलब्धियों को दुनिया भर में याद किया जाता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट को बुधवार को वर्ष 2024 का इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान किए जाने पर मौके पर यह टिप्पणी की। कांग्रेस से संबद्ध संस्था इंदिरा गांधी स्मारक न्यास द्वारा यह पुरस्कार दिया जाता है। सोनिया गांधी ने इंदिरा गांधी स्मारक न्यास की प्रमुख के तौर पर यह पुरस्कार प्रदान किया। सोनिया गांधी ने कहा कि यह पुरस्कार सामाजिक विकास, शांति, स्थिरता और कई अन्य उद्देश्यों के लिए काम करने वाली महिलाओं, पुरुषों और संस्थाओं को सम्मानित करके इंदिरा गांधी के अभूतपूर्व योगदान का स्मरण कराता है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्ष के समय में भी, ऐसे लोग होते हैं जो प्रगति, न्याय और मानव जाति के कल्याण के लिए लड़ते हैं। उनका कहना था कि भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने गरीबी, अभाव और असमानता को दूर करने के लिए समर्पित अपनी नीतियों से देश का कायाकल्प किया।

# भारत-इजराइल एफटीए की प्रगति की समीक्षा की संभावना



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस सप्ताह तेल अवीव की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

गोयल, इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां वे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसाय जगत के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। यह यात्रा 22 नवंबर को संपन्न होगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की भी समीक्षा की जा सकती है। भारत और इजराइल मई 2010 से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक आठ दौर की बातचीत हो चुकी है। दोनों देशों ने अक्टूबर 2021 में बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उस देश को भारत का निर्यात 2023-24 के 4.52 अरब डॉलर से 52 प्रतिशत घटकर 2.14 अरब डॉलर और आयात भी 26.2 प्रतिशत घटकर 1.48 अरब डॉलर रह गया। भारत, एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायन शामिल हैं, लेकिन हाल के वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों एवं चिकित्सकीय उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भी व्यापार में वृद्धि देखी गई है। भारत से इजराइल को प्रमुख निर्यात वाली वस्तुओं में मोती एवं कीमती पत्थर, मोटर वाहन डीजल, रासायनिक व खनिज उत्पाद, मशीनरी व विद्युत उपकरण, प्लास्टिक, वस्त्र, परिधान, आधार धातुएं तथा परिवहन उपकरण और कृषि उत्पाद शामिल हैं। गोयल, इजराइल के उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ भी बातचीत करेंगे। इजराइली समकक्ष के अलावा उनके कुछ अन्य मंत्रियों से भी मिलने की उम्मीद है। वह कृषि, अपशिष्ट जल उपचार, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट मोबिलिटी , बुनियादी ढांचे आदि जैसे क्षेत्रों की प्रमुख इजराइली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे और प्रमुख इजराइली निवेशकों के साथ बातचीत करेंगे। दोनों देशों ने सितंबर में एक द्विपक्षीय निवेश समझौते (बीआईए) पर हस्ताक्षर किए थे।

# कांग्रेस बोझ बनी और उसके सहयोगी दल डूब रहे : शिवराज



धमतरी (छत्तीसगढ़)। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह पार्टी बोझ बन गई है तथा इसके कारण उसके सहयोगी दल डूब रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त वितरित करने के लिए आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि मोदी सरकार में नक्सलवाद और आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हाल में हुए विस्फोट के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, आज कांग्रेस बोझ बन गई है। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ मिलाया और नतीजे देखिए। कांग्रेस एक ऐसा बोझ बन गई है कि जिसके साथ भी जुड़ती है, वह डूब जाती है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, वहां तबाही मच जाती है। चौहान ने कहा कि वह (गांधी) कौन से मुद्दे उठाते हैं? वह जनता के मुद्दे नहीं उठाते...राहुल गांधी ने एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) और मतदाता सूची का मुद्दा उठाया। उन्होंने मां का अपमान किया और बिहार ने उन्हें ऐसा तमाचा मारा कि अब वह सांस भी नहीं ले पा रहे और उठ भी नहीं पा रहे। विपक्षी इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन आंतरिक कलह का सामना कर रहा है तथा पार्टियां विखंडित और कमज़ोर हो रही हैं। उन्होंने कांग्रेस पर चुनावी फायदे के लिए देश में घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। क्या एसआईआर कोई मुद्दा था? मुझे बताइए, मतदाता सूची सही से बननी चाहिए या नहीं? अगर घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं, तो क्या उनके नाम हटाए जाने चाहिए या नहीं? वे बांग्लादेश से आए थे। यह देश है या धर्मशाला, जहां कोई भी जब चाहे आकर बस सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपना वोट बैंक बनाने के लिए लाखों घुसपैठियों को देश में घुसने देने का पाप किया है। भाजपा सरकार कहती रही है कि राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर छत्तीसगढ़ या देश के किसी भी अन्य हिस्से से घुसपैठियों को बाहर निकाल देगी।

# लेबनान में इजराइल के हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत, 11 जख्मी

सिडोन (लेबनान)। दक्षिणी लेबनान में बुधवार को एक कार पर इजराइली हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पास की बस में सवार छात्रों सहित 11 लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय और सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, दक्षिणी लेबनान के तिरी में फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर मंगलवार को हुए इजराइली हवाई हमले में 13 लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई घायल हो गए। एक साल पहले इजराइल-हिज्बुल्लाह के बीच हुए युद्धविराम के बाद से यह लेबनान पर सबसे घातक हमला था। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि बुधवार सुबह जिस कार पर हमला हुआ, उसके पास से छात्रों से भरी एक स्कूल बस गुज़र रही थी। घटना में बस चालक और कई छात्र घायल हो गए। कार में मरने वाले व्यक्ति की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इज़राइली सेना ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि ड्रोन हमले में तटीय शहर सिडोन के बाहरी इलाके में स्थित आइन अल-हिल्वेह शरणार्थी शिविर में एक मस्जिद की पार्किंग में खड़ी एक कार को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने मंगलवार रात कहा कि उसने हमास के एक प्रशिक्षण परिसर पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल इजराइल और उसकी सेना के खिलाफ हमले की तैयारी के लिए किया जा रहा था। उसने कहा कि इजराइली सेना हमास के खिलाफ कार्वाई जारी रखेगी, चाहे वह समूह कहीं भी सक्रिय हो। हमास ने हमले की निंदा की तथा इस बात से इनकार किया कि जिस खेल मैदान पर हमला हुआ।

# यूक्रेन में रूस के हमले में 10 लोगों की मौत बातचीत के लिए जेलेंस्की तुर्किये रवाना

कीव। यूक्रेन में मंगलवार रात रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में 10 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस पर दबाव बनाने के प्रयासों के तहत तुर्किये में वार्ता करने वाले हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, पश्चिमी यूक्रेन के शहर टेरनोपिल में नौ मंजिला दो अपार्टमेंट ब्लॉक पर रात में हमले हुए। हमले में कम से कम 37 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें 12 बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने रात भर 476 यूक्रेनी ठिकानों पर डिकॉय ड्रोन से हमले किये तथा विभिन्न प्रकार की 48 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर लिखा, आम जीवन के खिलाफ हर बेशर्म हमला यह दर्शाता है कि रूस पर (युद्ध रोकने के लिए) दबाव अपर्याप्त है। जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने और उनपर अधिक अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन से मुलाकात करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म : 120 बहादुर पैन इंडिया होगी रिलीज



मुंबई। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को 1962 में रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित फरहान अख्तर स्टारर फिल्म '120 बहादुर' को पैन इंडिया थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस शैल जैन की डिवीजन बेंच ने फिल्ममेकर की इस बात पर गौर किया कि युद्ध में लड़ने वाले सभी 120 सैनिकों

**दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अनुमति; फिल्म के रिलीज पर रोक के लिए दायर की गई थी याचिका**

के नाम फिल्म में क्रेडिट के तौर पर शामिल किए गए हैं। कोर्ट ने यह आदेश एक चैरिटबल ट्रस्ट- संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा, उसके ट्रस्टी और शहीदों के परिजनों द्वारा दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिया। याचिका में ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर फिल्म को दिए गए सीबीएफसी सर्टिफिकेट को चुनौती दी गई थी। याचिका में फिल्म के नाम को भ्रामक बता 120 बहादुर से बदलकर 120 वीर अहीर करने की मांग की गई थी। साथ ही तथ्यात्मक सुधार, फिल्म में 120 सैनिकों के नाम शामिल करने के साथ एक सही डिस्क्लेमर भी जोड़ने की भी मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान, याचिकाकताओं के वकील ने कहा कि हालांकि वह इस समय फिल्म का नाम बदलने की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिल्म में सभी 120 सैनिकों के नाम जोड़े जाने चाहिए। जवाब में प्रोड्यूसर के वकील ने कोर्ट को बताया कि सभी 120 वीर जवानों के नामों को इलेस्ट्रेशन के जरिए फिल्म के अंत में श्रद्धांजलि के रूप में पहले ही शामिल किया गया है।

इस प्रकार, कोर्ट ने 21 नवंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म के नाम को बदलने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने संगठन को निर्देश दिया कि वो फिल्म देखें और सुनिश्चित करें कि सभी 120 सैनिकों के नाम फिल्म में मौजूद हैं। अगर किसी प्रकार के सुधार या एडिटिंग की जरूरत हो, तो प्रोड्यूसर को यह बदलाव डळळ रिलीज के लिए करना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ओटीटी संस्करण में भी केवल सैनिकों के नाम और उनकी संबंधित रेजिमेंट का सही उल्लेख किया जाएगा। फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी को दिखाया गया है, जिन्हें 1962 में रेजांग ला की लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह भाटी की भूमिका निभा रहे हैं।

# सुष्मिता सेन भारत की पहली मिस यूनिवर्स

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन का फिल्मी करियर भले ही उतार-चढ़ाव से भरा रहा हो, लेकिन उन्होंने अपनी जिंदगी में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की, जो उनसे पहले किसी और भारतीय महिला के हिस्से में नहीं आई थी। सुष्मिता सेन पहली भारतीय एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया। लेकिन रास्ता उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि उनका फिल्मी परिवार से कोई ताल्लुक नहीं था और एक्टिंग में अनुभव भी नहीं था। इसके चलते उनकी पहली ही फिल्म 'दस्तक' की शूटिंग के दौरान उन्हें डांट भी पड़ी थी। हालांकि, जब सुष्मिता ने हिंदी सिनेमा में मुकाम हासिल कर लिया, तब उन्होंने अपनी शर्तों पर काम करना शुरू किया।

# डायरेक्टर एसएस राजामौली पर एफआईआर दर्ज



मुंबई। फिल्म डायरेक्टर एसएस राजामौली पर धार्मिक भावनाओं का अपमान करने को लेकर केस दर्ज हुआ है। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने डायरेक्टर के खिलाफ दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि एसएस राजामौली ने भगवान हनुमान पर

**'वाराणसी' के लॉन्च में भगवान हनुमान पर की थी टिप्पणी**

अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे हिंदू समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। विष्णु गुप्ता ने दिल्ली पुलिस से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि राजामौली की टिप्पणी से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। साथ ही, सामाजिक और सामुदायिक सद्भाव में भी खलल पड़ सकता है।

उन्होंने पुलिस से अपील की है कि वो इस मामले में तुरंत कार्रवाई करें और आगे ऐसा ना हो इसके लिए कड़े नियम लागू करें।

# 2025 मिस यूनिवर्स फिर विवादों में




मुंबई। थाइलैंड में आयोजित हो रही मिस यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता लगातार विवादों में हैं। फिनाले से ठीक 3 दिन पहले प्रतियोगिता के जज ओमार हारफूश ने इस्तीफा देते हुए ऑगेनाइजर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जज कमेटी बनाए जाने से पहले ही ऑगेनाइजर्स द्वारा टॉप-30 का सिलेक्शन अनऑफिशियल तरीके से किया जा चुका है। टॉप-30 में उन कंटेस्टेंट्स को जगह दी जा रही है, जिनके ऑगेनाइजर्स से पर्सनल रिलेशनशिप हैं। विवाद बढ़ने पर अब ऑगेनाइजर्स ने प्रेस नोट जारी कर सफाई दी है। हालांकि ओमर हारफूश ने बताया है कि वो जल्द ही इसके खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे। ओमर हारफूश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिस यूनिवर्स 2025 के ऑगेनाइजर्स पर आरोप लगाते हुए लिखा, 'यह सामने आया है कि आधिकारिक जूरी के पहुंचने से पहले टॉप 30 प्रतियोगियों को तय करने के लिए एक गुप्त और अवैध वोटिंग की गई। यह वोटिंग उन व्यक्तियों द्वारा की गई, जिन्हें आधिकारिक जजिंग पैनल के सदस्य के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है, जिनमें से कम से कम एक व्यक्ति का एक कंटेस्टेंट के साथ निजी रोमांटिक संबंध है। यह तथ्य एक स्पष्ट और गंभीर हितों का टकराव है और संभावित रूप से साठगांठ तथा एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हेराफेरी की श्रेणी में आ सकता है।' आगे उन्होंने लिखा, 'मुझे गुमराह किया गया और मेरा इस्तेमाल सिलेक्शन प्रोसेस को विश्वसनीयता देने के लिए किया गया।

**जज ने कंटेस्टेंट्स-टीम के अफेयर और फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com